WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 24 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 251 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नई दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिन्हें अभूतपूर्व मुख्यमंत्री कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, ने मतदाताओं को प्रलोभन परोसने के मामले में सबको पछाड़ दिया है। उन्होंने महिलाओं को इक्कीस सौ रूपये मासिक देने तथा बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का सूत्रपात करते हुए उनका पंजीयन शुरू कर दिया है। दलित छात्रों के लिए डॉ. आम्बेडकर स्कॉलरशिप की भी घोषणा कर दी है। फ्री रेवड़ी कल्चर के जनक आम आदमी पार्टी की इस मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं की काट निकालना अन्य दलों के लिए आसान नहीं होगा। उन्हें और ज्यादा दरियादिली दिखानी होगी तभी बात बनेगी।

सीएम साय ने निवेशकों को दिया न्योता, छग निवेश के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य

■ नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में मुख्यमंत्री ने निवेशकों से किया संवाद

रायपुर/नव प्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 15184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश के लिए असीम

संभावनाओं वाला राज्य है। हमारी नई औद्योगिक नीति उद्योगों को कर, भूमि, और बिजली में छूट के साथ-साथ सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देती है। यह नीति न केवल उद्योगों की स्थापना, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस्तर क्षेत्र में निवेश पर विशेष प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर की स्टील इकाइयों और अन्य उद्योगों को बड़ी राहत दी गई है। आयरन ओर पर 50% और कोयले पर 100% रॉयल्टी की छूट का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, उद्योगों द्वारा चुकाए गए रॉयल्टी और राज्य को मिलने वाले सेस की प्रतिपूर्ति 15 वर्षों तक की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम नियानार में 118 एकड़ भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान किया

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा सचिवालय ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर को शुरू हुआ था और 20 दिसम्बर को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

आप ने की शाह को गृह मंत्री पद से हटाने की मांग

अजमेर (वार्ता)। राजस्थान में आम आदमी पार्टी (आप) की अजमेर इकाई की ओर से जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी पर स्वतःसंज्ञान लेकर उन्हें गृहमंत्री पद से 'बर्खास्त् करने की मांग की है । आप पार्टी अनुसूचित जाति इकाई के प्रदेश अध्यक्ष पंकज जटिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता अजमेर में जयपुर रोड स्थित डाक बंगला पर एकत्रित हुए और यहां से बाबा साहेब के समर्थन और अमित शाह के विरोध में नारेबाजी करते हुये जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा गया।

ट्रंप ने फीनबर्ग को उपरक्षा मंत्री चुना

वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उप रक्षा मंत्री के पद के लिए अमेरिकी अरबपति स्टीफन फीनबर्ग को नियुक्ति करने की घोषणा की है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ' पर सोमवार को कहा, स्टीफन फीनबर्ग उप रक्षा मंत्री के रूप में काम करेंगे और पेंटागन (रक्षा मंत्रालय) को फिर से और मजबूत बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सेर्बेरस कैपिटल मैनेजमेंट के संस्थापक एवं प्रमुख फीनबर्ग ने पहले ट्रंप प्रशासन के दौरान खुफिया सलाहकार समूह का नेतृत्व किया था।

शादी के बंधन में बंधीं पीवी सिंधू

उदयपुर(ए.)। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू शादी के बंधन में बंध गई हैं। रविवार को उदयपुर में उन्होंने मंगेतर वेंकट दत्ता साई से शादी रचाई। पारंपरिक शादी के परिधान में दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे थे। इस जोड़े ने अपने परिवारों और करीबी लोगों की उपस्थिति में एक-दूसरे के साथ सात जन्म तक साथ रहने की कसमें खाईं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सिंधू की शादी की तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा- रविवार शाम उदयपुर में वेंकट दत्ता साई के साथ हमारे बैडमिंटन चैंपियन ओलंपियन पीवी सिंधू के विवाह समारोह में शामिल होकर खुशी हुई।

शेख हसीना को बांग्लादेश भेजे भारतः यूनुस

ढाका (ए.)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के बीच पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। इस दौरान हुए विरोध प्रदर्शन में कई लोग घायल हुए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुताबिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक नोट भेजा है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार को एक नोट वर्बल (राजनयिक संदेश) भेजा है।

अगले चुनाव में जदयू को 20 सीट भी नहीं मिलेगी : प्रशांत

पटना (वार्ता) । जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में चल रही खींचतान पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि जनता दल यूनाईटेड (जदयू), राजग के साथ लड़े या महागठबंधन के साथ, अगले चुनाव में उन्हें 20 सीटें भी नहीं मिलेंगी।

सरकार की नीतियों और निर्णयों का पीएम ने बताया व्यापक असर

देश में रोजगार-स्वरोजगार के बन रहे नए अवसर: पीएम मोदी

■ पीएम मोदी ने 71,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और निर्णयों से देश में रोजगार तथा स्वरोजगार के नए मौके बन रहे हैं और भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

मोदी ने रोजगार मेले के अवसर पर वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से 71,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नव नियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वह हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है।

नयी शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए देश दशकों से एक आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की जरूरत महसूस कर

रहा था। उन्होंने कहा, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। आज हमारी सरकार की नीतियों और निर्णयों से ग्रामीण भारत में भी रोजगार और स्वरोजगार के नए मौके बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला है, उन्हें अपने मन का काम करने के लिए मौका मिला है। महिला सशक्तीकरण को उनकी सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली चुनाव : बड़े नेताओं को उतारने की तैयारी में बीजेपी, इसी हफ्ते पहली लिस्ट

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश की सभी 70 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। वहीं, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) भी अब उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप देने में जुटी है। बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक इसी हफ्ते होने की संभावना है और माना जा रहा है कि इस बैठक में मुहर लगने के बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी इसी हफ्ते आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो दिल्ली की सत्ता से 26 साल का वनवास समाप्त कराने की कोशिश में जुटी बीजेपी इस बार दिल्ली विजय के लिए एमपी फॉर्मूला आजमा सकती है। बीजेपी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में उन सीटों से उम्मीदवारों का ऐलान किया जा सकता है जिन्हें पार्टी के लिए मुश्किल माना जाता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की सीट नई दिल्ली, मुख्यमंत्री आतिशी की सीट कालकाजी से उम्मीदवार का ऐलान पहली ही लिस्ट में किया जा सकता है. इसके अलावा बीजेपी अपने कुछ पूर्व सांसदों को भी विधानसभा चुनाव के रण में उतार सकती है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

परभणी हिंसा पर बोले राहुल गांधी

सोमनाथ की हत्या इसलिए हुई क्योंकि वो दलित थे

मुंबई (ए.)। 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित इस शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसके बाद परभणी में हिंसा भड़क उठी थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद राहुल ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। इसके अलावा राहुल विजय वाकोडे के परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। सोमनाथ सूर्यवंशी की इस महीने की शुरुआत में महाराष्ट्र के परभणी शहर में हुई हिंसा के बाद न्यायिक हिरासत में मृत्यु हो गई थी। 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर

की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद परभणी में हिंसा भड़क गई थी। परभणी के शंकर नगर निवासी सूर्यवंशी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 50 से अधिक लोगों में शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें 15 दिसंबर को सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने परभणी हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने हाल ही में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खालिस्तानी आतंकवाद के तराई कनेक्शन से बढ़ी हलचल

खीरी में अलर्ट हुईं खुफिया एजेंसियां

लखीमपुर खीरी (ए.)। खालिस्तानी आतंकवाद का तराई कनेक्शन सामने आने के बाद एक बार फिर लखीमपुर खीरी में हलचल बढ़ गई है। सोमवार सुबह पड़ोसी जिला पीलीभीत के पूरनपुर में पंजाब के रहने वाले तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद जिले में खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। पिछले सात-आठ वर्षों में खालिस्तान आतंकवाद के तराई कनेक्शन की बातें सामने आती रही हैं।

90 के दशक के अंत में जब तराई इलाके से खालिस्तानी आतंकवाद का करीब-करीब सफाई हो गया था। उसके बाद करीब सात साल पहले 18 सितंबर 2017 को यहां दोबारा उसी आतंक की दस्तक हुई थी, जब यूपी एटीएस और पंजाब पुलिस की टीम ने खीरी जिले से प्रतिबंध आतंकी संगठन बब्बर खालसा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया था। यह दोनों हरप्रीत उर्फ टोनी और सतनाम सिंह खीरी जिले के निवासी थे।

आतंकी चौड़ा का भी कनेक्शन

पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई थी कि यह दोनों लंबे समय से यूपी के तराई इलाके से लेकर पंजाब तक बब्बर खालसा के स्लीपिंग मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे थे। हालांकि इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद यहां मामला शांत रहा, लेकिन अभी कुछ दिन पहले ही यहां पंजाब के आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा का कनेक्शन भी सामने आया था। दरअसल पंजाब में आतंकवादी चौड़ा ने पुलिस रिमांड में यह बयान दिया था कि उसने खीरी जिले के नेपाल बॉर्डर से सटे क्षेत्र में हथियार छिपा कर रखे हैं। इसके बाद पंजाब पुलिस द्वारा आतंकवादी चौड़ा को यहां लाए जाने को लेकर दो-तीन दिनों तक काफी हलचल रही थी। अब पीलीभीत में मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों के मारे जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा से सेट क्षेत्र में सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

शिक्षा मंत्रालय का बड़ा फैसला: नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म

केंद्र ने आरटीई नियमों में किया संशोधन

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने शिक्षा के अधिकार नियम, 2010 में संशोधन किया है, इसके तहत राज्यों को कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए नियमित परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दी गई है, साथ ही अगर वे फेल हो जाते हैं तो उन्हें रोकने का विकल्प भी दिया गया है। यह संशोधन आरटीए अधिनियम में 2019 के संशोधन के पांच साल बाद आया है, जिसमें नो-डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया गया था।

केंद्र सरकार ने बच्चों के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार नियम, 2010 में आधिकारिक रूप से संशोधन किया है, जिससे राज्य सरकारों को कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए नियमित परीक्षा आयोजित करने की शक्ति मिल गई है, जिसमें असफल होने पर उन्हें रोकने का प्रावधान है। यह कदम लंबे समय से चली आ रही नो-डिटेंशन नीति से अलग है, जो 2009 में आरटीई अधिनियम के लागू होने के बाद से भारत के शैक्षिक ढांचे की आधारशिला रही थी। संशोधित नियमों के तहत, राज्य सरकारें अब कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के अंत में वार्षिक परीक्षा आयोजित करने के लिए अधिकृत हैं अगर छात्र फिर भी पदोन्नति के मानदंडों को पूरा करने में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धान चोर कहकर रातभर बेदम पिटाई, युवक की मौत

■ पिता ने लगाया गंभीर आरोप, सूचना देने पर भी नहीं पहुंची पुलिस

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के ग्राम सिरसिदा में युवक की धान चोरी करने वाले का दोस्त कह कर दबंग दंपती ने युवक को रातभर बेदम पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने गांव के ही पुरुष और महिला पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। मृतक का नाम कार्तिक पटेल, उम्र 19 वर्ष ग्राम सिरसिदा निवासी है।

मृतक के पिता तुलसी राम पटेल

ने कहा कि कुरूद पुलिस को सूचना देने के बाद भी गांव नहीं पहुंची। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में शव को लाया गया है। इस मामले में कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। बताया जा रहा कि सिरसिदा में भीखम साहू के घर से धान की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में पांच दिवसीय संत समागम

■ बेमेतरा में 31 दिसंबर से जुटेंगे लाखों कबीरपंथी

बेमेतरा /नवप्रदेश । बेमेतरा के लोलेसरा गांव में संत समागम 31 दिसंबर से शुरू हो रहा है। जहां देशभर से लाखों की संख्या में कबीरपंथी शामिल होंगे। इससे पहले खाद्य मंत्री ने तैयारियों का जायजा लिया। समय से पहले कार्य करने के दिए निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय बेमेतरा से पांच किमी दूर लोलेसरा गांव में कबीरपंथ के वंश गुरु पंथ श्री उग्रनाम साहेब की स्मृति में संत समागम समारोह का आयोजन किया जाना है। कबीर पंथ से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्थल लोलेसरा में 31 दिसंबर से चार जनवरी तक चारदिवसीय संत समागम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

बड़ी सफलता... *6 राज्यों पर प्रभाकर राव का था दबदबा, शीर्ष नक्सली लीडरों के बेहद करीबी*

25 लाख का इनामी माओवादी प्रभाकर राव गिरफ्तार

■ विभिन्न हमले का मास्टर माइंड रहा था, 40 सालों से संगठन में सक्रिय

कांकेर/नवप्रदेश। विगत कुछ दिनों से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर राव की गतिविधि जिला कांकेर क्षेत्र में परिलक्षित होने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा उक्त आसूचना पर तस्दीकी की जा रही थी। इस दौरान 22 दिसंबर को जिला कांकेर के थाना अंतागढ़ क्षेत्रान्तर्गत पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी कार्यवाही में प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य सहित कई अन्य राज्यों में गिरफ्तार शीर्ष नक्सली प्रभाकर राव के विरूद्ध दर्जनों अपराध पंजीबद्ध है। सीनियर माओवादी

884 माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी

गिरफ्तारी के बाद पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर सुन्दरराज पी.ने यह बताया कि बस्तर संभाग अंतर्गत माओवादियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के सिलसिले में वर्ष 2024 में अब तक कुल 884 माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी की जाकर उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव की गिरफ्तारी नक्सल विरोधी अभियान की दृष्टिकोण से पुलिस बल को प्राप्त एक महत्वपूर्ण सफलता है।

लीडर की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही हैं।

आईजी के मार्गदर्शन में चला अभियान : पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के. ऐलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ जयप्रकाश बढ़ई के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना अंतागढ़ द्वारा उत्तर बस्तर क्षेत्र की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शीर्ष लीडरों का बेहद करीबी

25 रुपए लाख का इनामी माओवादी प्रभाकर राव पर इंचार्ज, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ के शीर्ष माओवादी लीडरों का बेहद करीबी सहयोगी माना जाता था। इतना ही नहीं प्रभाकर सीसीएम सचिव गणपति का चचेरा भाई है। सीसीएम सचिव बसवा राजू, सीसीएम के.रामचंद्र रेड्डी उर्फ राजू, देवजी उर्फ कुमा दादा, कोसा, सोनू, मल्लाराजा रेडड़ी उर्फ संग्राम से करीबी संबंध है।

नक्सलियों ने अपने ही साथी को उतारा मौत के घाट

बस्तर में नक्सलियों ने अपने ही साथी की हत्या कर दी। हालांकि अब तक मामले की अधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना से परिजन दहशत में है। नक्सलियों ने गुफापारा में सामनाथ कश्यप की हत्या की है. घटना को अंजाम देने दर्जनभर हथियारबंद नक्सली पहुंचे थे। सामनाथ नक्सलियों के संगठन में लंबे समय से जुड़ा हुआ था। नक्सली कमेटी में जनताना सरकार का अध्यक्ष था।

जन अदालत लगाकर दो ग्रामीणों की हत्या

बीजापुर जिले में नक्सली आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। नक्सलियों ने एक बार फिर दो आदिवासी ग्रामीणों की जनअदालत लगाकर हत्या कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गंगालुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरचोली में शनिवार को नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर आदिवासी युवक कमलू पोटाम व एक अन्य आदिवासी ग्रामीण की हत्या कर दी है।

इस हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं घटना की खबर परिजनों ने नक्सलियों के भय से पुलिस को नहीं दी है। जानकारी मिली है कि परिजनों ने रविवार को ही मृतकों के अंतिम संस्कार भी कर दिए थे।

सावधान! न्यू ईयर से पहले हांड़ कंपाएगी ठंड, दिल्ली समेत 7 राज्यों में ओलावृष्टि के आसार

नई दिल्ली। भारत मौसम विभाग (IMD) ने ताजा बुलेटिन में कहा है कि नया साल शुरू होने से पहले ठंड उत्तर भारत में हांड़ कंपकपाने जा रही है। IMD ने कहा है कि इसी हफ्ते 26 दिसंबर (गुरुवार) से एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों में बड़े पैमाने पर असर डालने जा रही है। इसकी वजह से 28 दिसंबर तक अरब सागर के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी से उच्च नमी प्राप्त होगी और 27 से 29 दिसंबर के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा और बर्फबारी होने की संभावना है। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप और बढ़ सकता है।

IMD ने कहा है कि 27 और 28 दिसंबर को उत्तरी भारत के मैदानी इलाकों और पहाड़ों पर मौसम खराब रह सकता है और 27 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़-दिल्ली समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज के साथ ओलावृष्टि के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 दिसंबर को उत्तर-पश्चिम भारत और आसपास के मध्य भारत के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ छिटपुट से लेकर अच्छी बारिश होने की भी संभावना है। ढ्ढरूष्ठ ने 26-28 दिसंबर के बीच महाराष्ट्र और गुजरात में भी बारिश के आसार जताए हैं। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में 23-26 दिसंबर के बीच शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति रहने के आसार हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद के अलग-अलग इलाकों में 24-26 दिसंबर तक शीत लहर की स्थिति रहने का अनुमान है।

इस बीच, कश्मीर घाटी में सर्दी का सितम जारी है। मौसम विभाग के

मुताबिक, सोमवार को पूरे घाटी में तीव्र शीतलहर की स्थिति बनी रही और पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे रहा। ढ्ढरूष्ठ सोमवार को भी पर्यटकों को कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में सड़कों पर बर्फकी स्थिति और शून्य से नीचे तापमान के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी है। कश्मीर में शून्य से नीचे के तापमान के कारण जलापूर्ति लाइन में पानी जम चुका है, जबकि कई जलाशयों की सतह पर बर्फ की पतली परत जम गई रहै। कश्मीर के प्रवेशद्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पंपोर क्षेत्र का कोनीबल शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा।

बर्फ की सफेद चादर से ढंकी शिमला

उधर, हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सोमवार को एक बार फिर से बर्फ की चादर से ढंक गई। बर्फबारी की खबर से जहां पर्यटक खासे उत्साहित हैं वहीं पर्यटन उद्योग से जुड़े स्थानीय लोगों और किसानों के चेहरों पर भी खुशी की अलग ही चमक देखी जा सकती है। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बर्फबारी से स्थानीय लोगों को पर्यटकों के बड़ी संख्या में यहां आने और किसानों को सेब की बढ़िया फसल होने की उम्मीद बंधी है।

■ न्यूज गैलरी

असम में छह बांग्लादेशी युवक पकड़े, सीमा पार भेजे

दिसपुर। असम पुलिस ने अवैध रूप से राज्य में प्रवेश कर रहे छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा। उनको वापस भेज दिया गया। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि अवैध रूप से घुसपैठ करने वालों का असम में कोई स्थान नहीं है। सख्त निगरानी के चलते घुसपैठ का प्रयास कर रहे छह बांग्लादेशियों को असम पुलिस ने पकड़ा। उनको वापस सीमा पार भेज दिया गया। इसमें मुस्तफिजुर रहमान, कब्बो क्रूज, एमडी लेलिन मिया, सिराजुल इस्लाम, सैफुल इस्लाम और मुख्तार हुसैन शामिल है।

दिल्ली हाईकोर्ट से पूजा खेडकर को बड़ा झटका

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूजा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पर सिविल सेवा परीक्षा में कथित धोखाधड़ी और ओबीसी-दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का केस दर्ज है। पूजा खेडकर पर दिल्ली पुलिस की तरफसे आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अवैध रूप से ओबीसी और दिव्यांगता कोटा लाभ का दावा करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति चंदर धारी सिंह की पीठ ने 27 नवंबर, 2024 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इस बीच, अदालत ने अंतिम निर्णय होने तक खेडकर को दी गई अंतरिम सुरक्षा बढ़ा दी है। खेडकर ने अधिवक्ता बीना माधवन के माध्यम से कहा कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं और उन्होंने प्रस्तुत किया कि हिरासत में पूछताछ आवश्यक नहीं है।

विपक्षी दलों ने केंद्र पर हमला बोला, कांग्रेस, आप ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठाया सवाल

केंद्र सरकार ने चुनाव के कई नियमों में किए बदलाव

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने चुनाव के कई नियमों में बदलाव कर दिए हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे गए कागजात या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 में संशोधन किया है।

इसे लेकर अब विपक्षी दलों ने केंद्र पर हमला बोला है। जहां कांग्रेस ने चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को लेकर सवाल उठाया है, वहीं लेफ्ट से लेकर आम आदमी पार्टी ने भी केंद्र के इस फैसले को कठघरे में खड़ा कर दिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद मामले में कई सवाल उठने लगे हैं। मसलन- आखिर चुनाव आयोग ने किन नियमों को बदला है और अब किन दस्तावेजों को सार्वजनिक निरीक्षण के लिए नहीं रखा जाएगा? इसके अलावा इन नियमों को किस आधार पर बदला गया? सरकार ने चुनाव

से जुड़े इन नियमों को बदलने का क्या हवाला दिया है?

सरकार ने किन नियमों को बदला है और इसका क्या असर होने वाला है?

चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 अनुबंधों के मुताबिक, चुनाव से संबंधित सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे जाएंगे। यानी ये सार्वजनिक स्तर पर उपलब्ध होंगे। अब केंद्र सरकार ने इस नियम में संशोधन किया है। इसके तहत अब नियम 93 की शब्दावली में कागजातों के बाद जैसा कि इन नियमों में निर्दिष्ट है शब्द जोड़े गए हैं।

चुनाव आयोग से मशवरे के बाद केंद्रीय कानून और विधि मंत्रालय की तरफ से किएगए बदलावों के बाद अब चुनाव संबंधी सभी दस्तावेजों को सार्वजनिक निरीक्षण के लिए नहीं रखा जाएगा। अब आम जनता सिर्फ उन्हीं चुनाव संबंधी दस्तावेजों को देख सकेगी, जिनका जिक्र चुनाव कराने से जुड़े नियमों में पहले से तय होगा। चूंकि नामांकन फार्म, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, परिणाम और चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का जिक्र चुनाव संचालन नियमों में किया गया है, इसलिए इन्हें सार्वजनिक निरीक्षण के लिए बरकरार रखा जाएगा। हालांकि, आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज चुनाव संचालन नियमों के दायरे में नहीं आते हैं। ऐसे में यह दस्तावेज जनता की पहुंच से दूर हो जाएंगे।

क्या है हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़ा मामला, जिसके बाद नियमों में हुआ बदलाव?

1. वकील ने चुनाव आयोग से मांगी थे प्रक्रिया से जुड़े वीडियो-फुटेज

रिपोर्ट्स की मानें तो चुनाव आयोग का यह फैसला पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के हाल ही में दिए गए एक फैसले के बाद आया है। दरअसल, 9 दिसंबर को हाईकोर्ट ने ईसी को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां वकील महमूद प्राचा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। प्राचा ने चुनाव संचालन से संबंधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी।

2. चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट में किया था याचिका का विरोध

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में ही चुनाव आयोग ने वकील की इस याचिका का विरोध किया था। ईसी ने कहा था कि चूंकि महमूद प्राचा खुद अक्तूबर में हुए विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं थे, इसलिए उनकी तरफ से चुनाव से जुड़े इन दस्तावेजों की मांग नहीं की जा सकती।

राजनयिक संबंध बहाल करने का फैसला लिया

तालिबान सरकार को एक और सऊदी अरब से मिली मान्यता

नई दिल्ली। दुनियाभर के देशों से मान्यता लेने की कोशिश कर रही अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। सऊदी अरब सरकार ने तीन साल बाद काबुल के साथ एक बार फिर से राजनयिक संबंध बहाल करने का फैसला लिया है। इस फैसले के बारे में रियाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जानकारी दी।

सऊदी अरब सरकार के इस फैसले का अफगान विदेश मंत्रालय ने भी स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद ने कहा कि हमें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच में इन गतिविधियों के माध्यम से संबंध और बहाल होंगे और दोनों देशों के बीच में सहयोग की भावना भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि रियाद के इस कदम से हम सऊदी अरब में रहने वाले अफगानों की समस्याओं का भी जवाब देने में सक्षम होंगे। इससे पहले अपने इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए रियाद सरकार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाईचारे वाले हमारे अफगान लोगों को सभी सेवाएं देने के उद्देश्य से सऊदी अरब सरकार 22 दिसंबर से काबुल में अपना दूतावास फिर से शुरू कर देगा। हालांकि सऊदी विदेश मंत्रालय ने अभी तक दूतावास के प्रतिनिधित्व के स्तर पर कोई जवाब नहीं दिया।

15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान में सरकार के गिरने और तालिबान के सत्ता में आने के बाद से सऊदी अरब समेत कई देशों की सरकारों ने अफगानिस्तान से अपने राजनयिक वापस बुला लिए थे। तालिबान ने उस समय सभी देशों को भरोसा दिलाने की कोशिश की थी कि वह पहले वाला तालिबान नहीं है बल्कि नया तालिबान है। लेकिन देशों ने अफगानिस्तान की अस्थिर स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों को वहां रखना ठीक नहीं समझा और उन्हें वापस बुला लिया।

महाराष्ट्र में विभाग बंटे पर नहीं खत्म हुई टेंशन, अब प्रभारी मंत्री बनने पर रार

मुंबई। महाराष्ट्र में चुनाव परिणाम के बाद से ही महायुति गठबंधन के नेताओं में रार की खबरें सामने आती रही हैं। हालांकि राज्य में सरकार का गठन हो भी हो गया और एकनाथ शिंदे ने देवेंद्र फड़णवीस के मुख्यमंत्री के तौर पर भी स्वीकार कर लिया। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले 39 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई और अब उनके विभागों का बंटवारा भी हो गया है। सीएम फड़णवीस ऊर्जा, कानून एवं न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन विभाग और सूचना एवं प्रचार विभाग भी संभालेंगे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शहरी विकास, आवास और लोक निर्माण विभाग (सार्वजनिक उद्यम) आवंटित किया गया है। वहीं अजित पवार को वित्त एवं योजना और राज्य उत्पाद शुल्क विभाग मिला है। विभागों के आवंटन को लेकर खींचतान के बाद अब प्रभारी मंत्री बनने को लेकर तनातनी देखने को मिल रही है। दरअसल प्रभारी मंत्री

को जिले के विकास का जिम्मा दिया जाता है। जिला विकास और योजना का फंड भी उसके नियंत्रण में रहता है।

शिव सेना के मंत्री भारत गोगावाले और संजय शिरसाट ने पहले ही रायगढ़ और छत्रपति संभाजीनगर जिलों पर दावा ठोक दिया है। वहीं एसीपी और बीजेपी की नजर भी इन जिलों पर है। फड़णवीस की सरकार में 42 मंत्री बनाए गए हैं लेकिन 12 जिले ऐसे भी हैं जहां से कोई मंत्री नहीं बना है। वहीं कुछ जिलों से कई विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। ऐसे में उनके बीच अब डिस्ट्रिक्ट गार्जियन बनने की होड़ लगी है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में भी गार्जयन मिनिस्टर को ही मुख्य अतिथि बनाया जाता है। शिवसेना के मंत्री शंभुराज देसाई का दावा है कि ना तो पोर्टफोलियो को लेकर कोई तनाव था और ना ही गार्जियन मिनिस्टर को लेकर कोई खींचतान है। राज्य में बीजेपी चीफ चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सरकार इस तरह के किसी भी विवाद को संभालने में सक्षम है। बता दें कि मुंबई से शिवसेना और एनसीपी का कोई भी मंत्री नहीं है। ऐसे में उम्मीद है कि बीजेपी के आशीष सेलार को प्रभारी मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं शिवसेना चाहती है कि कम से कम एक मंत्री को मुंबई में गार्जियन बनाया जाए।

ट्रम्प और पुतिन परमाणु क्षेत्र में आपसी प्रतिबंधों पर चर्चा करेंगे

मॉस्को (वार्ता)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच आगामी सीधी बातचीत के दौरान परमाणु क्षेत्र में दोनों देशों के बीच आपसी प्रतिबंधों के विकल्पों पर चर्चा की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन (एसीए) के कार्यकारी निदेशक डेरिल किमबॉल ने 'आरआईए नोवोस्ती' को यह जानकारी दी।

प्रियंका ने परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी को लेकर उठाया सवाल, बोली-लोगों के सपनों को बनाया आय का स्रोत

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी लगाने को लेकर सोमवार को भाजपा पर हमला बोला और कहा कि सरकार ने उन अभिभावकों के सपनों को आय का स्रोत बना दिया है, जिन्होंने अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए पाई-पाई बचायी थी। कांग्रेस महासचिव ने कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट, सुल्तानपुर का एक परीक्षा फॉर्म साझा किया, जिसमें दिखाया गया था कि वहां 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर

हिंदी में लिखे पोस्ट में कहा, ÷भाजपा युवाओं को नौकरी तो नहीं दे सकती, लेकिन परीक्षा फॉर्म पर 18त्न फीसदी जीएसटी लगाकर जख्मों पर नमक जरूर छिड़क रही है। अग्निवीर समेत हर सरकारी नौकरी के फॉर्म पर जीएसटी लगाया जा रहा है।"

उन्होंने कहा, "फॉर्म भरने के बाद अगर सरकार की विफलता या भ्रष्टाचार के कारण पेपर लीक हो जाता है तो युवाओं का पैसा बर्बाद हो जाता है।"

प्रियंका गांधी ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाने और परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जान कुर्बान कर देते हैं और एक-एक पैसा बचाते हैं, लेकिन भाजपा सरकार ने उनके सपनों को आय का स्रोत बना दिया है।

'नाटक करने के बजाय हमेशा आंबेडकर का अपमान करने के लिए माफी मांगे कांग्रेस'

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ झूठा अभियान चलाने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि कांग्रेस को शाह के खिलाफऐसे नाटक (ड्रामा) करने के बजाय हमेशा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने शाह की हालिया राज्यसभा में की गई एक टिप्पणी का गलत इस्तेमाल किया, ताकि वह अपना राजनीतिक हित साध सके।

देशभर में रैली करेंगे आंबेडकर

शाह ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान आंबेडकर पर बयान दिया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शाह ने आंबेडकर का अपमान किया। इसके विरोध मं कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान सप्ताह शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता देशभर में रैली और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे, ताकि आंबेडकर के योगदान को याद किया जा सके।

भाजपा का पलटवार

इस आरोप के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आंबेडकर का अपमान किया है और अब वह उनके योगदान को याद करने का नाटक कर रही है। प्रसाद ने कहा, कांग्रेस को आंबेडकर के अपमान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। यह पार्टी पहले आंबेडकर के अपमान के लिए माफी मांगे, फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस करे। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग अब काफी समझदार हो गए हैं और कांग्रेस का यह प्रयास सफल नहीं होगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शाह ने अपने भाषण में आंबेडकर का अपमान किया। लेकिन भाजपा का कहना है कि शाह ने ऐसा कुछ नहीं कहा था। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति करने के लिए आंबेडकर का नाम उछाल रही है। जबकि उसने आंबेडकर को जीवनभर में कभी सही सम्मान नहीं दिया।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ... | डीएमके सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर परीक्षा तिथियों में तत्काल बदलाव का आग्रह किया

क्या यूजीसी नेट परीक्षा की तारीखों में होगा संशोधन? बदलाव के लिए उठ रही मांग

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) यूजीसी नेट दिसंबर की परीक्षा (UGC NET December E&am) का आयोजन 3 से 16 जनवरी, 2025 तक करने वाली है। इसी बीच 15 और 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा की तारीखों में बदलाव की मांग उठ रही है। डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने तमिलनाडु की सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति असंवेदनशीलता का हवाला देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया है। सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस संबंध में जानकारी दी है।

डीएमके सांसद ने लिखा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लिखे पत्र में डीएमके सांसद ने कहा कि 15 और 16 जनवरी को पोंगल त्योहार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पोंगल केवल एक त्योहार नहीं है। यह तमिल गौरव और पहचान का उत्सव है। यह सुनिश्चित करने की मांग की कि किसी भी छात्र को अपनी शिक्षा

और अपनी परंपरा के बीच चयन करने के लिए मजबूर न किया जाए। एक्स पर उन्होंने कहा कि मैंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर यूजीसी नेट की परीक्षा तिथियों में तत्काल बदलाव का आग्रह किया है, जो 15 और 16 जनवरी को पोंगल के दिन निर्धारित की गई है। दिसंबर सत्र की यूजीसी नेट परीक्षा की अवधि 180 मिनट होगी। परीक्षा 85 विषयों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षण (CBT) मोड में आयोजित की जाएगी। पेपर में दो खंड शामिल होंगे। दोनों खंडों में वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और पेपर के बीच कोई समय अंतराल नहीं होगा।

15 और 16 जनवरी को होनी है ये परीक्षाएं- यूजीसी नेट की 15 जनवरी को पहली पाली (सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक) में संस्कृत, जनसंचार और पत्रकारिता, जापानी, प्रदर्शन कला - नृत्य/नाटक/रंगमंच, इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान, महिला अध्ययन, कानून और नेपाली विषय की परीक्षा होनी है, जबकि दूसरी पाली (दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक) में भारतीय ज्ञान प्रणाली, मलयालम, उर्दू, श्रम कल्याण/कार्मिक प्रबंधन/औद्योगिक संबंध/श्रम और सामाजिक कल्याण/मानव संसाधन प्रबंधन, अपराध विज्ञान, आदिवासी और क्षेत्रीय भाषा/साहित्य, लोक साहित्य, कोंकणी और पर्यावरण विज्ञान विषय की परीक्षा होनी है।

16 जनवरी 2025 को पहली पाली (सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक) में समाजशास्त्र, फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन और सिंधी की परीक्षा होगी। दूसरी पाली (दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक) में लाइब्रेरी साइंस, पॉलिटिक्स एंड इंटरनेशनल स्टडीज, ह्यूमन राइट्स, , हिंदू स्टडीज, डोगरी, स्पेनिश, कंपेरेटिव स्टडी ऑफ रिलिजन, फिलॉसफी और कश्मीरी की परीक्षा होगी।

जल्द आएगा यूजीसी नेट एडमिट कार्ड

एनटीए एग्जाम सिटी इंटीमेशन स्लिप (UGC NET E&am City Slip) एग्जाम शुरू होने से 8 दिन पहले यूजीसी नेट की वेबसाइट पर जारी करेगा। वहीं एडमिट कार्ड परीक्षा से केवल चार दिन पहले डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। उम्मीदवार ध्यान रखें कि यह स्लिप एडमिट कार्ड का स्थान नहीं ले सकती और परीक्षा के लिए आपको एडमिट कार्ड के साथ एक ओरिजिनल पहचान पत्र भी लेकर जाना अनिवार्य होगा।

जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए निर्देश

पीएम आवास निर्माण में आई तेजी, इस साल जिले में 50 हजार से अधिक आवास का लक्ष्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अब प्रधानमंत्री आवास का निर्माण में काफी तेजी आई है और शासन के गाइड लाइन के अनुसार हितग्राहियों को बजट जारी की गई है। साथ ही इस साल 6 हजार आवास प्लस हितग्राहियों का मकान बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने तथा नवीन स्वीकृत आवासो का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने सीईओ जिला पंचायत द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला पंचायत बिलासपुर में सीईओ जिला पंचायत द्वारा पीएमएवाईजी, एमएमएवाईजी एवं पीएम जनमन अंतर्गत स्वीकृत आवासो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित कर योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा ली साथ ही योजना की प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में जिला पंचायत से जिला समन्वयक (आवास) एवम् सहायक अभियंता (आवास) साथ ही आवास एवं नरेगा के जनपद स्तरीय टीम सहित ईई एसडीओ आरईएस एवं समस्त उप अभियंता तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। शेष बचे आवासो का पंजीयन एवं स्वीकृति कार्य प्रक्रियाधीन है। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत द्वारा विभिन्न मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई जसमे, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास विभाग, प्राधिकरण मद, गौण खनिज मद, जिला खनिज न्यास मद, जिला एवं जनपद विकास निधि, 15 वे वित्त मद के तहत कार्यों को जल्द पूरा कराये जाने निर्देशित किया गया। संबंधित अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ द्वारा निर्देश दिया गया कि आवास के कार्य को प्रमुखता से समय पर पूरा करवाएं। साथ ही समीक्षा बैठक में आवास प्लस के हितग्राहियों के स्वीकृति को भी बताया गया कि इस साल 2024-25 में 6 हजार लोगों का आवास स्वीकृत हुआ है।

पूर्व वर्षों में स्वीकृत आवास लगभग पूर्ण

जिले में वर्तमान में कुल 2016-23 तक पुराने वित्तीय वर्षों में 59,123 आवास स्वीकृत हुए थे जिसमें 54,997 आवास पूर्ण हो चुके है जबकि 4,126 आवास निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50,640 का लक्ष्य जिला बिलासपुर को प्राप्त हुआ है जिसमें 42,313 आवासों की स्वीकृति की जा चुकी है । शासन से बजट स्वीकृत होने के बाद सभी हितग्राहियों के खाते में राशि जमा कर दी गई है और हितग्राही शासन के गाइड लाइन के अनुसार आवास खुद बनवा रहे हैं। हालांकि कुछ माह पहले बजट की समस्या थी, लेकिन अब आवास का निर्माण जोरों से चल रहा है।

6 हजार आवास प्लस मकान स्वीकृत

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव होने के बाद आवास निर्माण में काफी तेजी आई है। जिले में सबसे पीछे चल रहे कोटा विकासखंड में भी लगभग स्वीकृत आवास पूरे हो गए हैं। दो कमरे कच्चे के और आवास प्लस मकान के हितग्राहियों का अभी जिले में करीब 6 हजार मकान स्वीकृति हुई है। शासन से प्राप्त बजट के अनुसार आबंटित की जाएगी। जिले में सभी जगह प्रधानमंत्री आवास का कार्य तेजी से चल रही है।

न्यूज गैलरी

रासेयो ने शिविर में जल संरक्षण का दिया संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना डीपी विप्र विधि महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे स्वयंसेवकों ने संगठन में रहकर समाजसेवा के गुण सीखे साथ ही लोगों को प्रकृति तथा जल संरक्षण का संदेश भी दिया। यह विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी टी आर पटेल तथा सुभा वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। शिविर में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों को दल में विभाजित कर कार्य सौंपे गए फिर सभी दल के सदस्यों ने अपने अपने कार्य को बड़ी ही सूझबूझ के साथ संपादित किया। इस अवसर पर अमन दिनकर, भूमिका साहू, स्वाति, कलावती, बुधराम, सूरज, रूपेंद्र, प्रभु प्रेमपाल, रंजिता, अंजली, उर्वशी, लक्ष्मी, ममता, बलराम, अरुण, उषा, शांति, ख्याति, अनुराधा, सीमा अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन समिति अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, प्राचार्य डॉ एबी सोनी, प्रो शाहजी थॉमस, प्रो सुषमा तिवारी, प्रो संतोष ठाकुर, प्रो धर्मेंद्र शर्मा, डॉ प्रमोद शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

सहकारी समितियों को प्रति बारदाना करना पड़ रहा है 25 रुपए का भुगतान

धान खरीदी केंद्रों में मिलर्स कर रहे हैं कटे-फटे बारदानों की सप्लाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। अनिश्चितकालीन हड़ताल से वापस आने के बाद मिलर्स कस्टम मीलिंग कार्य में जुट गए हैं, लेकिन धान खरीदी करने जो बारदाना मिलर्स द्वारा सहकारी समितियों में दी जा रही है उसमें अधिकांश कटे-फटे और अनुपयोगी है जिसका खामियाजा सहकारी समितियों को भुगतना पड़ रहा है और एक बारदाने का करीब 25 रुपए शासन को देना पड़ रहा है।

समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू होते ही भ्रष्टाचार भी शुरू हो जाता है शान द्वारा इस साल 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदाना में धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया था और करीब डेढ़ माह पूर्व समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरुआत हुई है। मिलरों द्वारा पुराने बारदाना सहकारी समितियां में भेजा जा रहा है जिसमें से अधिकांश कटे फटे हैं ऐसे में उसकी भरपाई सेवा सहकारी समितियां को करना पड़ रहा है। बार-बार सहकारी समिति के कर्मचारियों द्वारा मिलरों को बोला जा रहा है कि साफ सुथरा बारदाना दें। उसके बाद भी मिलर्स द्वारा अनुपयोगी बारदाना समितियों में दी जा रही है।

उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति

समर्थन मूल्य में धान खरीदी करीब डेढ़ माह पहले शुरु हुई है और शासन ने दावा किया था कि समय रहते उठाव निश्चित रुप से कर लिया जाएगा, लेकिन अभी भी कई उपार्जन केंद्रों में सैकड़ों क्विंटल धान उठाव के इंतजार में है। सबसे अधिक बिल्हा और मस्तूरी विकासखंड में धान जाम है। हालांकि उठाव के लिए शासन द्वारा डीओ और टीओ दोनों जारी की जा रही है, फिर भी कई उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति है।

> खरीफ वर्ष 2024-25 में शासन ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने के लिए जो गाइड लाइन तय किए हैं उसके अनुसार बारदाने की आपूर्ति की जा रही है। यदि किसी उपार्जन केंद्र में अनुपयोगी बारदाने पहुंच रहे हैं तो बारदाना प्राप्त करने की पावती उपलब्ध न कराएं।
>
> **बलवीर सिंह**
> अध्यक्ष जिला मिलर्स संघ

शासकीय वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स अनिवार्य: कलेक्टर

■ सुशासन सप्ताह में तेजी से करें निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक टीएल बैठक में आज लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम जनदर्शन, पीएम पोर्टल सहित लंबित सभी मामलों का निराकरण 25 दिसम्बर तक करने के निर्देश दिए। सुशासन सप्ताह का इस दिन समापन भी होगा। उन्होंने प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। मामलों में विलम्ब नहीं किया जाये। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि हर शासकीय वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स अनिवार्य रूप से होने चाहिए ताकि छोटी दुर्घटनाओं में मौके पर ही प्राथमिक इलाज हो सके। रेड क्रास सोसायटी द्वारा सभी जरूरी दवाईयों से युक्त एक बॉक्स तैयार किया गया है। मात्र 1 हजार में 20 प्रकार की दवाईयां युक्त बॉक्स उपलब्ध है। उन्होंने टीएल बैठक में कुछ अधिकारियों को बॉक्स भी वितरित किए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के ईई ने बताया कि अधिकारियों के ठहरने के लिए कोनी में ट्रांजिट हॉस्टल पूर्ण हो चुका है। आवंटन के लिए तैयार है। कलेक्टर ने इच्छुक अधिकारियों से आवेदन करने के निर्देश दिए। इनमें अलग-अलग प्रकार के 44 कमरे हैं। बैठक में डीएफओ सत्यदेव शर्मा, निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समिति प्रबंधक की शिकायत, दिव्यांग ने की निःशुल्क पास की मांग

■ जनदर्शन में आम लोगों ने रखी समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज बड़ी संख्या में दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी गई। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे ने फरियाद सुनी और उनके निराकरण के निर्देश दिए। लिदरी ग्राम के दिव्यांग बुधुराम बंजारे ने निजी बस संचालकों के खिलाफ शिकायत की। उन्होंने शासन द्वारा जारी निःशुल्क बस यात्रा पास का पालन कराये जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वे स्वयं लोकोमोटर दिव्यांगता से ग्रसित हैं। आरटीओ द्वारा उन्हें निःशुल्क यात्रा के लिए पास भी जारी किया गया है। लेकिन निजी बस संचालक इसे मान्यता नहीं देते। श्री दुबे ने आरटीओ को उनका आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तखतपुर के आदिवासी सेवा सहकारी समिति जूनापारा के प्रबंधक के विरूद्ध हेराफेरी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

ग्राम पाली के आदिवासी किसान मोतीलाल ने ज्ञापन में बताया कि जूनापारा में उनकी कृषि भूमि है। मेरी भूमि का ऑपरेटर पंजीयन कराकर उसमें धान बेच रहा है। इसकी जानकारी मुझे नहीं है। खाता भी किसी दूसरे का दर्ज करा रखा है। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम तखतपुर को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन में नांगा बैगा जनशक्ति संगठन ने भी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पीव्हीटीजी वर्ग के बारहवीं पास 9 युवक एवं युवतियों की सूची सौंपकर उन्हें तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में सीधी नियुक्ति दिए जाने की मांग की। श्री दुबे ने आवश्यक कार्रवाई के लिए उनका आवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सौंपकर कार्रवाई के निर्देश दिए। तखतपुर के ग्राम पंचायत उड़ेला के सरपंच एवं उप सरपंच तथा कुछ पंचों के विरूद्ध गोठान की शासकीय भूमि पर कब्जा किये जाने की शिकायत की गई। तखतपुर एसडीएम को उन सभी के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

परसाही में दो दिनों का राउत बाजार 29 से

सीपत/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र के परसाही (धनियां) का दो दिवसीय राउत बाजार 29 दिसंबर से आयोजित किया गया है, जिसमें सिनेमा, झूला, होटल, मनिहारी सामान आदि की दुकानें लगेंगी। ओम गोस्वामी ने बताया कि बाहर से आने वाले दुकानों के लिए व्यवस्थित तरीके से जगह बनाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहेंगे।

सुशासन सप्ताह में मेधावी छात्रों का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। देवरीखुर्द के वार्ड क्रमांक 42 चंद्र शेखर आजाद नगर में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष बी.पी. सिंह उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन वार्ड के बरखदान स्थित प्राइमरी स्कूल के रंगमंच पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बी.पी. सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा, ÷आप सभी हमारे समाज का भविष्य हैं। आपकी मेहनत और समर्पण से ही हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।÷ उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के महत्व पर बल दिया और उन्हें उच्च लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीपी सिंह सहित युगल किशोर झा, राजेश शेंडे, रवि बरगाह दिलीप कश्यप, करण साहू, तुलसी केवट, एसपी सिंह, जय शंकर पाण्डेय,सीता राम साहू संतोषी भोई, इंद्राणी साहू, पूजा चौहान,रेखा वाकड़े, रंजीता मोनू गुप्ता, शंभू दास मानिकपुरी प्रेम कोल, मनोज चक्रधारी, किशन देवांगन, गोपी चौहान, प्राथमिक विद्यालय की प्रिंसिपल अर्चना मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

गरीब और जरूरतमंदों के लिए उठे मददगारों के हाथ

खुले आसमान के नीचे ठंड से ठिठुरते लोगों को मिला सहारा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में बीते एक सप्ताह से ठंड में तेजी आई है। हालांकि बदली की वजह से एक-दो दिनों से दिन में गर्मी महसूस हो रही है। बावजूद इसके गरीब और जरूरतमंदों को ठंड में परेशान ना होना पड़े, इसकी चिंता अलग-अलग क्षेत्र के समाज सेवी संगठनों में होने लगी है। यही वजह है कि वह सभी ऐसे जरूरतमंदों, वंचितों की मदद के लिए सामने आने लगे हैं। बिलासपुर जकात फाउंडेशन और अंजुमन-ए-अशरफिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने भी पीड़ितों की चिंता करते हुए रविवार की रात को शहर के गरीब,यतीम, जरूरतमंदों की मदद के लिए सड़क पर उतर आया। लोगों को बड़ी संख्या में ट्रस्ट के जिम्मेदारों के द्वारा नए कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। मुख्य रूप से राजकिशोर नगर,कुष्ठ रोगों से पीड़ित परिवारों, रेलवे स्टेशन के बाहर और रेलवे परिक्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों साथ-साथ शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर गरीबों को कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। मुख्य रूप से इस कार्य में संस्था के सरपरस्त जनाब निसार खान साहब,जकात फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद सरफराज (पाशा), जनाब गौस मोहम्मद साहब, हाजी आमिर खान साहब, एम एन रिजवान, सैय्यद रज्जाक अली, सैयद इमरान अशरफी, यासीन कुरैशी, महफूज खान, शेख रफीक ने इस कार्य में अपना योगदान दिया। समय-समय पर बिलासपुर जकात फाउंडेशन के द्वारा असहाय गरीब बच्चों को तालीम के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी फीस भी जकात फाउंडेशन के द्वारा ही दी जाती है। इसके अलावा समय समय पर जरूरतमंद और गरीब तबके के लोगों के लिए जकात फाउंडेशन और अंजुमन-ए-अशरफिया चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार कार्य करती रहती है।

शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार तिवारी खनिज जांच चौकी लावर द्वारा 22 दिसंबर को थाना उपस्थित आकर 22 दिसंबर को रात्रि समय 12.45 बजे खनिज जांच चौकी लावर मस्तुरी में रंजित काटले निवासी रिस्दा आकर कर्मचारियो को अश्लील गाली गलौच एवं जान से मारने की धमकी देने के साथ साथ खनिज जांच चौकी लावर में तोड़ फोड़ करने की रिपोर्ट पर थाना मस्तूरी में अपराध धारा 221, 296,351(2), 324(4) बीएनएस सदर कायम कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी रंजित काटले को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत 22 दिसंबर को ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

प्रशासन गांव की ओर...

सुशासन सप्ताह पर जिला स्तरीय कार्यशाला अधिकारियों को उपयोगी टिप्स भी दिए

सुशासन से ही होगी प्रगति, देश आगे बढ़ेगा: ठाकुर राम सिंह

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुशासन सप्ताह हमें सुशासन के महत्व की याद दिलाता है। सुशासन से हमारा तात्पर्य है एक ऐसी व्यवस्था जो न्यायापूर्ण, पारदर्शी और जवाबदेह हो। हमें सुशासन को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। सुशासन किसी भी देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। उक्त बातें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं जिले के पूर्व कलेक्टर ठाकुर रामसिंह ने सुशासन सप्ताह पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कही। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन गांव की ओर थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

उन्होंने इस दौरान अधिकारियों से अपने प्रशासनिक कार्यकाल का लंबा अनुभव साझा किया। अधिकारियों को उपयोगी टिप्स भी दिए। कार्यशाला में कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने जिले की महत्वपूर्ण उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकुर रामसिहं ने सुशासन के सिद्धांत जैसे पारदर्शिता, जवाबदेहिता, नेतृत्व क्षमता और न्यायपूर्णता पर अपने विचार रखें। कलेक्टर ने ठाकुर रामसिंह की प्रशासनिक कुशलता के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में उन्होंने प्रशासनिक बारीकियां सीखी। कार्यशाला में विभागों द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की प्रस्तुति भी दी गई।

वनांचलों में बाइक एम्बुलेंस से स्वास्थ्य सेवा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे नवाचार बाईक एम्बुलेंस जानकारी दी गई। बताया गया कि कोटा के सुदुर वनांचलों में बाईक एम्बुलेंस के जरिए 5 हजार से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा पीएम जनमन योजना में हासिल की गई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार अन्य विभागों द्वारा भी योजनाओं में प्रगति से अवगत कराया। कार्यशाला में वनमण्डला अधिकारी सत्यदेव शर्मा, सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी, शिव कुमार बनर्जी सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

सुविचार

अपनों से कभी इतनी दूरी न बढ़ाएं कि उनके घर का दरवाजा खुला हो फिर भी आपको खटखटाना पड़े। - अज्ञात

आम्बेडकर के सम्मान में कांग्रेस का मार्च

संसद के शीताकलीन सत्र में संविधान पर विशेष चर्चा के दौरान राज्यसभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ ऑम्बेडकर के बारे में दिये गये बयान को लेकर घमासान जारी है। संसद सत्र के समाप्त होने के बाद अब कांग्रेस पार्टी ने डॉ आम्बेडकर के सम्मान में पूरे देश में मार्च निकालने का फैसला लिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खुखेड़ा ने इसकी जानकारी देते हुए एक बार फिर गृह मंत्री अमित शाह पर डॉ ऑम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी संविधान निर्माता का अपमान सहन नहीं करेगी और उनके सम्मान में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। देश के डेढ़ प्रमुख शहरों में कांग्रेस के नेता पत्रकार वार्ता लेकर गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करेंगे और केन्द्र सरकार द्वारा संविधान पर किये जा रहे हमलों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे और 24 दिसंबर को देश के सभी जिला मुख्यलयों में बाबा साहेब आम्बेडकर सम्मान यात्रा निकालकर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जायेगा। इस बीच महाराष्ट्र के परभणी शहर में असमाजिक तत्व द्वारा डॉ ऑम्बेडकर की प्रतिमा के पास रखी संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना के बाद वहां हिंसा भड़क गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना को भी कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने परभणी का दौरा किया है। कुल मिलाकर डॉ आम्बेडकर के मुद्दे को लेकर पहले सदन में लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी अब सड़क की लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है। वह इस मुद्दे को हाथ से जाने नहीं देना चाहती। दरअसल भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को कटघरे में खड़ा करने का उसे यह सुनहरा अवसर मिला है इसलिए वह इसे भुनाने की पूरी कोशिश करेगी। इधर भाजपा ने भी कांग्रेस के इस आंदोलन की काट में पूरे देश में कांग्रेस की करतूतों को उजागर करने का फैसला ले लिया है। भाजपा के नेता और कार्येकर्ता देशभर में घूम घूम कर लोगों को यह बताएंगे कि कांग्रेस पार्टी ने कैसे संविधान निर्माता डॉ ऑम्बेडकर का अपमान किया था और उनकी उपेक्षा की थी। लोकसभा में संविधाान के 75 साल पूरे होने पर संविधान पर विशेष चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तथा राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ ऑम्बेडकर के प्रति कांग्रेस के अपमानकारी और उपेक्षित रवैया का जो खुलासा किये था उसे भाजपा कार्यकर्ता अब घर घर पहुंचाएंगे इस तरह डॉ ऑम्बेडकर को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच यह लड़ाई अभी और आगे चलेगी। इस बारे में बहुजन समाजपार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। डॉ ऑम्बेडकर के बारे में गृह मंत्री अमित शाह के बयान को उन्होंने अपमानकारी बताया है साथ ही कांग्रेस को भी निशाने पर लिया है उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कभी डॉ ऑम्बेडकर का सम्मान नहीं किया है वह उनके नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है। इधर नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस मुद्दे को लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा किया है और खुद को डॉ ऑम्बेडकर का सच्चा अनुयायी बताया है। उन्होंने दलित छात्रों के लिए डॉ ऑम्बेडकर स्कॉलरशिप देने की घोषणा कर दी है। दरअसल फिलहाल नई दिल्ली में ही विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं जहां आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है वहां के दलित मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ही तीनों पार्टियों के बीच डॉ ऑम्बेडकर को लेकर घमासान हो रहा है इससे किस पार्टी को कितना राजनीतिक लाभ मिल पायेगा यह तो आने वाला वक्त ही बेहतर बताएगा।

महाविकास अघाड़ी में मतभेद गहराए

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद महाविकास अघाड़ी में मतभेद लगातार गहराते जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान ही कांग्रेस पार्टी और उद्धव ठाकरे की पार्टी के बीच विवाद शुरू हो गया था जो इस गठबंधन की करारी हार के बाद और बढ़ रहा है। दोनों ही पार्टी के नेता एक दूसरे पर चुनाव में सहयोग न करने का आरोप लगाते रहे हैं। अब स्थिति यह है कि महाविकास अघाड़ी में दरार पड़ने के स्पष्ट संकेत मिलने लगे हैं। शिव सेना यूबीटी के नेता राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने यह संकेत दिया है कि उनकी पार्टी मुंबई नगर निगम का चुनाव अकेले लड़ सकती है। उनका कहना है कि पार्टी के कार्यकर्ता लगातार यह मांग कर रहे है कि बीएमसी चुनाव में शिवसेना यूबीटी को अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ना चाहिए क्योंकि इस चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या लोकसभा और विधानसभा चुनाव से कहीं ज्यादा है। इसलिए पार्टी कार्यकर्ता यह चाहते है कि बीएमसी चुनाव अकेले लड़ना चाहिए। गौरतलब है कि बीएमसी में 1997वें से 2022 तक शिवसेना का ही कब्जा रहा है। बीएमसी में शिवसेना बड़ी ताकत बनी रही है। अब भले ही शिवसेना विभाजित हो गई है लेकिन उद्धव गुट के नेता और कार्यकर्ता यह मानकर चल रहे हैं कि अकेले चुनाव लड़ने से शिवसेना यूबीटी को लाभ होगा। यदि शिवसेना यूबीटी एकला चलो रे की नीति पर चलती है तो जाहिर है महाविकास अघाड़ी टूट जाएगी। ऐसी स्थिति में शरद पवार की पार्टी भी तथा कांग्रेस भी बीएमसी चुनाव में अपने प्रत्याशी घोषित करेंगी। और ऐसे में बीएसी चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। और इसका फायदा महायुति गठबंधन को मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। देखना होगा कि महाविकास अघाड़ी एक जुट रहती है या उसमें फूट पड़ती है।

संसद की गरिमा तार-तार बारम्बार! गर्राएं सांसदों द्वारा

राजीव खंडेलवाल

भीड़-भाड़ में महिला पुरूष का साथ खड़े रहना एक स्वभाविक प्रक्रिया है। संसद में महिला-पुरूष सांसद साथ-साथ जाते है, खड़े होते है नारे बाजी करते हैं। प्रश्न यह क्यों न खड़ा किया जाए कि क्या रामरहीम-आशाराम के समान व्यक्ति उक्त सांसद महिला के बाजू में खड़े होने का प्रयास कर महिला को असहज कर रहे थे? क्या राहुल गांधी इस श्रेणी में आते है? ''तिल का ताड़'' तो सुना है, परन्तु यहां तो 'तिल' का ही पता नहीं है। उपसंहार। जब सदन में स्वस्थ्य बहस कर मुद्दों की राजनीति नहीं हो पाती है, तब सदन व परिसर को ही ''सड़क'' बनाकर प्रदर्शन कर, सड़क छाप राजनीति की जा रही है। इस देश के लोकतंत्र का यह ''क्रूरतम सच'' है। खासकर तब संसद में जब संविधान के ''75 वर्षो की गौरवशाली यात्रा'' पर चर्चा चल रही थी।

संसद परिसर में ''मकड़ द्वार'' पर धक्का-मुक्की होकर, नारेबाजी, गाली गलौज, अश्लील शब्दों से आगे बढ़कर तीन सांसदों (दो भाजपा, एक कांग्रेस) को शारीरिक चोट पहुंची, वह वास्तव में लोकतंत्र की ''आत्मा पर चोट'' है। इस देश में ''विधायिका'' के सदनों व परिसरों में उनकी गरिमा, अस्मिता पहली बार तार-तार नहीं हुई है, बल्कि यह सिलसिला काफी समय से चला आ रहा है। परन्तु अभी जो कुछ जिस तरीके से संसद की गरिमा व अस्मिता खंड-खंड हुई, शायद यह पूर्व की शर्मनाक घटनाओं से अलग-थलग होकर निम्नतर है।

कुछ बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध वर्ग, मीडिया का एक वर्ग, जो अपने को ''आलोचक'' कहलाने में गर्व महसूस करता है, और आम जनता की एक बहुत ही अल्प संख्या, संसद की गरिमा तार-तार होते देख चिंतित होकर चिंता व्यक्त कर रही है। अन्यथा आम जनता पर इस घटना का अथवा इस तरह की पूर्व में हुई घटना का कोई प्रभाव उनके मन-मस्क्रि में पड़ता हो, पड़ा हो, ऐसा लगता नहीं है। अन्यथा जनता के क्रोध व दबाव होने पर इस तरह की घटना बारम्बार नहीं होती। क्या देश में इस तरह की घटनाओं के आधिक्य के कारण उन घटनाओं के प्रति-क्रिया 'शून्य' हो गई है या इन घटनाओं के हम इतने आदी हो गया है कि, हमारे दिल-दिमाग की तरंगों की घटनाओं की तरंगों से गहरा मेल मिलाप हो जाने के कारण 'प्रतिक्रिया' उत्पन्न ही नहीं होती है? यह एक बड़ा प्रश्न है।

पक्ष-विपक्ष कौन जिम्मेदार?

प्रश्न यह नहीं है कि उक्त घटना से संसद की गरिमा को तार-तार करने वाला पक्ष है अथवा विपक्ष है। मुद्दा यह भी नहीं है कि अस्मिता तार-तार हुई है। बल्कि मुद्दा यह है कि जो अस्मिता तार तार हुई, उसको ''महसूस कौन'' कर रहा है? उसके लिए पश्चाताप कौन कर रहा है, शर्मिंदा कौन है? चाहे गलती या घटना को अंजाम किसी ने भी दिया हो? तर्क के लिए हम मान भी ले दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप उनकी दृष्टि में 100 प्रतिशत सही है। तब, क्या किसी भी दल ने संसद की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने से दुखी होकर पश्चाताप के रूप में व सामने वाले को सबक सिखाने के उद्देश्य से राजघाट या डॉ. अंबेडकर की मूर्ति के सामने दिन भर उपवास कर, चिंतन कर प्रायश्चित किया? जैसा कि पूर्व में कई बार इस तरह की घटनाओं के घटित होने पर राजनीतिक दृष्टि से अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं ने पश्चाताप (या नाटक?) किया है। मतलब साफहै, दोनों पक्ष उक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए जिम्मेदार है। कोई कम कोई ज्यादा। हां यदि लोकसभा स्पीकर चाहते तो इस घटना को रोका जा सकता था। अब स्पीकर सख्त निर्देश जारी कर यह कह रहे है कि किसी को भी संसद को किसी भी गेट पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जायेगी। पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस इस गेट पर प्रदर्शन कर रही थी, तभी स्पीकर ने उक्त निर्देश क्यों नहीं दिए? स्पीकर तुरंत उस घटना का वीडियो फुटेज सार्वजनिक क्यों नहीं कर देते, जिससे ''दूध का दूध पानी का पानी'' हो जाता। शायद इसलिए कि स्पीकर जानते हैं कि इस घटना के लिए आरोपित पक्ष जिम्मेदार नहीं है? जांच के लिए वीडियो तो रिलीज करना ही पड़ेगा। स्पीकर की लिखित अनुमति के बिना प्राथमिकी दर्ज की गई है। संसद परिसर क्षेत्र में हुई घटना की कोई प्राथमिकी तब तक दर्ज नहीं हो सकती है, जब तक लोकसभा सचिववालय से लिखित शिकायत संसद मार्ग थाने में न भेजी जाये।

'सड़क से संसद तक'।

अभी तक नारा दिया जाता रहा, ''संसद से सड़क'' तक मुद्दों की लड़ाई लड़ेंगे। परन्तु इस धक्का मुक्की की घटना ने इस नारे को अब पलट दिया है। अब सड़क से संसद तक धक्का-मुक्की हो रही है। आप जानते हैं जिस प्रकार सड़क पर दो पक्षों में विवाद होकर झगड़ा-फसाद, गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मुक्का-लाठी तक चल जाती है, तब पीटने वाला पक्ष अपने बचाव में सामने वाले पक्ष के खिलाफ भी रिपोर्ट लिखा देता है। कुछ इस तरह की स्थिति संसद की इस धक्का मुक्की की घटना में हुई है, जहां कांग्रेस ने अपने वृद्ध बुजुर्ग राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को भाजपा के उड़ीसा के बुजुर्ग सांसद प्रताप सिंह सारंगी के गिरने से हुई चोट के जवाब में तुरंत-फरंत सोची गई नीति के तहत बचाव में आगे कर दिया।

एक पक्षीय रूप से प्राथमिकी दर्ज।

ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि शिकायत पीड़ित सांसदों या उनके परिवार की तरफसे न होकर दूसरे भाजपा सांसदों की तरफ से की गई। प्रश्न यह भी है उठता है कि भाजपा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। परन्तु कांग्रेस की शिकायत पर अभी जांच किए जाने व कानूनी राय लिये जाने की बात कही जा रही है। क्या भाजपा की प्राथमिकी दर्ज करते समय जांच पूरी हो गई थी? क्या मेडिकल रिपोर्ट आ गई थी, जिसमें जान पर खतरा होने की रिपोर्ट आई? जिस कारण से गंभीर अपराध हत्या के प्रयास की धारा 109 के साथ धारा 115, 117, 125, 131 और 351 लगाई गई। जब बिना कैमरा फुटेज के घटना की एक पक्ष की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, तब उसी आधार पर दूसरे पक्ष की भी प्राथमिकी भी दर्ज कर ली जाती, तो जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्न नहीं उठता।

अपराध की गंभीरता कितनी?

घटना पर दर्ज धाराओं के अपराधों पर गौर कीजिए! और फिर इसकी तुलना सड़क हादसा में हुई मृत्यु से कीजिए! जहां सामान्य रूप से एक हुई दुर्घटना मानकर पुरानी धारा 304ए के अंतर्गत अपराध माना जाता है, लेकिन वही मृत्यु यदि हत्या करने के उद्देश्य से एक्सीडेंट के द्वारा की गई है, तब वह धारा 302 का अपराध हो जाता है। भीड़-भाड़ में रास्ता बनाने के उद्देश्य से धक्का मुक्की की स्थिति के चलते तथाकथित रूप से राहुल गांधी के द्वारा किसी सांसद को धक्का देने से उस सांसद का दूसरे सांसद के ऊपर गिरने से उसे चोट लगने से क्या राहुल गांधी की सांसद साथी की ''अप्रत्यक्ष रूप'' से हत्या करने की मंशा हो सकती है? या यह महज एक दुर्घटना है? क्या राहुल गांधी को मालूम था कि जिस सांसद को वह धक्का मार रहे है, वह सारंगी के ऊपर ही गिरेगा? यह राजनीति की गिरावट का निम्नतर स्तर है। वस्तुतः जिसकी कल्पना कम से कम संसद भवन या संसद परिसर में नहीं की सकती है।

जरूरत से ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत।

धक्का मुक्की की इस घटना के दौरान नागालैंड की पहली महिला राज्यसभा सदस्य (भाजपा) एसटी एस फांगनोन कोन्याक द्वारा राहुल गांधी के विरूद्ध सभापति को शिकायत की गई कि राहुल गांधी ने अन्य पार्टी सदस्यों के साथ मेरे सामने आकर उंची आवाज में मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और मेरे काफी करीब आ गए जिससे में बेहद असहज हो गई। तथापि इसकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई, जैसे दूसरे सांसद सारंगी के मामले में हुई है।

इस घटना ने संभ्रांत नागरिकों को भी एक सीख दी है। यदि कोई संभ्रांत नागरिक किसी महिला के साथ खडा है, परिचित अथवा अपरिचित, तब उस पर असहजता (डिसकर्फ्ट) का आरोप लगा दिया जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं है। भीड़-भाड़ में महिला पुरूष का साथ खड़े रहना एक स्वभाविक प्रक्रिया है। संसद में महिला-पुरूष सांसद साथ-साथ जाते है, खड़े होते है नारे बाजी करते हैं। प्रश्न यह क्यों न खड़ा किया जाए कि क्या रामरहीम-आशाराम के समान व्यक्ति उक्त सांसद महिला के बाजू में खड़े होने का प्रयास कर महिला को असहज कर रहे थे? क्या राहुल गांधी इस श्रेणी में आते है? ''तिल का ताड़'' तो सुना है, परन्तु यहां तो 'तिल' का ही पता नहीं है।

उपसंहार।

जब सदन में स्वस्थ्य बहस कर मुद्दों की राजनीति नहीं हो पाती है, तब सदन व परिसर को ही ''सड़क'' बनाकर प्रदर्शन कर, सड़क छाप राजनीति की जा रही है। इस देश के लोकतंत्र का यह ''क्रूरतम सच'' है। खासकर तब संसद में जब संविधान के ''75 वर्षो की गौरवशाली यात्रा'' पर चर्चा चल रही थी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1962 सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया। 1986 लोटस टैंपल श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था। 1967 चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1989 देश का पहला अम्यूजमेंट पार्क 'एसेल वर्ल्ड' महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में खोला गया।1996 तज़ाकिस्तान में गृहयुद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता सम्पन्न। 2000 विश्वनाथन आनंद विश्व शतरंज चैंपियन बने। 2002 दिल्ली मेट्रो का शुभारंभ शहादरा तीस हज़ारी लाईन से हुआ था। 2003 अमेरिकी विदेश विभाग ने 30 जून, 2004 को इराक में सत्ता सौंपने की तैयारी शुरू की। 2005 यूरोपीय संघ ने 'खालिस्तान ज़िन्दाबाद फ़ोर्स' नामक संगठन को आतंकी सूची में शामिल किया। 2006 शिखर बैठक में फ़िलिस्तीन को इस्रायल कई सुविधाएँ देने के लिए तैयार।2007 मंगल ग्रह के रहस्यों की खोज करने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी यान मार्स ने मंगल ग्रह की कक्षा में अपने चार हज़ार चक्कर पूरे किये। 2008 जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अन्तिम चरण में 55त्र वोट पड़े।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

झंझट भारी सा

झंझट भारी सा लगे, आज सभ्य परिधान। अधनंगे तन झाँकते , मान रहीं अभिमान ॥ मान रहीं अभिमान, त्याग है डाली साड़ी। छोटे कपड़े बाँध , समझती जगत अनाड़ी। उत्तेजक से ढंग, बाल शोषण का संकट । रहो दायरे आप, नहीं बढ़ने दें झंझट। - **सुमन ओमानिया**

नहीं चाहा दग़ा

नहीं चाहा दग़ा भी हो गयी क्या मुहब्बत बेवफ़ा भी हो गयी क्या वफ़ा करके बहुत खुश थे मियां तुम वफ़ा की अब सज़ा भी हो गयी क्या मिलेगा अब नहीं तुझसे कभी वो के गुलशन में खज़िा भी हो गयी क्या यक़ी होता नहीं होगा तुझे पर मुहब्बत बदमज़ा भी हो गयी क्या उसे माना था तुमने ज़िन्दगी ही मगर अब ये कज़ा भी हो गयी क्या - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

खास पाती

सोया है जो जागा क्या रेंग रहा जो

सोया है जो जागा क्या। रेंग रहा जो दौड़ा क्या।। प्रतिभा की हत्या देखी, बोल गवाही देगा क्या। पंडित होना पाप नहीं, जान हमारी लेगा क्या। भीगा तू बरसातों में, प्यार वफ़ा में भीगा क्या। स्वर्णों के भी हाल बुरे, वो कोई देखेगा क्या। सच को सच बोलूँगी तो, देश निकाला देगा क्या। कितने हैं हालात बुरे, बतलाने से होगा क्या। नेता से क्या आस करी, देगा तुमको ठेंगा क्या। आती काम यहाँ करनी, पहने हीरा-मूँगा क्या। मौन ज़बानों वाले हैं, बोलेगा तब गूंगा क्या। नज़रें हर हरकत पर है, समझा हमको भेंगा क्या। मैली जिसकी रग-रग हो, शुद्ध करेगी गंगा क्या। कट जाऊँ दुनिया से पर, खुद को काँधा दूँगा क्या। - **आशा पाण्डेय ओझा**

मैंने जब भी निराशाओं से घिरा हुआ पाया

मैंने जब भी निराशाओं से घिरा हुआ पाया खुद को तब अपने अबोले शब्दों और पिड़ाओं को दिया कविताओं का रूप... और जब भी मैंने लिखा अपने मौन को पन्नों पर तब तब महसूस किया मैंने कि लिखना न लिख पाने से ज्यादा पीड़ादायक है !! - **रूबी प्रसाद**

पहले पहल दिल की बातें इसारों से कहा

पहले पहल दिल की बातें इसारों से कहा था जब तुमसे बात आमने सामने हुई थी वह दिसंबर की अंतिम रात थी गांवली न छत पर चांद न कोई भय था सुबह होने का बस इंतजार था मेरे लब्ज़ में बस तुम्हारा नाम था पहले पहल की बात थी होंठों पर केवल जज्बात था प्रेम का अहसास था और विश्वास के लम्हें मेरा तुमसे मिलना उस रात ज़िंदगी का सबसे बड़ा दिन था ... - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

कभी कभी हम कुछ जरूरी चीजें

कभी कभी हम कुछ जरूरी चीजें इतने जतन से रखते हैं कि वो कहीं खो ही जाती है और फिर कभी नहीं मिलती। दरअसल वो चीजें कहीं गुमती नहीं बस हमारी आंखों को धोखा दे जाती है क्योंकि हम उन्हें उस जगह रख देते हैं जहां हम आमतौर पर देखते नहीं और यही होता है रिश्तों और प्रेम में हम उस हद तक उन्हें चाह लेते हैं जिसके आगे दुसरी चीजें भी धुंधली हो जाती है जितने की उन्हें जरूरत ही नहीं होती और हम उनके अपनी चाहना को उनकी नजर में गैरजरूरी होता देख टूटने लगते हैं और खोने लगते हैं इसलिए सामान हो या रिश्ते जितना जरूरी हो उतना ही ख्याल दो नहीं तो खुद किसी घुटन में घुटने के लिए तैयार रहो जिन्दगी में कुछ रिश्ते कुछ लोग भी ऐसे ही होते हैं। -**अनामिका चक्रवर्ती**

पहले चलना सीख फिर दौड़ लगाना

पहले चलना सीख फिर दौड़ लगाना। मंज़िल खुद की ढूंढ फिर औरों को पहुँचना। पहले कोई राग तो गा फिर गीत सुनना.. ताता थैया पहले कर फिर नाच दिखाना। पहले अठन्नी ग़ायब कर ओ चतुर जमूरे..फिर अपनी जादूगरि दुनिया को दिखलाना। समझो अक्षर प्रेम का फिर कथा बता कोई मर्म बता कोई चौपाई प्रसंग बता शुद्ध शुद्ध कोई छंद सुना फिर धर्म सीखना। मंज़िल खुद की ढूंढ फिर औरों को पहुँचना। - **राकेश मिश्रा**

क्यों बैठें हम मन को मारे क्यों कोसें

क्यों बैठें हम मन को मारे, क्यों कोसें बेगारी को। उससे अच्छा श्रम से सीचें, किस्मत की फुलवारी को।। मनमुटाव के नागफनी ने, घर-घर पाँव पसारा है। सदा बचाए रखना साथी, सद्भावों की क्यारी को।। माँ बीमार, पिता बूढ़े थे, मंदिर नहीं पहुँच पाए। हमने अपना ईश्वर माना, घर की जिम्मेदारी को।। जीवन के हर पग पर सबकी, सदा परीक्षा होती है। दर्द बहुत सहना पड़ता है, भक्त, भृत्य, उपकारी को।। भ्रष्टाचार नहीं रुक सकता, केवल बातें करने से। रिश्वत देना बंद करें हम, सारे भ्रष्टाचारी को।। - **दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

प्रेरक प्रसंग

कुंभ केवल गंगा मैया में डूबकी लगाने से पूरा नहीं होता

लोक अपने पर्वों में श्रद्धा और उल्लास का संगम गढ़ता है। कुम्भ केवल गंगा मइया में डुबकी लगा लेने से पूरा नहीं होता। कुम्भ पूरा होता है जब बाबा टोले भर के नाती-पोतों के लिए पतला वाला माला और मुट्ठी भर रक्षासूत्र खरीद लें। जब काकी पड़ोस की चनेसर बो के होने वाले बच्चे के लिए झुनझुना खरीद लें। गङ्गा मइया की ओर बार बार हाथ जोड़ कर अपने बच्चों के लिए दुनिया जहान का सुख मांगते मांगते काकी को कुछ याद आये और वह देवरानी की भौजाई की छोटकी निपूती पतोह के लिए बेटा मांगते मांगते रो पड़े, तब कुम्भ का नहान पूरा होता है। यह देश अपने मूल चरित्र में बहुत पवित्र है, बहुत ही निर्मल, करुण, कोमल...

QUIZ TIME

1) इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

2) लता मंगेशकर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया जाएगा?

3) कील नहर किस देश में स्थित है?

4) डीएलआर किस देश का अंतरिक्ष केंद्र है?

5) एड्रियन स्मिथ किस इमारत का निर्माण किया था?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) हैदराबाद हवाई अड्डा (2) [illegible] (3) जर्मनी (4) जर्मनी (5) बुर्ज खलीफा

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:15, सूर्यास्त : 17:48, चन्द्रोदय : 25:08, चन्द्रास्तः 12:34, अयन उत्तरायण, ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), *विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी,नक्षत्र : हस्त, योग : सौभाग्य (19:55 से शोभन), प्रथम करण : कौलव (17:07 तक), द्वितीय करण : तैतिल (30:30 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : कन्या, मंगल कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी),शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:05 से 12:48, अमृत काल : 29:30 से 07:19, विजय मुहूर्त : 14:13 से 14:56, गोधूलि मुहूर्त : 17:45 से 18:12, सायाह्न सन्ध्या :17:48 से 19:07, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:53, ब्रह्म मुहूर्त : 29:18 से 30:12, राहुकाल : 15:00 से 16:30, गुलिक काल : 13:47 से 15:07, यमगण्ड : 11:06 से 12:26, दुर्मुहूर्त : 12:48 से 13:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, होमाहुति : गुरू (09:09 तक), दिशा शूल : पूर्व, अग्निवास : पाताल (17:07 से पृथ्वी)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको आर्थिक स्थिति को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी।

वृषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई लंबे समय से अटकी हुई योजना पूरी होगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। किसी नए काम की शुरुआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में आपसी मतभेद होने से माहौल तनावपूर्ण रहेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मेहनत से भरा रहने वाला है। आपको कुछ नजदीकी लोगों से मिलने का मौका मिलेगा।

कन्या : आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपका कोई सरकारी काम पूरा होने की संभावना है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। यदि आपका कोई काम रूपए पैसे से संबंधित अटका हुआ था, तब वह भी पूरा हो सकता है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों में पूरा ध्यान देना होगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है।

मीनः आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्माननीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञात करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 274 का हल

भू	कं	प		फा	य	दा		स
प		ल	ला	ट		य	ती	म
ति	ल	क		क	न	क		झ
	क्ष				रे			
ग	ण	क		सं	श	य		सौ
ह		या	च	क		म	न्न	त
रा	क्ष	स		र	क्ष	क		न
	त्रि				मि			
शा	य	री		का	त	र		गो

न्यूज गैलरी

विद्या, निशा की कविता 'किन्नर व्यथा' और 'शिखंडी' का मंचन आज

रायपुर/नवप्रदेश। रंगभूमि की वर्ष 2024 की बारहवीं और अंतिम प्रस्तुति 'किन्नर व्यथा' है। किन्नरों की सामाजिक समरसता के प्रयास में भरत वेद लिखित नाटक 'शिखंडी' के वाचन मंचन के साथ विद्या राजपूत और निशा देशमुख की कविता की प्रस्तुति मंगलवार, 24 दिसंबर को वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस में शाम 7.30 बजे महाराष्ट्र मंडल और रंगभूमि के साथी देंगे। लेखक भरत वेद ने अपने नाटक शिखंडी में थर्ड जेंडरों के जीवन संघर्षों को, उनकी मनःस्थिति को प्रभावशाली ढंग से उकेरा है, तो वहीं विद्या राजपूत और निशा देशमुख ने अपनी कविता में थर्ड जेंडर की व्यथा को जीवंत किया है। महाराष्ट्र मंडल और रंगभूमि रायपुर द्वारा प्रस्तुत किन्नर व्यथा की परिकल्पना आचार्य रंजन मोड़क ने की है। मंच पर लगभग 20 कलाकारों की इस प्रस्तुति के निर्देशक लोकेश साहू है।

आज मो. रफी की जन्म शताब्दी पर 'सौ बार जनम लेंगे' की प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। स्व. मोहम्मद रफी की जन्म शताब्दी पर राजधानी रायपुर की सुर संतृप्ति इवेंट एवं मैनेजमेंट लाइव बैंड म्यूजिक शो 'सौ बार जनम लेंगे' की प्रस्तुति मंगलवार, 24 दिसंबर को शाम 6 बजे महाराष्ट्र मंडल में होने जा रही है। इस कार्यक्रम में ग्रु प के कलाकार अपनी आवाजों से रफी साहब के गाए गीतों को बतौर श्रद्धांजलि पेश करेंगे। सुर संतृप्ति म्यूजिकल क्लब की फाउंडर विश्वास और प्रीति केसकर ने बताया कि भारतीय संगीत के अमर गायक स्व मोहम्मद रफी की 100वीं जयंती पर लाइव बैंड म्यूजिक शो में साउंड स्वरमाला की टीम देगी। वहीं स्पेशल लाइव बैंड म्यूजिक की प्रस्तुति डाल्फिन ग्रुप दुर्ग के संचालक यश यदु और उनकी टीम देगी।

विधायक मूणत ने दिलवाई सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह पर विविध सकारात्मक गतिविधियां नगर पालिक निगम रायपुर के क्षेत्र में की जा रही है। सभी जोन कार्यालयों में अधिकारी एवं कर्मचारीगण सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ ले रहे हैं। जोन कमिश्नर द्वारा सुशासन सप्ताह की विविध सकारात्मक गतिविधियों की जानकारी देकर जोन अधिकारी एवं कर्मचारीगण को निर्देश दिए जा रहे है। स्वच्छता दीदियों ने सुन्दर रंगोली उकेरकर जन - जन को सुशासन दिवस का सकारात्मक सन्देश दिया एवं सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ ली। प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी आमजनों को सुशासन सप्ताह गतिविधि के अंतर्गत दी गई एवं सर्वे कार्य एनयूएलएम द्वारा किया गया।

अनुकंपा नियुक्ति के लिए दस्तावेजो का किया गया परीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में अभ्यर्थियों के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में संलग्न समस्त दस्तावेजो का परीक्षण रायपुर नगर निगम मुख्यालय स्थित तृतीय तल के सभा कक्ष में नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल, श्रीमती कृष्णा खटीक के मार्गदर्शन में नगर निगम कर्मचारियों द्वारा किया गया। कुल 72 पात्र आश्रित अभ्यर्थियों में से आज पहुंचे 60 आश्रित अभ्यर्थियों के दस्तावेजो का परीक्षण किया गया।

24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा स्पर्धा : बूढ़ादेव की प्राण प्रतिष्ठा और धरतीमाता के पूजन से शुरू हुईं तैयारियां

27 से 31 दिसम्बर तक रायपुर में रहेगा जनजातीय खिलाड़ियों का रोमांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता की तैयारियां तेज हो गई है। आज शबरी कल्याण आश्रम परिसर में बने नयें मंदिर में बूढ़ादेव की प्राण प्रतिष्ठा और साइंस कॉलेज मैदान पर भूमि पूजन से प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों की शुरूआत हुई। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संम्बद्ध संस्था वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता 27 से 31 दिसम्बर तक राजधानी रायपुर में होगी।

प्रतियोगिता में लगभग 23 राज्यों के आठ सौ से अधिक जनजातीय बालक-बालिकाएं भाग लेंगे। प्रतियोगिता में फुटबॉल और तीरंदाजी की प्रतिस्पर्धायें होंगी। फुटबॉल की प्रतिस्पर्धाएं कोटा स्टेडियम और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मैदान पर होंगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं।धरती माता के पूजन और बूढ़ा देव की प्राण प्रतिष्ठा पूजा में अमर

बंसल, सचिव स्वागत समिति, डॉ अनुराग जैन सचिव वनवासी विकास समिति, उमेश कच्छप, अध्यक्ष वनवासी विकास समिती छत्तीसगढ़, प्रवीण ढोलके क्षेत्रीय संगठन मंत्री , सुभाष बड़ोले क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री, राम नाथ कश्यप प्रान्त संगठन मंत्री, कृष्ण कुमार वैष्णव टीएसी मेंबर, रवि गोयल गोपाल बियानी, माधवी जोशी, संदीप शर्मा सन एंड सन ग्रुप, कैलाश मुरारका राष्ट्रीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष, अजय काले अध्यक्ष महाराष्ट्र मंडल उपस्थित रहे । वनवासी विकास समिति के प्रचार-प्रसार प्रभाग के प्रभारी राजीव शर्मा ने आज यहां बताया कि देशभर में जनजातीय खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने और उन्हें पहचान कर भविष्य के राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार 24वीं प्रतियोगिता राजधानी रायपुर में हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में अण्डमान निकोबार से लेकर दिल्ली, पंजाब तक के लगभग 23 राज्यों से जनजातीय खिलाड़ी शामिल होंगे। तीरंदाजी की प्रतियोगिता जूनियर और सब जूनियर वर्ग में बालक-बालिकाओं के लिए होगी। फुटबॉल प्रतियोगिता में जूनियर सब जूनियर वर्ग में जनजातीय बालक अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। शर्मा ने बताया कि विभिन्न प्रांतों से प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रायपुर आने वाले जनजातीय खिलाड़ियों के आवास और भोजन की व्यवस्था वनवासी विकास समिति द्वारा की जा रही है। रोहणीपुरम स्थित शबरी कन्या आश्रम परिसर में बालिकाओं को रखा जाएगा।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करें : डॉ. गौरव सिंह

- राशन कार्डधारियों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द करें पूर्ण : कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई और तेजी से की जाएगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में अवैध प्लाटिंग के मामलों पर तेजी से कार्रवाई करने के सख्त निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। उन्होंने पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों सहित तहसीलदारों और अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर पैनी निगाह रखने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं निगम के प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी संबंधित क्षेत्र पर नजर रखें। जहां पर भी अतिक्रमण या अवैध प्लॉटिंग होता दिखे उसे प्रारंभिक मे ही रोक लिया जाए। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने ज़िले के नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकायों में अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को पुलिस, राजस्व और नगर निगम से समन्वय स्थापित कर तत्काल निराकरण करने निर्देश दिया। कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के पूर्व पुलिस को अवश्य सूचना देने को भी कहा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएं। सभी ब्लॉकों में ई-केवाईसी के कार्यों में प्रगति लाई जाएं और इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाएं।

बैठक में कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशनों, दिव्यांगजन पेंशन आदि के प्रकरणों को भी समय-सीमा में निराकृत करने को कहा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने राजस्व संबंधी प्रकरणों को तेजी से निराकृत कर लंबित प्रकरणों में कमी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने बैठक में जन चौपाल, जन शिकायत व समय सीमा प्रकरणों पर कार्यवाही की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। डॉ सिंह ने विभागीय अधिकारियों से हर एक लंबित आवेदन के बारे में जानकारी ली और सभी का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

सीएम साय की पहल पर एम्स में पद्म विभूषण तीजन बाई का इलाज

- स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर तीजन बाई को मिला मोटराइज्ड आटोमेटिक बेड और व्हील चेयर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पहचान और देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित श्रीमती तीजन बाई का एम्स में इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तीजन बाई की बीमारी की जानकारी मिलते ही उनके समुचित और बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनसे मिलने भी पहुंचे थे और पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया था कि तीजन बाई के लिए घर में ही मोटराइज्ड रिमोट कंट्रोल आटोमेटिक बेड, बेड टेबल और व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाए। निर्देशों का पालन करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तीजन बाई के लिए ये आवश्यक सामान उपलब्ध करा दिया है। इसके साथ ही एक मेडिकल आफिसर और एक फिजियोथिरेपिस्ट को भी तीजन बाई की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया है। डाक्टरों की टीम दिन में एक बार उनके घर में ही उनकी स्वास्थ्य जांच करके मेडिकल रिपोर्ट तैयार करती है।

उल्लेखनीय है कि पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती तीजन बाई ने पंडवानी के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम देश विदेश में रोशन किया है। तीजन बाई वास्तव में छत्तीसगढ़ की पहचान हैं। इस लिहाज से राज्य सरकार भी तीजन बाई की देखरेख में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। खुद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहते हैं और अपने प्रतिनिधि के रूप मे उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल को तीजन बाई की देखरेख करने की पूरी जिम्मेदारी दी है।

हिन्दी साहित्य समिति ने अरुण कसार को दी श्रद्धांजलि

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में स्व अरुण कसार जी का शोक श्रद्धांजलि माखन मिश्री रेस्टोरेंट दुर्ग में 22 दिसंबर को आयोजित किया गया। स्व. अरुण कसार साहित्य समिति के वरिष्ठ सक्रिय सदस्य रहे जो छत्तीसगढ़ के साहित्य जगत में स्व जमुना प्रसाद कसार के पुत्र थे। अध्यक्ष डॉ विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता एवं सचिव आलोक नारंग के मंच संचालन से प्रारंभ हुआ। समिति के पूर्व अध्यक्ष गुलबीर सिंह भाटिया एवं पूर्व अध्यक्ष सरला शर्मा ने स्व अरुण कसार की धर्म पत्नी श्रीमती नीलम कसार को भी मंचासीन किया। अध्यक्ष डॉ विजय गुप्ता ने स्वागत भाषण में विनम्र भाव से सभी को नमन किया। समिति में नए सदस्य के रूप में नीरज खरया, डॉ अजय आर्य, अनिल बल्लेवार, सीता गुप्ता, ज्योत्सना गुप्ता, राकेश रूसिया, ऋषभ जैन कमलेश तिवारी, प्रबोध चौहान,यशवंत सूर्यवंशी, प्रकाश भारतीय सुशील यादव जी ने

कसार के तेलचित्र पर मंच एवं सभा के सभी सदस्यों ने क्रमशः सुमन पुष्प अर्पित किए। समिति उपाध्यक्ष रमाकांत बड़ारया ने स्व समिति की सदस्यता ग्रहण की। विजय गुप्ता ने गर्व सहित घोषित किया कि हमारी समिति में तीसरी पीढ़ी के रूप में सृजन कसार ने सदस्यता ग्रहण की है। सभी के स्व परिचय उपरांत पूर्व अध्यक्ष अरुण निगम ने 97 वर्ष की दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति की जानकारी भी सदस्यों को प्रदान की। उन्होंने जानकारी दी, कि नामी शख्सियत गंगा प्रसाद शुक्ला, दानेश्वर शर्मा, मोतीलाल वोरा, मोहनलाल बाकलीवाल, द्वारकानाथ तिवारी, जमुनाप्रसाद कसार, मुकुंद कौशल, प्रमुख स्तंभकार साहित्यकारों ने समिति को मजबूत आधार दिया। स्व अरुण अरुण कसार का जीवन परिचय वाचन किया। उल्लेखनीय है कि, अपने पिता जमुनाप्रसाद के दिवंगत होने पर पुत्र स्व अरुण ने पिता की साहित्य विरासत एवं विलक्षण व्यक्तित्व के धनी किरदार की स्मृति में 8 वर्षों से प्रति वर्ष एक महान साहित्यकार को सम्मान देने की श्रृंखला प्रारम्भ की थी। तत्पश्चात प्रमुख लोगों द्वारा अपने संस्मरण शब्दांजलि वक्तव्य प्रस्तुत हुए। स्व अरुण की धर्मपत्नी नीलम कसार ने अत्यंत भावुक क्षणों में अपने दाम्पत्य जीवन के प्रमुख स्वभाव और स्नेह को अवरुद्ध कंठ से लफ्जों में आव्हान किया।

एनएमडीसी का पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कारों में शानदार प्रदर्शन

- अनुसंधान एवं विकास, सीएसआर और कॉर्पोरेट संचार में छह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 में अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार रायपुर में 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन के दौरान प्रदान किए गए। ये पुरस्कार सीएसआर, अनुसंधान एवं विकास और कॉर्पोरेट संचार में एनएमडीसी के उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार्यता प्रदान करते हैं। प्रतिष्ठित पुरस्कार मुख्य अतिथि, विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री, अरुण साव, और नंदकुमार साय, पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा प्रदान किए गए। एनएमडीसी की ओर से पुरस्कार प्राप्त करने वालों में पी. श्याम, महाप्रबंधक (सीएसआर), जयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेटसंचार), सीएच श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार) और विभूतिरोशन, उप महाप्रबंधक (खननप्रसंस्करण) शामिल थे।

कलेक्टर के हाथों दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्रा मुस्कान को मिला लैपटॉप

- टाटा इंस्टीट्यूट में पढ़ाई के लिए 1.50 लाख का सौंपा चेक
- आर्म रेसलिंग के दिव्यांग प्रतिभागियों का सम्मान, 20-20 हजार रूपए की सहायता दी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के हाथों लैपटॉप मिलने के बाद खमतराई निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्रा मुस्कान कुमारी पटवारी का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दिव्यांग छात्रा मुस्कान टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साईसेंस मुंबई में एम.एस.डब्ल्यू की पढ़ाई कर रही है। मुस्कान को पढ़ाई में दिक्कतें होती थी, लेकिन लैपटॉप मिलने के बाद अब मुस्कान अपना सुनहरा भविष्य गढ़ सकेगी। साथ ही कलेक्टर डॉ. सिंह ने इंस्टीट्यूट में आगे की पढ़ाई के लिए 1.50 लाख रूपए का चेक भी प्रदान किया गया। इस राशि से वह अपनी पढ़ाई कर सकेगी और उसके भविष्य को संवारने में मदद भी मिलेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने दिव्यांग छात्रा मुस्कान को शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने आर्म रेसलिंग पैरा आर्म रेसनी कप के दिव्यांग विजेताओं को सम्मानित किया और 20-20 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। गुढ़ियारी निवासी श्री जी. संदीप कुमार ने आर्म रेसलिंग पैरा आर्म रेसलिंग कप के विजेता रहे है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय खेल में भारत को तृतीय स्थान में मेडल जीता है। साथ ही डीडी नगर निवासी श्री होरी लाल यादव ने आर्म रेसलिंग पैरा आर्म रेसलिंग कप के प्रतिभागी रहे है। कलेक्टर ने दोनों दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

ताल से ताल मिला... *तीसरी कक्षा के बच्चों ने जैसी करनी वैसी भरनी की प्रस्तुति दी*

रेडिएंट वे के वार्षिकोत्सव में 'आत्मा की यात्रा' की मजेदार प्रस्तुतियां

रायपुर/नवप्रदेश। रेडिएंट वे स्कूल में 36वें वार्षिकोत्सव 'आत्मा की यात्रा' (द जर्नी ऑफ सोल) की थीम पर मनाया गया। नर्सरी के बच्चों से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल तक के छात्र-छात्राओं ने जिंदगी के हर एक पड़ाव- बचपन, किशोरावस्था, युवावस्था, अधेड़ावस्था, प्रौढ़ावस्था में जीवनशैली को अपनी मनोरंजक व आकर्षक प्रस्तुतियों से ऐसे प्रस्तुत किया कि हजारों अभिभावक- दर्शक लगभग चार घंटे तक अपनी सीट से बंधे रह गए। प्री प्राइमरी के मासूमों ने 'डोंट वरी बी हैप्पी' में मजेदार डांस किया। तीसरी कक्षा के बच्चों ने 'जैसी करनी- वैसी भरनी' पर शिक्षात्मक प्रस्तुति दी। इसी तरह चौथी कक्षा के बच्चों ने 'अपने लिए जिए तो क्या जिए' गाने पर नृत्य देकर जीवन में दान के महत्व को बताया। पांचवीं कक्षा के बच्चों

ने मंच पर संगीत में योग की प्रस्तुति दी। छठवीं के बच्चों ने 'ताल से ताल मिला' पर और सातवीं के छात्र- छात्राओं ने 'लव यू जिंदगी' पर बेहतरीन कास्ट्यूम के साथ मनभावन प्रस्तुति दी। इस मौके पर आठवीं के बच्चों के रतन टाटा की जीवनी को बहुत ही प्रेरक तरीके से मंच पर दिखाया गया। लखटिया नैनो कार की लॉन्चिंग से रतन टाटा दोबारा आम जनमानस में प्रतिष्ठित हो गए थे। इसे विशेष रूप से सरप्राइज आइटम की तरह मंचित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य भावना दुबे ने सफल वार्षिकोत्सव के आयोजन के लिए अतिथियों, अभिभावकों व दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

कोण्डागांव में मौसम ने बदला मिजाज, कोहरे से ढका जिला मुख्यालय

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में बीते दो दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले आसमान में घने बादल छाए हुए थे, जिसके कारण अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। हालांकि, बीती रात बादल छंटने के बाद आज सुबह का आगाज खुले आसमान और घने कोहरे के साथ हुआ। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ। सुबह-सुबह कोहरे और ठंड ने मिलकर मौसम को बेहद सुहाना बना दिया। देर रात का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जो ठंड के बढ़ते प्रभाव का संकेत देता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मौसम का यह बदला हुआ मिजाज सर्दियों की ठिठुरन को और बढ़ा सकता है। वहीं, किसानों के लिए यह मौसम फसलों के लिए अनुकूल माना जा रहा है। जिला मुख्यालय में लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है, और चाय के स्टालों पर रौनक बढ़ गई है। तो वंही मौसम के बदले मिजाज से बडे बुजुर्ग छोटे बच्चो के सेहत में भी असर पड़ने की सभावना बढ़ गई हैं।

नीरज ऊईके नरहेल को प्रेस क्लब सह मीडिया फेडरेशन ने निष्कासित किया

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला के प्रेस क्लब सह मीडिया फेडरेशन कोण्डागांव ने 22 दिसंबर को एक आपातकालीन बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए नीरज ऊईके नरहेल की सदस्यता समाप्त कर प्रेस क्लब सह मीडिया फ़ेडरेशन से निष्कासित कर दिया है। बताया गया कि, नीरज ऊईके नरहेल ने प्रेस क्लब के निर्वाचित अध्यक्ष के विरुद्ध सार्वजनिक स्थलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र शब्दों का प्रयोग कर उन्हें अपमानित किया। इसके अलावा, क्लब के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार करने व मान सम्मान के विपरीत कार्य किया गया है। नीरज ऊईके के अनुचित व्यवहार से आहत होकर प्रेस क्लब ने उन्हें जवाब देने का अवसर भी प्रदान किया गया, लेकिन उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। इस निर्णय को प्रेस क्लब सह मीडिया फेडरेशन के सभी सदस्यों ने समर्थन दिया और हस्ताक्षर कर अपनी सहमति व्यक्त की। क्लब के पदाधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय क्लब की गरिमा बनाए रखने और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

7 साल की मासूम से अनाचार करने वाला मामा गिरफ्तार, स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के मर्दापाल थाना क्षेत्र से 22 दिसंबर को 7 साल की मासूम बच्ची के साथ सर्मसार करने वाले जघन्य अपराध का मामला प्रकाश में आया। दरअसल, 7 साल की मासूम बच्ची के साथ उसके रिश्ते के मामा ने अनाचार किया था। इस घटना के चलते मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका कोण्डागांव के जिला अस्पताल में ऑपरेशन कर उपचार किया जा रहा है। फिलहाल पीड़िता जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। पीड़िता का ऑपरेशन करने वाले जिला अस्पताल कोण्डागांव के डॉक्टर एस. नागूलन ने बताया, कल बच्ची को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में लाया गया। गंभीर हालत के चलते तत्काल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन लगभग एक से डेढ़ घंटे तक चला। कल की तुलना में पीड़िता का स्वास्थ्य आज बेहतर है। मर्दापाल के एसडीओपी सतीश भार्गव ने बताया कि, कल मामले की जानकारी मिली थी। पीड़िता का रिश्ते का मामा ओरछा क्षेत्र का निवासी है, जो लगभग 15 दिन पहले ईंट निर्माण मजदूरी के लिए पीड़िता के गांव में आया था। घटना वाले दिन आरोपी ने बच्ची को मोबाइल दिखाने के बहाने से अपने साथ ले जाकर अनाचार की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर मर्दापाल थाना पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली। घटना को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मोबाइल बंद कर फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अनाचार और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल 22 दिसंबर को आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

माँ की पुण्यतिथि स्मृति पर नकुलनार सोसायटी कालोनी के युवाओं को साउंड सिस्टम प्रदान किया

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ग्राम नकुलनार में सोसायटी कालोनी के युवाओं को पत्रकार पंकज सिंह भदौरिया ने अपनी माता की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मरण चिन्ह स्वरूप साउंड सिस्टम प्रदान किया. दरअसल पत्रकार पंकज सिंह की पिता स्व.श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व माता स्व.श्रीमती कांति देवी भदौरिया की स्मृति में इस साउंड सिस्टम को युवाओं की समिति को धार्मिक और सामाजिक कार्यों में उपयोग हेतु दिया गया है। इस स्मृति चिन्ह को प्रदान करने से पूर्व स्व.कान्तिदेवी के छायाचित्र में श्रीशंकर सिंह भदौरिया, पुत्र पंकज सिंह भदौरिया,दिलीप सिंह भदौरिया, मन्नू सिंह चौहान,अश्विनी भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पत्रकार पंकज सिंह ने कहा कि माता-पिता हर पुत्र की छत की तरह होते हैं. जो हमेशा आपके जीवन मे बढ़ने की कामना करते हैं. हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम के पश्चात साउंड सिस्टम में माँ-पिता से जुड़ा हुआ एक गीत 'ये तो सच की की दुनिया मे भगवान है, धरती पर माँ पिता ही उस विधाता की पहचान है' बजाया गया इसके पश्चात मिष्ठान बाटी गई। इस अवसर पर युवा समिति के तरफसे नागेश मिश्रा, अमित भदौरिया, रंजीत भदौरिया और कुंदरू सविता एवं उनके सहयोगी सूर्यप्रकाश यादव, भोलूप्रसाद, दीपक सविता, अभय, अर्जुन, बऊअन, राजीव, बेटू, अक्षय, दर्शन, चिराग, अभी, आरव, श्रेयांश, देव, शिवा, काव्यांश, आदर्श, चिंकी भी मौजूद रहीं।

नवोदय के विद्यार्थियों ने राज्यपाल पुरस्कार के लिए बहाए पसीने

कांकेर/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड्स नवोदय विद्यालय संगठन के नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत स्काउट गाइड के बच्चों का पुरस्कार प्रशिक्षण एवं जांच परीक्षा का आयोजन 19 दिसंबर से 23, दिसंबर तक पांच दिवसीय आयोजन पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर में किया गया है।

वजीद खान एवं सीमा मुखर्जी शिविर संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य पुरस्कार जांच शिविर में दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा 1, सुकमा 2, कोंडागांव कांकेर के स्काउट गाइड के विद्यार्थी सम्मिलित हो कर

राज्यपाल पुरस्कार के पाठ्यक्रम के जांच शिविर में शामिल हो रहे हैं।प्रथम दिवस ध्वज शिष्टाचार के साथ शिविर प्रारंभ हुआ। इस शुभारंभ कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के सूरज मल बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। शिविर में स्काउट गाइड प्रथम दिवस स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास, आधारभूत तत्व, सीटी के संकेत, हाथ के इशारे, झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट

चिह्न, मोनो, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, ध्वज राष्ट्रीय ध्वज स्काउट ध्वज, प्रथम सोपान की गांठें, व्हिपिंग, तथा द्वितीय दिवस, प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर, पट्टियां अनुमान लगाना, नक्शा, कंपास/दिशा ज्ञान, कंपास, यूनिफॉर्म, पेट्रोल विधि सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण एवं परीक्षण किया गया।प्रतिदिवस बीपी सिक्स, व्यायाम एवं रात्रि शिविर के साथ गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इस शिविर में जिला संघ कांकेर वजिद खान शिविर संचालक, सीमा मुखर्जी शिविर संचालक, अभिमन्यु कुंवर, रामभजन नेताम प्रद्युम्न श्रीवास, विवेक दास मानिकपुरी सहित विभिन्न जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालय से आए हुए स्काउटर गाइडर रजिया मोहम्मद सुकमा अधिकल्प यदु सरायपाली, मलय कुमार गायन दंतेवाड़ा, भरत कृष्ण सुकमा राकेश कुमार कोंडागांव, सगाबाती भास्कर कांकेर अमित कुमार दंतेवाड़ा, धर्मिता ठाकुर दंतेवाड़ा आदि इस राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण एवं जांच शिविर में सम्मिलित हो रहे हैं।

अतिसंवेदनशील चांदामेटा में बस्तर पुलिस का सिविक एक्शन कार्यक्रम

- **विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों को बाटे जरूरत के समान**
- **पुलिस और ग्रामीण के बीच बेहतर तालमेल बनाकर समस्या का निराकरण करे : शलभ सिन्हा**

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी.के दिशा निर्देश, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा एवं सीआरपी.एफ80 वाहिनी के द्वितीय कमाण्डेट पुरुषोत्तम कुमार के गरिमामय उपस्थिती मे अति नक्सल संवेदनशील ग्राम चांदामेटा में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत बालीबॉल, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच, हण्डी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं दैनिक उपयोग उपयोग की सामग्री कंबल, साड़ी, टीशर्ट, मच्छरदानी, कापी, कंपास,पेन, केरमबोर्ड, क्रिकेट किट, बालीबॉल किट व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया, ग्रामीणों द्वारा बढ़चढ़ कर कार्यक्रम स्थल मे उपस्थित होकर खेल स्पर्धाओ मे भाग लिया गया।

क्षेत्र की जनता मे बस्तर पुलिस के प्रति विश्वास एवं उत्साह दिखाई दिया। ग्रामीणों से बातचीत कर उनके समस्याओं को सुना गया एवं संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु आई.पी.एस.आई.प गगन कुमार, उप. पुलिस अधीक्षक संगम राम, असिस्टेंट कमाण्डेंट प्रवीण कुमार, रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया, थाना प्रभारी दरभा निरीक्षक चाणक्य नाग, चौकी पखनार प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राठौर, उप. निरीक्षक ललित सिंह नेगी, एवं दरभा थाना स्टाफ व ग्राम चांदामेटा एवं कोलेंग के सरपंच, गायता पटेल, कोटवार गांव के अन्य सम्माननीय नागरिक उपस्थित थे एवं कार्यक्रम के बाद उपस्थित पुलिस अधिकारियो के द्वारा ग्रामीणो के साथ भोजन किया गया।

शीतकालीन सत्र के दौरान शहर के विकास का क्षेत्रीय विधायक ने उठाया मुद्दा

- **नगरीय निकायों सहित 19 ग्राम पंचायत का बना मास्टर प्लान जल्द शुरू होने का दावा**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आशा राम नेताम ने विधानसभा के शीत कालीन सत्र के दौरान कांकेर विधानसभा क्षेत्र में विकास के एजेंडे को लेकर माननीय विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से जानकारी चाही ।

वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने विधायक के सवाल पर सदन में जानकारी देते हुए बताया कि शहर की मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। इसके साथ ही मास्टर प्लान में शहर के विकास सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य का मास्टर प्लान बनाया गया है। कांकेर विधानसभा के करीब 19 ग्राम पंचायत को मास्टर प्लान में लिया गया है।

विधायक आशा नेताम ने वितमंत्री ओपी चौधरी से सवाल पूछा कि आखिर मास्टर प्लान किस क्षेत्र में होगा। सड़क पर्यटन या अन्य विकास कार्यों पर मास्टर प्लान बनाया जा रहा है उसकी जानकारी दें। वित्त मंत्री ने कहा कि मास्टर प्लान में लिया गया ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों का सम्पूर्ण डाटा तैयार है। नए वर्ष से मास्टर प्लान के तहत कांकेर विधानसभा का कार्य प्रगति पर रहेगा। किसी भी कारण से मास्टर प्लान के तहत पूर्व योजनाओं का सम्मिलित किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना से महिलाएं हो रही आत्म निर्भर: विधायक रेणुका सिंह

एमसीबी। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार को जनकपुर के सामुदायिक भवन में महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह एवं महतारी वंदन योजना के सैकड़ों लाभार्थियों की उपस्थिति रही।

पानी की किल्लत से जूझ रहा था वार्ड

विधायक ने संज्ञान लेकर नए बोर और बंद पड़े नलों का सुधार कराया, समस्या से मिली मुक्ति

- **वार्डवासियों ने विधायक और भाजपा नेता का माना आभार**

कांकेर/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कांकेर का सबसे हाईटेक सीट संजय नगर जो पालिका अध्यक्ष का वार्ड है। संजय नगर में विकास हुआ है। लेकिन इस वार्ड में विकास का सबसे बड़ा मुद्दा पानी बना हुआ है। पानी की किल्लत को लेकर संजय नगर के ईदगाह पारा के आसपास रहने वाले परिवारो को पानी की किल्लत हो रही थी। बार बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका ने कभी मोटर खराब का बहाना तो कभी पालिका के कर्मचारी हड़ताल पर जाने का बहाना सुनकर संजय नगर वार्डवासियों का धैर्य का बांध टूट गया। और फिर वार्ड वासियों ने भाजपा नेता सलीम मेमन से मुलाकात की। भाजपा नेता सलीम मेमन ने विधायक आशा नेताम से इस मामले को लेकर बात किया । वार्ड की समस्या की खबर विधायक को लगते ही विधायक आशा नेताम ने तत्काल नगर पालिका अधिकारियों को वार्ड की समस्या पर तत्काल निराकरण कराए जाने का निर्देश दिया । इस दौरान भाजपा नेता के साथ मिलकर जहां जहां पानी की समस्या थी वहां तत्काल बोर कराया गया ओर बंद पड़े नलों को पुनः चालू कराया गया।

साल भर से पानी की किल्लत से जूझ रहे संजय नगर वार्ड के लोगो ने भाजपा नेता सलीम मेमन और कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशा नेताम का आभार जताया है।

सर्व समाज ने केंद्रीय गृहमंत्री की संसद सदस्यता रद्द करने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

- **संविधान निर्माता का अपमान भाजपा की घटिया मानसिकता उजगार : सर्वसमाज**

कांकेर/नवप्रदेश। सर्व समाज प्रमुखों ने गत दिनों लोकसभा में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान के विरोध में कांकेर के सर्वसमाज के लोगो ने राष्ट्रपति के नाम कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग किया गया है।

ज्ञापन सौंपते आदीवासी समाज प्रमुख सुमेर सिंग नाग, प्यार सिंग मांडवी, राजेश भास्कर ने बताया कि भारत के 18वीं लोकसभा के शीत कालीन सत्र के दौरान राज्य सभा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 17दिसंबर 2024 को संविधान पर चर्चा के दौरान संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया गया है।

देश की आजादी के बाद संविधान निर्माण के लिए 13 समिति एवं 07 सदस्यीय प्रारूप कमेटी ने अध्यक्ष के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नियुक्त किया गया। इन सबके अथक प्रयास से 295 अनुच्छेद 22 भाग और 12 अनुसूचियों वाला विश्व का वृहद संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में तैयार किया गया जिसे 26 जनवरी 1950 को पूरे देश ने लागू किया गया।भारतीय संसद के 18वीं कार्यकाल शीत कालीन सत्र 25नवंबर 2024 से 20दिसंबर 2024 तक आयोजित था। जिसमें भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विपक्ष द्वारा मांग के आधार पर सदन संविधान पर चर्चा करवाया गया।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 29 से, तैयारी जोरो पर

अंतागढ/नवप्रदेश। अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान में 29 दिसंबर2024 से 1 जनवरी 2025 तक चार दिवसीय 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार के सानिध्य में संपन्न होना है।जिसके लिए जिला और अंतागढ़ के क्षेत्र से रोज गायत्री परिवार के सदस्य पहुंच कर अपना सहयोग प्रदान कर रहे है। वहीं तैयारी को लेकर गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि 29 दिसंबर से शुरू होने वाले 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान में चल रहा है जो लगभग पूरी हो चुकी है। वहीं 51 कुंडीय हवन कुंड बन कर तैयार हो चुका हैं। दिवाल पर लेखन कार्य और टैंट का कार्य एक दो दिन के अंदर पूरा हो जाएगा अंतागढ़ की देव भूमि एक बार फिर से 29 दिसंबर को पवित्र होने जा रहा है इतने बड़े और इतने सुंदर कार्यक्रम हमेशा सौभाग्य से ही होता है, ऐसे कार्यक्रम से गांव ही नहीं पूरे क्षेत्र को पवित्र करती है, इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के लोगो को सहयोग प्रदान करना चाहिए,ताकि कार्यक्रम को और भी भव्य रूप दिया जा सके।

प्रथम पेज का शेष

सीएम साय ने निवेशकों को दिया न्योता...

बल्कि रोजगार सृजन पर भी जोर देती है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, खनन, और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। नई औद्योगिक नीति में विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 से सभी स्वीकृतियां और लाइसेंस प्राप्त करना आसान हो गया है। उद्योग विभाग द्वारा सब्सिडी जारी करने के लिए अधिकतम 3 स्तर और अधिकतम 7 दिनों की समय सीमा सुनिश्चित की गई है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए, न्यूनतम सरकार की अवधारणा के तहत निजी औद्योगिक पार्क को 30 प्रतिशत सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ, उद्योगों के लिए रेडी और विकसित प्लॉट आवेदन के 60 दिनों के भीतर सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया हम यह सुनिश्चित कर रहे कि उद्योग स्थापना एवं संचालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम हो एवं यथासंभव सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा ऑनलाइन माध्यम से हो ताकि उद्योग हेतु आपको सरकार के पास आने की आवश्यकता ना हो।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेशकों के सवालों का जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने राज्य में उपलब्ध बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल मानव संसाधन और शांतिपूर्ण माहौल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों द्वारा छत्तीसगढ़ की पहल की सराहना करते हुए निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह इन्वेस्टर मीट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

देश में रोजगार-स्वरोजगार...

की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा , हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जा रहा है। नव नियुक्त कर्मियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जायेगा।

दिल्ली चुनावः बड़े ...

आम आदमी पार्टी के सीएम फेस और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को उम्मीदवार बना सकती है। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं। चर्चा इस बात की भी है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस छोड़कर आए कैलाश गहलोत, राजकुमार गौतम, राजकुमार चौहान और अरविंदर सिंह लवली जैसे नेताओं को टिकट का ऐलान भी बीजेपी पहली लिस्ट में कर सकती है।

सोमनाथ की हत्या इसलिए

राज्य विधानसभा में कहा था कि सूर्यवंशी ने मजिस्ट्रेट से कहा था कि उसे प्रताड़ित नहीं किया गया और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं दिखता। राज्य भाजपा प्रमुख और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को नाटक करार दिया है।

शिक्षा मंत्रालय का बड़ा...

विफल रहता है, तो उसे उसी कक्षा में रोक दिया जाएगा।

इस कदम से पूरे देश में अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। गुजरात, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक और दिल्ली सहित कुछ राज्यों ने पहले ही ऐसे उपायों को लागू करने का फैसला किया है, जो इन कक्षाओं में फेल होने वाले छात्रों को रोकेंगे।

धान चोर कहकर रातभर ...

चोरी हुई है। मृतक के पिता ने बताया, धान चोरी करने वाले का दोस्त कहकर दंपती ने कार्तिक की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

प्रदेश में पांच दिवसीय ...

मेले का आयोजन होगा। इस मेले में देशभर से लाखों की संख्या में कबीरपंथी शामिल होते है। संत समागम समारोह के आयोजन की तैयारी लेकर बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक व खाद्य मंत्री दलायदास बघेल ने मौके का निरीक्षण किया। मंत्री ने मेला स्थल निरीक्षण के दौरान पेयजल, प्रकाश, पार्किंग और साफसफाई की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देश दिए।

25 लाख का इनामी ...

माओवादी संगठन के एक महत्वपूर्ण कैडर की गिरफ्तारी किये जाने से क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में उल्लेखनीय बढ़त प्राप्त होगी। प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव द्वारा नक्सल संगठन में वर्ष 1984 में पार्टी सदस्य के रूप में भर्ती होकर विगत 40 वर्षों से सक्रिय रहकर कार्य कर रहा था।

प्रभाकर राव का जीवन परिचय

प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव, उम्र- 57 वर्ष निवासी ग्राम बीरपुर, जिला जगित्याल, तेलंगाना राज्य वर्ष 1984 से नक्सल संगठन में पार्टी सदस्य के रूप में भर्ती वर्ष 1984-1994 तक अविभाजित राज्य आन्ध्रप्रदेश में माओवादी संगठन में सक्रिय वर्ष 1995-1997 तक बालाघाट क्षेत्र (मध्यप्रदेश) में सक्रिय वर्ष 1998-2005 तक उत्तर बस्तर, कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय वर्ष 2005-2007 का कार्य वर्ष 2007-2008कार्यरत म कार्यरत था। मानपुर-मोहला क्षेत्र में सक्रिय वर्ष 2008-2024 वर्तमान समय तक (मोबाईल पॉलेटिकल स्कूल) का प्रभारी के रूप में कार्यरत था।

न्यूज गैलरी

फिंगेश्वर कांग्रेस की बैठक

फिगेश्वर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के परिपेक्ष्य में वार्डों का आरक्षण पश्चात फिंगेश्वर नगर पंचायत क्षेत्र के कांग्रेसजनों का महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। रविवार 22दिसंबर 24 को सम्पन्न हुए बैठक में फिंगेश्वर नगर पंचायत के सभी 15 वार्डो के वार्ड वाइस तीन तीन प्रभारियों सहित अन्य वरिष्ट युवा तथा महिलाएं उपस्थित रहे और अपना अपना विचार रखे और सभी ने एक मत से संकल्पित हुए कि आगामी नगर पंचायत चुनाव में संगठित आपसी सहयोग से चुनाव में हिस्सा लेकर विजय हासिल करने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किए। उपस्थित कांग्रेसजनों ने विधानसभा के अपने सर्वमान्य नेता, मार्ग दर्शक अमितेश शुक्ल के दिशा निर्देश में भावी चुनाव में जीत हासिल करने संकल्प व्यक्त किए। बैठक में प्रमुख रूप से बिसौहा हरित,ओमप्रकाश बंछोर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, हरिशंकर श्रीवास्तव, अनिल चंद्राकर, कमलेश यदु, डोंगर सिंह मरकाम, राजेन्द्र सूर्यवंशी,रामकृष्ण तिवारी, युवराज सिंहा, अतुल श्रीवास्तव, करीम खान,टिकेश साहू, जेठू राम सतनामी, राज ऋषि टंडन, नेमीचंद बंजारे, रामाधीन साहू, कृष्णा ध्रुव, मोहन सोनवानी, लाला राम पांडे, सुनीता श्रीवास, अनसुईया यदु, गुंजा सोनी, हीरामन ध्रुव, सिरोहन निषाद, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

युवा अध्यक्ष बनने से भाजपा होगी मजबूत : प्रकाश सोनी

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा का संगठन महापर्व चल रहा है इसी क्रम में संगठन का महत्वपूर्ण दायित्व एक युवा को मिलना बहुत ही खुशी की बात है गरियाबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख के बनने से नगर के युवाओं में एक अलग ही उत्साह है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत में युवाओं का योगदान काफ़ी महत्वपूर्ण रहेगा। इसलिए ही उन्होंने कि राजनीति में एक लाख युवा को जोड़ने का संकल्प लिया है और लगता है उनका संकल्प जल्द ही पूरा होगा। बहुत सारे युवा साथियों ने भाजपा प्रवेश की मंशा ज़ाहिर की है और युवा अध्यक्ष मिलने से एक युवा टीम की उम्मीद है लेकिन संगठन में अनुभवी कार्यकर्ताओं का भी साथ मिलेगा साथ मिलकर भाजपा संगठन को और मज़बूत बनाएंगे। क्यों की कुछ समय पश्चात नगरीय निकाय चुनाव है और चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होती है। संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन और युवा कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता से पालिका चुनाव में पूरे 15 वार्ड में कमल खिलाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे , साथ ही साथ नगर पालिका का अध्यक्ष भी भाजपा का हो इसके लिए भी मेहनत करेंगे।

सूरजपुरा में 42 लाख के कार्यों का लोकार्पण 24 को करेंगे विजय बघेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें के बेरला विखं के ग्राम सूरजपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह 24 दिसम्बर को रखा गया हैं। जिसमें सांस्कृतिक मंच व सीसी रोड निर्माण कार्य 42 लाख का लोकार्पण मुख्यातिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपेश साहू विधायक बेमेतरा करेंगे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि अवधेश सिंह चन्देल पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश मंत्री, ओमप्रकाश जोशी जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि प्रीतम सिंह चन्देल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, यामिनी सुरेश वैष्णव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, डोमेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष भाजपा मंडल बेरला, केशर राजेश सोरी सदस्य जनपद पंचायत बेरला, बलराम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बेरला व सरपंच ग्राम पंचायत सुरुजपुरा, सचिव, पंच, भाजपा पदाधिकारी, जनता जनार्दन की उपस्थिति में सम्पन होगा।

मुख्य अतिथि विधायक भावना बोहरा ने बच्चों का बढ़ाया हौंसला

गुरुकुल के जूनियर विंग के बच्चों ने की वार्षिकोत्सव में नयनाभिराम प्रस्तुति

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के जूनियर विंग (कक्षा नर्सरी से चैथी तक) के नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव 'झलक' सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव पर संचालन समिति के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं एवं भारी संख्या में पालकगण मौजूद रहे।

इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भावना बोहरा पंडरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में जसविंदर बग्गा उपाध्यक्ष भाजपा कबीरधाम, संतोष पटेल भाजपा के महामंत्री मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन वंदन के साथ वार्षिकोत्सव का नयनाभिराम, आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शाला की उपलब्धियों से सभी अतिथियों को अवगत कराया। इस सत्र में सम्पन्न हुई विशेष गतिविधियों जैसे उत्सव फन मेला, फैशन शो, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, गुरुकुल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता, खो-खो, इत्यादी स्पर्धा के बारे में प्रभारी प्राचार्य ने जानकारी प्रदान की। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विविध रूप से उत्कृष्टता हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शाला के उतरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दी। कक्षा नर्सरी से केजी वन, केजी-टू, पहली, दूसरी के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा लेकर प्रभु का नाम, गोलमाल सांग, जंगल,जंगल बात चली है, कोली डांस, देवा गणेश, जैसे नयनाभिराम मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति को सभी दर्शकों ने काफी सराहा। कक्षा तीसरी, चैथी के बच्चों ने देवी सांग, वेलकम टू जंगल, घूमर की आकर्षक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। नन्हें-मुन्ने बच्चों की नृत्य संगीत की अनेकानेक आकर्षक नयनाभिराम प्रस्तुति ने जूनियर विंग वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिए। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफ्ल प्रस्तुति का श्रेय समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार का भागीरथ प्रयास रहा। अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। रंगारंग नयनाभिराम वार्षिकोत्सव का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

उपमुख्यमंत्री ने की छात्रावास के लिए 5.50 लाख रुपए देने की घोषणा

शहीद वीर नारायण सिंह का देश को आजाद कराने में अमूल्य योगदान : विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, भोरमदेव रोड में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मेन रोड से छात्रावास तक पहुंच के लिए सीसी रोड निर्माण हेतु एक लाख रुपए, मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए और छात्रावास में शौचालय निर्माण व अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 2.50 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने बालक-बालिका छात्रावास में 50-50 सीटें बढ़ाने का आश्वासन भी दिया।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने गरीबों और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। देश को आजाद कराने में उनका योगदान अमूल्य है। उनका त्याग और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने जो मार्ग दिखाया है, हमें उसी के अनुरूप कार्य करना है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सर्वआदिवासी और विश्व आदिवासी की बात आने पर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में मनाने की बात कही और सभी को साथ रहने और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिले में मिनी स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिससे युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का नेतृत्व किया और गरीबों व आदिवासी समाज के विकास के लिए आजीवन कार्यरत रहे। उनका योगदान देश की आजादी के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, संतराम धुर्वे, मानीराम साहू, मोती बैगा सहित छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे पिकअप और बाइक बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस ने एक वाहन चोर पकड़ा। उसके पास पीकअप और मोटर साइकिल भी बरामद हुई।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोविंदा निर्मलकर उम्र 25 साल साकिन वार्ड नंबर 9 साजा थाना साजा ने 21 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 दिसंबर के सुबह 7 बजे अपने महिन्द्र पीकअप वाहन कमांक सीजी 07 सीए 8478 में वार्ड नंबर 03 साजा से शासकीय दलिया बोरी को लोड कर ग्राम करही, कजरा, जगन्नाथपुर, मोहगांव के आंगनबाड़ी के केंद्र में छोड़कर रात्रि करीबन 8 बजे वापस आकर अपने वाहन को प्रतिदिन रात्रि में साजा रेस्ट हाउस के बाजू में खड़ा करता था।

वहीं पर खड़ा कर अपना घर चला गया था, 21 दिसंबर के सुबह 6 बजे रेस्ट हाउस साजा के पास आकर देखा तो महिन्द्र पीअकप वाहन कमांक सीजी 7 सीए 8478 वहां पर नहीं था, जिसको असापास में पता किया तो कोई पता नहीं चला। पीकअप वाहन कीमती लगभग 3 लाख रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया की रिपोर्ट पर थाना साजा में अपराध सदर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने तत्काल अज्ञात आरोपी का पता तलाश कर कार्यवाही करने निर्देश दिये।

सतनाम का जयघोष गांव-गांव में गूंजा : सीमा अनंत

कवर्धा/नवप्रदेश। 18 दिसंबर को सतनामी समाज द्वारा प्रातः स्मरणीय पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी की जयंती बड़े धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ गांव गांव में मनाया जाता है जैसे ही माह दिसम्बर आता है समाज के लोग गुरु पर्व की तैयारी में लग जाते है। बाबा जी की मूल सिंधांत एकता बंधुत्व भाईचारा समानता का संदेश को जन जन तक पहुंचाना होता है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सीमा अनंत उपस्थित जनसमूह को बताया कि पूज्य बाबा का संदेश बहुत ही सरल और सहज है जिसे आत्मसात करने हम अपने जीवन में मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। पूज्य बाबा जी का सहज संदेश, काहे के दिया -काहे की बाती, काहे के ज्योति जलाव सरी राती तन के दिया-मन के बाती, प्रेम के ज्योति जलावा सरी राती अर्थात् बाबा जी ने बताया की हम मानव रूपी शरीर को को ही साध कर ईश्वर की प्राप्ति कर सकते हैं। हम अपने मन-मास्तिक, चाल चरित्र, ख़ान -पान को सात्विक व सयंम रखकर एक अच्छे इंसान बन सकते है । बाबा जी इस बात पर भी जोर देते रहे कि हमारे अंदर प्रेम, सदभाव ,करुणा के भावना के साथ जलचर, नभचर, वन एवं सभी जीवो के प्रति सद्भावना रखने की आवश्यकता बताई है। परस्पर सहयोग, आपसी प्रेम भाईचारा और एकता के सूत्र में बंध कर देश राज और समाज को विकास की ओर आगे बढ़ा सकते हैं। बाबा जी मनखे मनखे एक समान के साथ संदेश दिए हैं। जिसे यथार्थ में शामिल किए बिना सही मायने में विकास की कल्पना नहीं कर सकते। यह सब सभी सभ्य समाज के चुने हुए जनप्रतिनिधि साथ में सरकार और उनके तंत्र के माध्यम से ही संभव है। बाबा जी के जयंती पर उपस्थित जनसमूह को जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब बाबा के बताए मार्ग को जीवन में आत्मसात कर अपने घर परिवार और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं और अपने जीवन को सुखमय के साथ मोक्ष की ओर ले जा सकते हैं। यह सब कार्य में हम सबकी जिम्मेदारी होगी तभी आज का यह पर्व हमारे बाबा जी की जयंती सफल होगा और सार्थकता होगी। उक्त अवसर पर सरपंच उपसरपंच के साथ दुलारी राम गहरू राम पंचराम टीकाराम नंदराम लेखराम कुंजराम कालाराम भगवानी अनिल कुमार जानकराम मनराम धन सिंह दशरथ साहू संतोष मेरावी नंदन सिंह धन साय धनुक लक्ष्मी कांत जितवा राम, राज कुमार दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला और ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

चारों ब्लाकों में जनसमस्या निवारण शिविर आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत भारत सरकार ने 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाने का निर्णय लिया हैं। इस अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को जनता तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना हैं।जिला बेमेतरा में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के निर्देशानुसार 23 दिसंबर को विभिन्न स्थानों जिला मुख्यालय के टाऊन हॉल के बाहर बेमेतरा, सामुदायिक भवन साजा, सतनाम भवन के बाहर नवागढ़ और बेरला ग्राम पंचायत सरदा स्कूल प्रांगण पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

घासीदास बाबा ने सत्य, अहिंसा और समानता का दिया संदेश : योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम कुम्ही में बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रात्रि प्रेम आनंद चौहान के विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान नेता और सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील करते हुए सभी ग्रामवासियों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में शामिल अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी योगेश तिवारी के विचारों की सराहना की। तिवारी ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और इस तरह के आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

जय सतनाम केवल एक वाक्य नहीं, जीवन जीने का है माध्यम : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों फरी, बाबामोहतरा सहित अन्य ग्रामों में बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर आयोजित समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस दौरान ग्राम फरी में पूर्व विधायक छाबड़ा ने अपने कार्यकाल के दौरान ढाई लाख रुपए की लागत से निर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

E-Procurement Tender Notice

Main Oortal : https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/न.नि./वा.शा./467/263 — भिलाई, दिनांक 23/12/2024

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	टेण्डर सिस्टम नं.	अनु. लागत (रुपये में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	वित्तीय वर्ष 2024-2025 में निगम भिलाई के वाहनों हेतु इंजन ऑयल, गियर ऑयल, हाइड्रोलिक ऑयल, ट्रांसमिशन ऑयल, आल पर्पस ग्रीस आदि क्रय करने के संबंध में।	163201	49,21,000.00	10/01/2025, शाम 5.30 बजे तक

निविदा हेतु धरोहर राशि FDR के रुप में कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई के नाम से तथा शपथ पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से वाहन शाखा, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास कोसा नगर, 490020 में जमा की जावें। उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

बाबा के दिखाए मार्ग का जीवन में करें अनुसरण : मनोज जायसवाल

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम नगर के विभिन्न वार्डो वार्ड क्र 1, 3, 4 व 9 में स्थिति जैतखाम में किये गये। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने पूजन अर्चन कर नगर की खुशहाली व विकास की कामना की व बाबा का आशीर्वाद लिया। साथ ही अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने कहा बाबा के दिखाएं जनकल्याणकारी मार्ग मनखे मनखे एक समान को सभी लोगों को अपनाते हुए अपने जीवन में उतार कर साजा नगर के विकास को अग्रसर करना हैं। इन आयोजनों में मुख्य रूप से पार्षद बिशरू साहू, दुर्गा गोयल, पूर्व पार्षद रामाधार गोयल, रामरतन मंडावी, मोहन गोयल, नंदू बघेल, रमेश बघेल, राजेंद्र रात्रे, चुम्मन रात्रे, गज्जू दास, कमलेश, सुशील निर्मलकर, विप्लव गौराहा, रखी बंजारे, सोनू, श्याम लाल, रोहित, लछ्छु व अन्य सतनामी समाज श्रद्धालुगण, वार्डवासी, नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202412140400011/ अ-6/2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नकछेड़ीन बाई पति स्व. चिन्तु राम निवासी आमापारा कांकेर, तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 5 डी. प्लाट नं. 16/1, 17/3 क्षेत्रफल 217 वर्ग मी., कच्चा मकान भू भाटक 75.96 रु. दावा 6.00 रु. हिरोंदी बाई बेवा पिलारु नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार हिरोंदी बाई बेवा पिलारू की मृत्यु दिनांक 13.10.2012 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज किए जाने मेन्टेनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, तलवाना के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन कर प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — **नजूल अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर**

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क/वा/नजूल/2024 मुंगेली, दिनांक 09/12/2024

श्री मनमोहन गोपाल पिता स्व. श्री मालिकराम एवं दो अन्य

निवासी मोहल्ला एल.आई.जी. 79 वैशाली नगर दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) .... आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन .... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री मनमोहन गोपाल पिता स्व. श्री मालिकराम एवं दो अन्य, निवासी मोहल्ला एल.आई.जी. 79 वैशाली नगर दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली पुराना बस स्टैण्ड स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-सी, प्लाट नं. 54/2, क्षेत्रफल 86 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर वैधानिक वारिसानों का नाम नजूल रिकार्ड में दर्ज किए जाने हेतु बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 01.01.2025 को दिन के 03.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद पफारप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नवीय मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2525780-90 फैक्स-0771-2227395 ई-मेल dc mo@rediffmail.com

क्रमांक : 101/15वें-वि.आ./नपानि/24 — रायपुर दिनांक 16/12/2024

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अनुसार सक्षम में पंजीकृत ठेकेदारी के माध्यम से सीलबंद निविदा (पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर., रोड. एस.ओ.आर. 01.01.2016 एवं इलेक्ट्रिक एस.ओ.आर 2020 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित) अनुसार एस.ओ.आर. आयटम हेतु फार्म "A" में कम या अधिक दर तथा नान एस.ओ.आर., आयटम हेतु फार्म "B" में ऑयटम दर पर दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 09.01.2025 की अपरांह 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर कक्ष क्रमाक 407 से दिनांक 01.01.2025 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 10.01.2025 को सुबह 11.00 बजे उपस्थित निविदाकार उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निविदाकार द्वारा एस.ओ.आर एवं नॉन एस.ओ.आर. आयटम हेतु प्रदाय दर अनुसार एकजागी कुल व्यय राशि के अनुसार ही न्यूनतम दर निर्धारित की जायेगी।

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि रू	अमानती राशि से	निविदा प्रपत्र	श्रेणी	कार्यावधि
	15वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2022-23 हेतु प्राप्त राशि से श्याम नगर में इन्दिरा बाल उद्यान विकास कार्य।	15/70/- लाख	14,000/-	750/-	डी एवं अधिक लिये पंजीयन नियम के अनुसार)	04 माह

नियम शर्ते :-

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ डीआर अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त नगर पालिक नगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।

3 लिफाफा (अ) में अमानती राशि लिफाफा (ब) में शपथ पत्र पेन कार्ड, GST Certificate. GST Returns of Months, 03 वर्ष के ITR की कॉपी, बैंक सॉलवेन्सी सर्टीफिकेट (Minimum 15% of PAC Amount) एवं PWD Registration Of Class-D and Above एवं लिफाफा (स) ने वित्तीय आफर।

4. कार्य की स्पेशिफिकेशन एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
5. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

अधीक्षण अभियंता, नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग.

तिफरा स्थित कार्यालय में मुख्य अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट मीटर लगने के बाद दिए गए भारी-भरकम बिजली बिल का विरोध, नागरिक सुरक्षा मंच ने किया प्रदर्शन

■ नागरिक सुरक्षा मंच ने पुतला दहन कर जताया विरोध, कांग्रेसियों ने भी दिया समर्थन

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्मार्ट मीटर के ननाम पर उपभोक्ताओं को अनाप शनाप बिजली बिल भेजे जाने और उपभोक्ताओं से बिना अनुमति लेकर स्मार्ट मीटर लगाएं जानें के विरोध में आज नागरिक सुरक्षा मंच के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए तिफरा स्थित कार्यालय में मुख्य अभियन्त के नाम ज्ञापन सौंपा।

नागरिक सुरक्षा मंच के संयोजक अमित तिवारी ने बताया कि सीएसपीडीसीएल द्वारा लोगों के घरों से मैनुवल (पुराना) मीटर उखाड़ कर एक नया मीटर लगाया जा रहा है जो कि स्मार्ट मीटर के नाम से जाना जा रहा है। विभाग द्वारा इस मीटर बदलने को लेकर उपभोक्ता को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है और ना ही उपभोक्ता से किसी प्रकार की अनुमति ही ली जा रही है, जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन घरों में बिजली का बिल 3 गुना-चार गुना भेजा जा रहा है, जिसके चलते लोग बिल नहीं पटा पा रहे हैं, एकाएक उपभोक्ताओं पर आये इस वित्तिय संकट का कारण विभागीय लापरवाही एवं स्मार्ट मीटर है, स्मार्ट मीटर के नाम पर कंपनी द्वारा जनता में साथ लूट की जा रही है। नियमतः स्मार्ट मीटर को चीप लगने के पश्चात ही स्टाल करना चाहिये था पर कंपनी द्वारा बगैर चिप के मीटर लोगों के घरों में लगा दिया गया है तथा वह मीटर अनाप-सनाप रिडिंग दर्शा रहा है। जब तक आपका मीटर स्मार्ट नहीं हो जाता तब तक मीटर बदलने की कार्यवाही को रोका जाये तथा जिन घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं उन्हें निकाल कर पुराना वाला मीटर लगाया जाये, साथ ही बिजली बिलों में सुधार कर मैनुवल मीटर के हिसाब से बिल निर्धारित कराने की कार्यवाही की जाये, जिससे आम जनता को राहत मिल सकें। अगर उक्त कार्यवाही नहीं की जाती है तो हम उग्र जन आन्दोलन को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदाही सीएसपीडीसीएल की होगी।

स्मार्ट मीटर का कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जा रहा

प्रभारी मुख्य अभियंता डीके भोजक ने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर अतिरिक्त बल की जो शिकायतें लोग कर रहे हैं। वह सरासर गलत है यह एएसडी चार्ज है अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि इसका स्मार्ट मीटर से कोई संबंध नहीं है अगर पुराना मीटर भी रहता तो भी यह राशि ली जाती उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वह स्मार्ट मीटर के ऐसे अतिरिक्त बिल वाले बातो पर विश्वास ना करें यह उपभोक्ताओं के लिए हर साल लिया जाने वाला अतिरिक्त सुरक्षा निधि का चार्ज है, जो उनके अकाउंट में ही जमा रहता है बाद में यह अर्जेस्ट हो जाता है।

उपभोक्ताओं के लिए शिविर लगाकर समस्याओं का हो रहा निराकरण

उपभोक्ताओं की शिकायत हेतु निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। स्मार्ट मीटर पर मिल रही शिकायतो के लिए समय-समय पर समस्या निवारण शिविर लगाकर निराकरण किया जा रहा है। बंगालीपारा, खमतराई में कुछ लोगों की शिकायतें मिली है। जिस पर कार्यपालन अभियंताओं को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

डी. के भोजक
प्रभारी मुख्य अभियंता, तिफरा

■ न्यूज गैलरी

सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल ने लगाई फांसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। खुदकुशी करने से पहले उसने पत्नी के नाम पत्र लिखकर छोड़ा है। पोस्टमार्टम के बाद कांस्टेबल के शव को उनके गृह ग्राम भेजा जा रहा है। सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल गगन पाठक 46 वर्ष असम के रहने वाले थे। वह भरनी स्थित सीआरपीएफ के कैंप में तैनात थे। रविवार की सुबह सभी जवान गणना के दौरान बाहर निकले तो गगन बहाना बनाकर कमरे में ही रुक गए और अंदर से दरवाजा बंद कर पंखे से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब जवान बैरक में लौटे तो भीतर से दरवाजा बंद था। आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो फिर खिड़की से झांक कर देखने पर पता चला कि कांस्टेबल ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर सीआरपीएफ के कमांडेंट अन्य अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। शव को उतरवाकर पंचनामा किया गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हेड कांस्टेबल की जेब से पत्नी के नाम एक चिट्ठी निकली है जिसमें उसने खुश रहने और बच्चों का ख्याल रखने की बात कही है। पत्र में भी खुदकुशी के कारण का स्पष्ट जिक्र नहीं है।

दो सौ से अधिक इन्फ्लूएंजर्स मीट में हुए शामिल

इनफ्लुएंसर्स मीट में जनसंपर्क विभाग ने शासन की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया सोसायटी, स्मार्ट सिटी और जनसंपर्क विभाग के सहयोग से शहर में दो दिवसीय इन्फ्लूएंसर मीट का आयोजन किया गया। जहां राज्य भर के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के इन्फ्लूएंसर ने शिरकत की।

कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के विभिन प्लेटफर्म यूट्यूबर, इंस्टाग्राम , फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी प्रश्नोत्तरी व विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ ही छत्तीसगढ़ी वर्ग पहेली हल कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक सुश्री आमना मीर ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी भूमिका वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है, वे क्या कंटेंट सोशल मीडिया पर डाल रहे है और इसका समाज ,देश, प्रदेश में क्या प्रभाव पड़ेगा इसका विशेष रूप से खयाल रखें। उन्होंने इन्फ्लूएंजर्स से आग्रह किया कि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें।

जनमन व सुशासन पुस्तक वितरित

कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पुस्तक और सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पुस्तक का वितरण कर शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा इन्फ्लूएंजर्स को इंटीग्रेटेड कमांड × कंट्रोल सेंटर का भ्रमण कराया गया और इसकी कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी और युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंजर्स ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा की और अपने अनुभव सुनाए, उन्होंने बताया कि इस तरह वे सोशल मीडिया के जरिए कमाई कर रहे हैं और अपने परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में राज्य भर से 200 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंजर्स शामिल हुए।

राजनांदगांव में होगा अभाविप का 57वां प्रदेश अधिवेशन

■ बिलाससुर में हुआ पोस्टर विमोचन, 100 प्रतिनिधि होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ का 57वा प्रदेश अधिवेशन संस्कारधानी राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहा है। छात्र शक्ति के इस अधिवेशन का बिलासपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर विकास पांडे उपस्थित थे। राजनांदगांव में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन को आचार्य विद्यासागर नगर के नाम से रखा गया है। आगामी 03 से 05 जनवरी को आयोजित होने वाले 57 वें छत्तीसगढ़ प्रांत अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हर वर्ष प्रांत अधिवेशन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जनवरी 2025 को राजनांदगांव में तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर परिषद के बिलासपुर विभाग की एक दिवसीय बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें 4 जिले के प्रदेश पद अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें प्रांत अधिवेशन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इस अधिवेशन में नवीन अध्यक्ष मंत्री का पद भार ग्रहण के साथ, शोभायात्रा, प्रदर्शनी उद्घाटन, नवीन कार्यकारिणी सत्र 2024-25 की घोषणा भी होनी है।

युवाओं को जानना चाहिए साहू समाज का गौरवशाली इतिहास: तोखन साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने मध्यप्रदेश के भोपाल में तैलिक साहू युवक - युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

भोपाल आगमन पर श्री साहू का जगह - जगह भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना किये। कार्यक्रम में 13सौ शादी योग्य युवक-युवती ने अपना परिचय दिये। श्री साहू ने इस पहल की सराहना किए । साथ ही श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा का साहू समाज का इतिहास गौरवशाली है। जिन्हें आज के युवा पीढ़ी को जानना चाहिए ताकि उनसे जीवन के संघर्ष से खुद को गौरवान्वित कर सके और प्रेरणा लेकर देश-समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें। साहू समाज को गौरवान्वित कराने वाले महान विभूतियों की लम्बी श्रृंखला है जिसमें आराध्य माता कर्मा देवी है जिन्होंने अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज तो उठाई ही लेकिन अपनी भक्ति की शक्ति से प्रभु जगन्नाथ को प्रसन्न किये। तेली कुल के भामाशाह- योद्धा भी और दानवीर। इतिहास में भामाशाह को हल्दीघाटी के युद्ध में मुग़लों के खिलाफ युद्ध करते हुए देखा गया और मित्रता निभाते भी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के कुसुम नारा में वर्षों से तपस्या कर रहे संत सत्यनारायण बाबा का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी साहू समाज से आते हैं। एक तपस्वी जीवन कैसे किये जाता है उनमे देखा जा सकतें हैं। श्री साहू ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन एक पुनीत कार्य है। इसके लिए मैं सबको बधाई देता हूं।

साहित्य समिति की मासिक गोष्ठी हुई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर साहित्य समिति की मासिक गोष्ठी कार्यक्रम अध्यक्ष बल्लू दुबे के निवास गोंडपारा स्थित गंगा विष्णु भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश गुप्त और अध्यक्षता बल्लू दुबे तथा संचालन हरबंश शुक्ल ने किया जहाँ पर उपस्थित कवियों ने अद्भुत रचनाएँ प्रस्तुत किये जिसमें सर्वप्रथम राघवेंद्र धर दीवान, भरतवेद, मयंकमणि दुबे, विनय पाठक, अमृतलाल पाठक, विजय तिवारी, नरेंद्र शुक्ल उपस्थित थे।

सतनामी समाज की शोभायात्रा का त्रिलोक के नेतृत्व में जोशीला स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर कोनी सतनामी समाज के द्वारा कोनी में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिले के कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, प्रभारी -प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश तथा गुजरात के मार्गदर्शन में तथा जिला पंचायत सदस्य स्मृति त्रिलोक श्रीवास, पार्षद वार्ड क्रमांक 68 योगिता आनंद श्रीवास के संयुक्त नेतृत्व में शोभायात्रा का सैकड़ों लोगों के द्वारा आतिशबाजी, पुष्प वर्षा, मिष्ठान, फल वितरण एवं श्रीफल भेंट कर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकचंद्र श्रीवास के साथ प्रमुख रूप से पंडित जनक पांडे, मणि शंकर पटेल, राजकुमार टांडे, अनिल श्रीवास

वेदव्यास श्रीवास आशु केवट दीपक श्रीवास संजू श्रीवास हर्ष कश्यप मनोज श्रीवास गोपीचंद श्रीवास आनंद श्रीवास रविंद्र पटेल शक्ति यादव गोलू सोनवानी बच्चा यादव संतोष यादव, इंद्रेश श्रीवास, मनोज दास मानिकपुरी, मनोज राज महंत ब्रिज खांडे रामकुमार केवट शिव पटेल मन्नू इमरान खान दीपक यादव शिव सोनवानी, संतोष सोनवानी, आशु सारथी, बद्री पटेल, अर्जुन पटेल, राजू पटेल, रवि पटेल, रामू पटेल संतोष पटेल श्यामू पटेल रामायण पटेल संतोष पटेल शंकर पटेल सोनू पटेल सुनील पटेल अनिल पटेल दुर्गेश पटेल राहुल श्रीवास रिंकू गढ़वाल बलराम साहू प्रमोद यादव पटेल, मंडराखंड पटेल, लाला ठाकुर, अमनगढेवाल चंद्रकांत, श्रीवास रामकुमार, केवट रज्जू पटेल, देवशरण कौशिक, श्याम सोनवानी, अश्वनी कोसले, राजेंद्र म्हात्रे, सुधा मंडल, विक्की, सुनेल, संकुरू सारथी, रामकुमार श्रीवास, भोलू श्रीवास, बोडो सारथी, शीतल गधेवाल, मनोज गधेवाल, मयंक ध्रुव, प्रमोद यादव, गंगू पटेल आदि उपस्थित थे।

सिख, सिंधी व सोनकर समाज की टीम सेमीफाइनल में

बिलासपुर/नवप्रदेश। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग सीजन- 5 रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच खेला जाएगा। साथ ही पुरस्कार वितरण किया जाएगा। आज 4 क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। सिख समाज, सिंधी समाज , सोनकर समाज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। आज 23 दिसंबर को फाइनल मैच के पहले 2 सेमी फाइनल मैच खेले जाएंगे। रात 9 बजे फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। समापन कार्यक्रम

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी सोसाइटी प्रीमियर लीग सीजन-5

में पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक सुशांत शुक्ला,भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवनन्नी, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। विजेता टीम को सोसाइटी प्रीमियर लीग ट्रॉफी के साथ ही स्वर्गीय शेख़ गफ्फार की याद में 33333 रुपए नगद राशि प्रदान की जाएगी तथा उप विजेता टीम को ट्राफी के साथ 15555 रुपए नगद प्रदान किया जाएगा। मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गेंदबाज तथा क्षेत्ररक्षण करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सेमी फाइनल पहुंचने के लिए आज पहला मैच सुदर्शन समाज तथा सोनकर समाज के बीच खेला गया। सोनकर समाज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में सारे विकेट खोकर 79 रन बनाएं। और सुदर्शन समाज को 80 रनों का लक्ष्य दिया।

विधायक सुशांत बनें जेडआरयूसीसी के सदस्य

■ रेल सेवा संबंधित विषयों पर देंगे सुझाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी)

में बतौर सदस्य नामित किया गया है। विदित है की रेलवे उपयोगकर्ताओं के बेहतर प्रतिनिधित्व की दृष्टि से तथा रेल प्रशासन और उपयोगकर्ताओं के मध्य रेल्वे द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं से संबंधित परामर्श और सेवाओं में सुधार के लिए भारतीय रेल में रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का गठन किया जाता है। इस समिति के ज़रिए सदस्य द्वारा समय समय पर रेल सुविधा, सेवा और समस्या से संबंधित सुझाव और समस्याओं को रेल प्रशासन के समक्ष रखते हुए उचित समाधान का प्रयास किया जाता है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के भी सदस्य है।

आयोजन

सीवीआरयू में मनाया गया विश्व ध्यान दिवस

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग व ध्यान जरूरी: कुलसचिव

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योग क्लब में ध्यान का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग परिवार से शामिल अतिथियों ने सभी को ध्यान कराया और ध्यान से लाभ के बारे में जानकारी भी साझा की।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने बताया कि 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अनेक कार्य किया जा रहे हैं। इसी

क्रम में योग और ध्यान को मिली वैश्विक मान्यता में इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि ध्यान और इसके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, महासभा ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया। आज के आपाधापी और मानसिक संघर्ष के जीवन शैली में सभी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग व ध्यान अनिवार्य है। उन्हें कहा कि बड़ा हर्ष का विषय है कि 21 जून को भी योग दिवस का श्रेय भारत को जाता है। योग का संदेश पूरे विश्व में भारत ने दिया है। आज 21 दिसंबर को विश्व ध्यान के लिए भी यह श्रेय भारत के पास है।

विवि में योग व ज्ञान की कक्षाएं शीघ्र

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में योग क्लब की स्थापना की गई है। यहां पर भारतीय ज्ञान केंद्र भी बनाए गए हैं, जहां पर विद्यार्थियों को वेदों पुराणों में निहित ज्ञान को अपने जीवन में उतरने प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर योग क्लब में ध्यान किया गया और विद्यार्थियों को इसके लाभ के बारे में भी बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए नियमित योग एवं ज्ञान की कक्षाएं लगाई जाएगी। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार से धर्मवीर सिंह, रजत गुप्ता, हार्दिक कक्कड़ विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ जयशंकर यादव ने किया।

न्यूज गैलरी

आदित्य का छत्तीसगढ़ की सब जूनियर सॉफ्टबॉल टीम में चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। आदित्य का छत्तीसगढ़ की सब जूनियर सॉफ्टबॉल टीम में चयन हुआ। जम्मू में 20 से 24 दिसम्बर तक होने वाले सब जूनियर सॉफ्टबॉल की राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए जिले के एक छोटे से गांव उदका के आदित्य बंजारे का चयन छत्तीसगढ़ के टीम में हुआ है। इनका चयन 10 नवम्बर रायपुर में हुए राज्य स्तरीय ट्रायल में अच्छे प्रदर्शन के फ्लस्वरूप हो पाया है। इसके अतिरिक्त आदित्य का चयन अंडर 17 वर्ग में राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता जो कि जलगांव महाराष्ट्र में 5 जनवरी से 9 जनवरी तक होगा। इस दोहरी सफ्लता का श्रेय इन्होंने ने अपने माता कोच उमाशंकर साहू, पंकज कैंवर्त्य को दिया। जिन्होंने इसकी सफ्लता के लिए इनके ऊपर कड़ी मेहनत किए। इस अवसर पर खेल युवा कल्याण विभाग क्रीड़ा अधिकारी संजय पाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए एवं सीनियर सॉफ्टबॉल खिलाड़ी आयुष ताम्रकार, आर्यन ताम्रकार अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी, सुनील दिवाकर, फेमस बंजारे एवं सभी खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किए।

मान वंदन शौर्य पथ संचलन का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में मान वंदन शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माता-बहने शामिल हुई। कार्यक्रम में मातृ शक्ति प्रांत संयोजिका प्रेमलता बिसेन की उपस्थिति में वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में मान वंदन शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरसाव स्कूल मैदान में प्रांत संयोजिका प्रेमलता बिसेन ने हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ शक्ति की जागरण की आवश्यकता बताई। उन्होने सभी माताओं बहनों को जागरूक रहने की बात कही। रानी दुर्गावती प्रथम महिला थी, जिन्होने भारत में सैनिक के रूप में कार्य किया। जिला संयोजिका ठा. भारवी सिंह परिहार ने उपस्थित मानवंदन कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं और बहनों का आभार व्यक्त किया। शौर्य शक्ति पथ संचलन बीआरसाव स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर पड़ाव चौक, बालानी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, सदर बाजार मेन रोड, मल्हापारा नंदी चौक से सिंधी कालोनी, नेहरू चौक, शिक्षक नगर होते हुए बीआरसाव स्कूल मैदान में समापन हुआ।

सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को आगे बढ़ाने पर जोर

भाषा प्रसार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किए गए सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम रखा गया। मीटअप में शामिल होने मुंगेली जिला के लगभग 05 से 07 लोगों ने फॉर्म भर अपना नाम एंट्री करवाया।

केटेगिरी एवं सब्सक्राइब को देखते हुए जिले से कोमल देवांगन यूट्यूबर का नाम तय हुआ। इस दौरान श्री देवांगन को सोशल मीडिया यूट्यूब के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शील्ड, प्रशस्ति पत्र सहित अन्य सामग्री क्रोमा द्वारा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान देवांगन समाज के अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता ने यूट्यूबर कोमल देवांगन को बधाई एवं शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष देवांगन ने बताया कि कोमल देवांगन प्रदेश देवांगन समाज के मीडिया प्रभारी दायित्वो के साथ-साथ जिला जनसंपर्क विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर, फेटोग्राफी और मुंगेली जिले में लगातार धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों को अपने यूट्यूब चौनल के माध्यम से लोगों को रूबरू कराते रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आसपास के क्षेत्र में भी जाकर कवरेज पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते है। इसी वजह से मुंगेली व्यापार मेला में सोशल मीडिया के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया। इसके साथ ही देवांगन समाज मुंगेली द्वारा माता परमेश्वरी महोत्सव में सोशल मीडिया

के माध्यम से प्रदेश स्तर तक महोत्सव को पहुंचाने हेतु सम्मानित, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक हिरेश सिन्हा द्वारा महोत्सव का बेहतरीन क्रियान्वयन हेतु कोमल देवांगन को स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित और रक्तदान करने हेतु लोगों को प्रेरित करने एवं स्वयं रक्तदान करने पर संस्थान द्वारा हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश युवा टीम उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, प्रदेश प्रवक्ता दुर्गेश देवांगन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया सोसायटी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सीनियर इंजीनियर प्रदीप साहू, प्रियंका ठाकुर, शिखा साहू, डॉक्टर आकांक्षा साहू, अदिति महिपाल, पुष्पेंद्र देवांगन, सृष्टि राय, शुभम कोसले, संस्कृति सिंह, आशीष बेक, राहुल सिंह, प्रकृति खन्ना, प्रवीण सिंह, ब्रजराज रजक, दीपक पटेल, राहुल सिंह, प्रकाश भैना का विशेष योगदान रहा।

सुशासन के एक साल पूरे होने पर कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि हुए शामिल

वृद्धाश्रम राघवपुरी में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों का हुआ सम्मान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के बेमिसाल एक साल पूरे होने के अवसर पर सोमवार को आस्था निकुंज वृद्धाश्रम राघवपुरी में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होकर सांसद चिंतामणि महाराज ने वृद्धजनों से मुलाकात की और पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने बेहद संवेदनशीलता के साथ बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने वृद्धाश्रम में उनके आवासीय व्यवस्था, भोजन, मनोरंजन की सुविधा आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, कलेक्टर विलास भोसकर, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि आलोक दुबे,

अभिमन्यु गुप्ता, कैलाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी तथा वृद्ध एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में स्वागत के दौरान सांसद चिंतामणि ने बड़े आदर पूर्वक वृद्ध ब्रम्हप्रकाश को अपने साथ बिठाया। इस दौरान उनकी जानकारी में आया कि ब्रह्मप्रकाश द्वारा देहदान का निर्णय लिया है।

सांसद ने उनके इस निर्णय की सराहना की। वृद्ध ब्रम्हप्रकाश मूलतः पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हैं, परिवार से पूरी तरह नाता टूट चुका है। देहदान के बारे में उन्होंने समाचार पत्रों में पढ़ा था जिससे देहदान की इच्छा उत्पन्न हुई और 2 वर्ष पूर्व उन्होंने देहदान का निर्णय लिया।सांसद चिंतामणि ने वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की मदद हेतु विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पुण्य कार्य में कई एनजीओ भी मदद कर रहे है। समाज की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि ऐसे वृद्धजन, जो अकेले हैं, उनकी सेवा के स्वयं तत्परता से आगे आएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद, जो सबका साथ, सबका विकास की मंशा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम की रीत उचित नहीं, संस्कार के मामले में हम पिछड़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी स्थिति नहीं, लेकिन शहरों में वृद्धाश्रम खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहानी के माध्यम से वृद्धजनों के अनुभव और विचारों की महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बेहद जरूरी है, पर माता पिता अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी दें। जिस सभ्य और शिक्षित समाज की परिकल्पना हम करते हैं, उसे बनाने में हम सभी का योगदान हो। सांसद ने वृद्धजनों का पुनः परीक्षण कराकर उन्हें आवश्यकता अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि शासन के द्वारा दिव्यांग एवं वृद्धजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है।

जंगली भालू ने दिया 2 शावकों को जन्म, निगरानी में जुटा वन अमला

लखनपुर/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम लटोरी के आश्रित रामपुर खासपारा से लगे आरकेशिया पेड़ों के झुरमुट में एक जंगली मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया है। ग्रामवासियों ने अमरेश राजवाड़े के बाड़ी में लगे आरकेशिया पेड़ों के झुरमुट में दोनों भालू शावकों को देखा जिसकी सूचना वन परिक्षेत्र कार्यालय में दी। खबर मिलते ही वन हिफाजती दस्ता मौके पर पहुंच। दोनों शावकों की निगरानी करने जुटी हुई है। साथ ही वन अमला ने ग्रामीणो को मादा भालू तथा उसके बच्चों के साथ किसी भी तरह की छेड़खानी नही करने हिदायत दी है। दिन में मादा भालू अपने बच्चों के साथ नहीं थी । रामपुर गांव के पास मुटकी बरपारा तथा गुमगराकला जंगल लगा हुआ है अनुमान लगाया जा रहा है,मादा भालू इन्हीं जंगलों से आकर इधर-उधर आने जाने के दौरान शावकों को जन्म दी होगी किसी भी व्यक्ति को कोई नुक़सान नहीं पहुंचाया है।

प्राधिकृत अधिकारी के रूप में पद भार संभाला विनोदपुरी गोस्वामी ने

मुंगेली/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति निरजाम के प्राधिकृत अधिकारी के पद पर नव निर्वाचित प्राधिकृत अधिकारी विनोदपुरी गोस्वामी ने शपथ लिया। उन्होने किसानों की सुविधा और निरजाम सेवा सहकारी समिति के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। किसानों के धान खरीदी से लेकर बीज खाद वितरण में किसानों की सुविधाओं का हमेशा ख्याल रखा जाएगा।

सेवा सहकारी समिति निरजाम के प्राधिकृत अधिकारी के शपथ ग्रहण के दौरान नव निर्वाचित प्राधिकृत अधिकारी विनोदपुरी गोस्वामी ने कहा। विनोदपुरी गोस्वामी अपने निःस्वार्थ सेवा व सहयोगी स्वभाव के चलते लगातार तीसरे बार सेवा सहकारी समिति निरजाम के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में पद भार ग्रहण किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे समर्थन मूल्य पर प्रदेश सरकार किसानों से धान की खरीदी सहकारी समिति के माध्यम से कर रही है। इस समिति के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांवों के 1000 से अधिक पंजीकृत किसानों से धान खरीदी कार्य चल रहा है। समिति में किसानों के सुविधाओं को ध्यान में रखकर सब को मिलकर काम करने की जरूरत है। गांवों के भोले भाले किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो इस बात की विशेष ध्यान दिया जाएं। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत समिति कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मुंगेली के पूर्व उपाध्यक्ष व जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ने नव नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी विनोदपुरी गोस्वामी के तारीफकरते हुए कहा कि ये विनोद पूरी गोस्वामी के निःस्वार्थ सेवा और किसानों के प्रति समर्पण का प्रभाव है कि तीसरे बार इस समिति के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में चुना गया है। कार्यक्रम में समिति के सस्था प्रबंधक बंशीलाल साहू, विक्रेता श्रीराम सिंह, ऑपरेटर रामस्वरूप साहू, पुष्पेन्द्र यादव, रामप्रकाश सिंह, रघुराज सिंह धनगांव, रामकमल सिंह, भूपेंद्र सिंह, रघुराज सिंह भदराली, श्रीराम साहू, मनोज कोशले, जगदीश साहू, होलीराम साहू, छैलराम साहू, कोमल साहू, रामप्रकाश सिंह, रघुराज सिंह बैस, रघुराज सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आज प्लेसमेंट कैम्प

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 24 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक स्टे प्रोटेक्टेड सेक्युरिटी गार्ड सर्विसेस प्रा. लिमिटेड ऑफिस पता-राठोर प्लाजा, द्वितीय तल, बढ़ई पारा रायपुर (छ.ग.) के प्रशिक्षण अधिकारी अमर सिंह उपस्थित रहेंगे। प्लेसमेंट कैंप के अंतर्गत सुरक्षा जवान के 100 पद, सुरक्षा सुपरवाईजर के 20 पद एवं एरिया इंचार्ज के 10 पदों पर भर्ती की जानी है। इस हेतु आवेदक की उम्र 18 से 40 वर्ष तक होना चाहिए, न्यूनतम योग्यता 8वीं से स्नातक तक हो, संभावित वेतन 14000 हजार से 22000 हजार रूपये निर्धारित किया है।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

सीपत/नवप्रदेश। नाइसटेक एजुकेशन संस्था सीपत के द्वारा रविवार को सीपत के मंगल भवन में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिलासपुर नाइसतेक के संस्थापक रविन्द्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थी स्कील से भी जुड़े जो जीवन बनाने बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सरपंच राजेंद्र धीवर ने कहा कि विद्यार्थियों को रुचि के अनुसार लगन व ईमानदारी से मेहनत कर अपने भविष्य का निर्धारण करना चाहिए। डीईओ कार्यालय बिलासपुर के सहायक परियोजना अधिकारी रामेश्वर जायसवाल व प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने कहा कि असफलता एक

चुनौती है इसे स्वीकार करते हुए बच्चे लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। शिक्षा के साथ साथ संस्कारो को भी ग्रहण करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में कौड़िया सरपंच श्रीमती रेखा धर्मेंद्र श्रीवस्तव, वरिष्ठ सचिव सरजू जायसवाल, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, नयनतारा महाविद्यालय से प्रमित कोरी बलराम जोशी भी उपस्थित रहे। सभी का संस्था की ओर से मोमेंटो व बुके भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद एक से बढ़कर एक सुआ , गरबा , गुजराती जैसे नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था में अध्ययन कर चुके पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर संस्था के योगदान के बारे में बताया।

17 वर्ष बालक एवं बालिका की नेटबाल टीमें फाइनल में पहुंची

मुंगेली/नवप्रदेश। 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता लुधियाना पंजाब में छत्तीसगढ़ राज्य की नेटबॉल टीम 17 वर्ष बालक एवं बालिका दोनों टीमें फायनल में पहुंचे एवं मेजबान पंजाब राज्य की टीम से पराजित होकर द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किए।

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता नेटबॉल बालक बालिका अंडर 17 वर्ष का आयोजन लुधियाना पंजाब में 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य नेटबॉल की टीम में शामिल बिलासपुर संभाग से जिले की शासकीय उच्चतर

माध्यमिक विद्यालय मदकू के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किए। मदकू के खिलाड़ी व्यायाम शिक्षक निर्मल जांगड़े के मार्गदर्शन में नेटबॉल मे जिला, संभाग, राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष चयनित होकर पदक प्राप्त करते हैं। टीम मे मदकू से साहिद पाटले, चंदन पाटले, राजा पाटले, मोंगरा यादव, ज्योति सेन, सौम्या राय शामिल रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी संजय पॉल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पथरिया पीएस बेदी, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक एवं विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी अशोक यादव, संस्था प्रमुख शंकर लाल साहू, संकुल समन्वयक दयाराम यादव, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किए हैं।

बादल छाए ...

जिले में फिर से मौसम बदला, बादल छाए रहे

वातावरण में नमी बढ़ने से ठंड में आई कमी, बारिश से फसलों को नुकसान का खतरा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में फिर से मौसम में बदलाव हुआ है। अधिकांश जगहों पर बादल छाये हुए हैं। बादल छाने की वजह से ठंड में कमी आयी है। अगले कुछ दिनों तक मौसम का ऐसा ही हाल रहने की उम्मीद है।

जिले में पिछले तीन दिनों से बादल छाये हुए है। बादल के साथ बारिश की संभावना भी बनी हुई है। हालांकि ठंड से लोगों को निजात मिल गया है। लेकिन फसलों को नुकसान की उम्मीद है। तिलहन-दलहन के फसल खराब होने की आशंका है। तीसरे दिन भी मौसम बिगड़ने से क्षेत्र के किसानों के माथे में चिंता की

लकीर स्पष्ट देखा जा सकता है। क्योंकि किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि कहीं बेमौसम बारिश से वजह से उनकी फसल को नुकसान न हो जाए। समिति प्रबंधकों द्वारा खरीदी केन्द्रों में पड़े धान को होने वाली बारिश से भीगने से बचाने उपाय कर रहे है। खराब मौसम से वायरल बीमारियों का बड़ा खतरा मौसम में अचानक हुए बदलाव का रहा है। मौसम में बदलाव के चलते सर्दी, खांसी वायरल का प्रकोप भी बढ़ रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बड़ी संख्या में बीमार पड़ने लगे हैं। जिसके चलते अस्पतालों से लेकर निजी क्लीनिक में मरीजों की कतार बढ़ गई है। नवंबर माह के दौरान ठंड का प्रकोप देखने को नहीं मिला है। दिसम्बर के शुरूआत में ठण्ड में इजाफा हुआ जो पिछले तीन दिनों से आकाश में बादल छाये रहने की वजह से ठण्ड कम हो गई है।

महतारी वंदन सम्मेलन में सांसद चिंतामणि ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर जनादेश परब के तहत सोमवार को पूरे जिले में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा गया। महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को सम्मेलन में सम्मानित किया गया। विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर के तहत पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। नीतू तंवर, विजिता जायसवाल सहित कई महिलाओं ने महतारी वंदन से मिली आर्थिक मजबूती के अनुभव को सभी के समक्ष साझा किया। सांसद चिंतामणि महाराज ने इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में पूरा किया जा रहा है। इसी में से सबसे महत्वपूर्ण महतारी वंदन योजना है जिसके केंद्र में महिलाएं हैं। शासन की मंशा है कि जब महिलाएं जब सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा और समाज सशक्त होगा।

भामसं के श्रमिक संपर्क पखवाड़े का शानदार समापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना के सत्तरहवीं वर्षगांठ पर सालभर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया है, इन कार्यक्रमों की श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव श्रमिक संपर्क पखवाड़े को लेकर जिले सहित निकटवर्ती जिलों खैरागढ़ व मोहला-मानपुर में भामसं के जिला इकाईयों ने गॉव-गॉव, शहर-शहर घूमकर श्रमिकों से संपर्क किया, उनका हाल-चाल जाना, उनके दुःख-दर्द की पहचान की व ट्रेड यूनियन जगत में भारतीय मजदूर संघ के संघर्षो तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये किये गये कार्यो का ब्यौरा एक पत्रक के माध्यम से रखा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि संपर्क पखवाड़े के तहत राजनांदगांव जिले के सभी 9 मंडलों में तथा खैरागढ़ व मोहला-मानपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में भामसं कार्यकर्ताओं ने मजदूरों से व्यापक संपर्क किया व कहा कि श्रमिक क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है, हॉल ही में देश में आयोजित जी-20 के तहत श्रमिक क्षेत्र में एल-20 का सफ्लतापूर्वक आयोजन कर विश्व में अपनी अन्तर्राष्ट्रीय बनाई तथा भारत में अपनी सशक्त उपस्थिति का एहसास सारे संसार को उजागर किया। इसी तरह असंगठित क्षेत्र के करोड़ों-करोड़ श्रमिकों को सामाजिक न्याय की योजना का लाभ दिलाया, श्रम कानूनों में अनावश्यक परिवर्तन को रोकने देशभर में अभियान चलाकर सरकार को सतर्क किया, श्रमिकों को कार्य के प्रति सजगता बताई, राष्ट्र की उन्नति में श्रमिकों की योगदान को महत्वपूर्ण करार दिया, यही कारण है कि पूरे देश में श्रमिक कार्यो को सम्मान मिल रहा है।

श्री साहू ने आगे कहा कि बावजूद इसके संगठित क्षेत्र ही नहीं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये बहुत कुछ किया जाना अभी बाकी है। श्रम के ऐसे अनेक क्षेत्र है जहॉ आज भी श्रमिकों का व्यापक पैमाने पर शोषण हो रहा है। श्रमिक संपर्क पखवाड़े के तहत श्रमिकों के बीच जाकर भारतीय मजदूर संघ ने उनकी समस्याओं को देखा व समझा है, आने वाले समय में इसके लिये कारगार योजना बनाई जायेगी। श्री साहू ने बताया कि श्रमिक संपर्क पखवाड़ा एक से बीस दिसम्बर तक पूरे क्षेत्र में आबाध गति से संचालित हुआ, इस अभियान का प्रारंभ छुरिया विकासखंड से किया गया था इसका समापन भी छुरिया विकासखंड में ही शानदार ढंग से किया गया। समापन समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत घोघरे में शिविर लगाकर किया गया। इस दौरान निर्माण श्रमिकों के श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया, इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती कांता साहू, खिलेश्वर साहू, हेमंत साहू, नयनसिंह पटेल, मया राम साहू, तीरथ विश्वकर्मा, हेमंत साहू, चेतनदास उपस्थित थे। श्रम विभाग की ओर से नारद सिंह मंडावी उपनिरीक्षक मुरली साहू एवं छत्रपाल देवांगन भी थे। इस पूरे अभियान में भामसं के नेताओं सुदर्शनदास मानिकपुरी, अल्का बारसागढ़े का विशेष योगदान रहा।

नगरी के वार्ड 8 में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन



नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर पंचायत के चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 8 पर गजपाल परिवार की ओर से नो दिवड्डय भागवत कथा का आयोजन किया गया है दिन मंगलवार को दंतेश्वरी मंदिर से कलश यात्रा लेकर कथा स्थल पहुंचे जिसमें दिन रविवार को महाराज परमपिता परमेश्वर सतगुरूदेव है जिसमे सहपरिवार के द्वारा यहाँ श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन पितृ शांति, पितरों का आशीर्वाद, आत्मशांति, समस्त जीवशांति, जीव कल्याण एवं सुख समृद्धि निमित्त किया श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया ,जिसमे दिन रविवार को श्रीमद् भागवत कथा मे महाराज मुकेश दीक्षित ने श्री कृष्ण के बाल लीला का के बारे में बताते हुए कहा कि लोगों द्वारा आजकल कृष्ण भगवान की बाल लीला नामकरण संस्कार आज के लोग भूल गए है।

न्यूज गैलरी

अंबिका मरकाम ने उठाया वन अधिकार वितरण पट्टा का मुद्दा

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम निरंतर क्षेत्र की ज्वलन सील मुद्दों को विधानसभा सत्र में उठाकर क्षेत्र की विभिन्न मुद्दों को पटल में रख रही है इस बीच उन्होनें 2021-22 जून से 2024 तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक वन अधिकार पट्टा (पत्र) प्राप्त करने हेतु समूह व समितियों से वर्ष वर आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है / वितरण किये जा चुके है ब्यक्तिगत वर्गवार अनुशुचित जाती , अनुसूचीतजन जाती, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग , पृथक पृथक वर्ग वार व रकबा की जानकारी चाही वही लोगों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा (पत्र) दिया जाना प्रक्रिया में है साथ ही कितने प्रकरण लम्बित है। जिस पर मंत्री रामविचार नेताम ने जानकारी दी कि 30 जनवरी 2024 तक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के 331 वन अधिकार पट्टा पत्र व 519 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा (पत्र) वितरण किया जा चुका है आगे उन्होंने जानकारी दी कि ,87591आवेदन प्राप्त हुए है 30 जून 2024 तक 939528 आवेदन प्राप्त हुए है जिस पर विधयाक मरकाम ने अध्यक्ष मोहोदय के मध्यम से जानकारी चाहा कि कितने प्रकरण लंबित है जिस पर मंत्री नेताम ने जानकारी देते हुए कहा कि सितंबर 2024 तक अनसूचित जनजाति तथा अन्य परंपरागत अन्य निवास के 4313 दावे इस प्रकार कुल 9665 दावे निरस्त हुए हैं वन अधिकार के संदर्भ में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुए हैं। वहीं अंबिका मरकाम विधायक सिहावा ने लंबित प्रकरण की जानकारी को पटल में रखने की बात करते हुए लंबित प्रकरणों की निराकरण कब तक होने की बात कही जिस पर विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मंत्री जी को को जल्द से जल्द सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण करने की बात कही जिसमें मंत्री मोहोदय ने कहा कि अति शीघ्र इस प्रकरण का निवारण कर दिया जाएगा।

सीनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ कुराश टीम रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। 23 से 26 दिसंबर तक लुधियाना (पंजाब) में आयोजित होने वाली सिनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ कुराश टीम रवाना हो गई।इस टीम की घोषणा सचिव आदित्य सिंह ने की थी।,जिन खिलाड़ियो को प्रदेश टिम में शामिल किया गया है उनमें रायपुर जिले से झरना निषाद , उषा यादव ,रवि जांगड़े, राहुल यादव एवम कोरबा जिले से मधुकर जाटवर है । टीम के खिलाड़ियो को छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक संघ उपाध्यक्ष शरद शुक्ला , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह ,छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन कोषाध्यक्ष आशीष यादव निलेश यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन ,चीफ कोच जगदीश चौधरी ,टेक्निकल चेयरमैन वर्षा मिरी सहसचिव पूनम अहीर , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य ओम मिश्रा , जी अजित ,सुकलाल यदु , गौतम मिरी , गोपी देवांगन , सरस्वती यादव , रमा टण्डन ने शुभकामनाये दी है।

पूर्व विधायक रंजना साहू के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन

छात्र जीवन को यादगार बनाने अपना श्रेष्ठ प्रदेशन करें : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय का वार्षिक स्नेह सम्मेलन शनिवार को धूम धाम से मनाया गया जहाँ कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक रंजना साहू,राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं कॉलेज जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष दमयंती साहू,प्राचार्या डॉ अनीता राजपुरिया,पूर्व प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित,जनभागीदारी समिति सदस्य अनीता यादव,जय हिंदुजा,उमेश साहू,विजय साहू,गीता साहू,चंद्रकला पटेल,संगीता जगताप,विनोद राव रणसिंग,ईश्वर सोनकर ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी देश भक्ति और भारतीय संस्कृति के अनुपम गीत और नृत्यों की प्रस्तुतियाँ हुई, समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा छात्र जीवन को याद करते हर्ष होता है आप सब के लिए ये ऐसा क्षण है जो सदैव आपके मस्तिष्क पटल पर विराजित रहेगा,हम अपनी कमियों को दूर कर अपना श्रेष्ठ देते हुए इस क्षण को और यादगार बनायें,आज धमतरी की बेटियां किसी जगह कम नहीं है, ज्ञान से लेकर विज्ञान, अनुसंधान से लेकर उद्योग,खेल से लेकर क्रीड़ा,शिक्षा से लेकर सैन्य तक बेटियों का परचम लहरा रहा है,अति विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद ने कहा ये बदलता हुआ दौर है ये अमृतकाल का दौर है इसमें हमारे भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वपूर्ण समय है जिसकी बुनियाद देश का युवा रखेगा इसमें हम सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की अध्यक्ष दमयंती साहू ने कहा शिक्षा के साथ संस्कृति का जुड़ाव बेहद आवश्यक है हमारी बेटियाँ सिर्फशिक्षा ही नहीं उसके साथ खेल में साहित्य में और अपने संस्कारों से भी मजबूती से जुड़ें यही हमारी आज सीखने के समय को और सार्थक बनाएगा,विशिष्ट अतिथि जय हिंदुजा ने कहा भारत के गौरव गाथा में बेटियों का योगदान अविस्मरणीय है,हम जिस जगह देखें बेटियों ने अपना लोहा मनवाया है,हम चाहते हैं कि धमतरी की पहचान धमतरी की बेटियों से हो इससे अधिक गौरव की बात कुछ नहीं हो सकती,कार्यक्रम को सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ अनीता राजपुरिया ने संबोधित करते हुए कॉलेज के उतिहास और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारियाँ दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ रोहिणी मरकाम एवं सतीश साहू ने किया। कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ डी आर चौधरी ने आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी ए आर थिटे, नायाब तहसीलदार जितेन्द्र डहरे, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ जे एल पाटले, ओ पी चंदे, चंद्रशेखर बांधें, राजेश जांगड़े, मधुमाधव देव, आकाश साहू, हुकेश मार्कण्डेय, नरेंद्र साहू, सतीश साहू सहित महाविद्यालय के कार्यालयीन स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

अभद्र टिप्पणी से अंचलवासियों एवं कांग्रेस जनों में रोष

कांग्रेसजनों ने किया अमित शाह के बयान का विरोध

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। फिंगेश्वर एवम् अंचल के लोगों में राष्ट्र के पुरोधा एवं संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर के प्रति केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा उपहास करते हुए किया गया अभद्र टिप्पणी का अंचल वासियों एवं कांग्रेस जनों ने तीव्र विरोध तथा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर के नाम को नीचा दिखाने की मंशा से ही अमित शाह ने संसद में यह घिनौना बोल बोले हैं जो शाह के चरित्र को उजागर करता है। अपने इस दुष्कृत्य पर पर्दा डालने एवं विरोध के आवाज को दबाने सत्ता के ताकत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी को झूठे आरोप में फंसा कर आवाम को डराने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी जीतना निंदा किया जाए कम है।

फिंगेश्वर कांग्रेस जनों तथा ग्रामीण जनों ने एक बैठक में निर्णय लेकर शाह के वक्तव्य का निंदा करते हुए सड़क में विरोध प्रदर्शन किए। निंदा प्रस्ताव तथा विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश बंछोर, बिसौहा हरित, हरिशंकर श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सूर्यवंशी, रामकृष्ण तिवारी, डोंगर सिंह मरकाम, अनिल चंद्राकर, कमलेश यदु, अतुल श्रीवास्तव, करीम खान, टिकेश साहू, जेठू बंजारे, रामाधीन साहू, देव कुमार गिरदे, कृष्णा ध्रुव, हीरामन ध्रुव,मोहन सोनवानी, सिरोहन निषाद, कुंज लाल यादव, नेमीचंद बंजारे, सुग्रीव चक्रधारी, मनीराम ध्रुव, युवराज बंटी सिंहा, राज ऋषि टंडन, श्रीमति सुनीता श्रीवास, अनसुईया यदु, गुंजा सोनी, सहित अनेक नगरवासी तथा ग्रामीण जन शामिल शरीक रहे।

मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश

गुरु घासीदास ने सतनाम के सिद्धांत पर की समाज की स्थापना : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कुम्ही (ख) के बाबा घासीदास जयंती में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सतनामी समुदाय के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास जयंती अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना 'सतनाम' के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ हैं सत्य और समानता। वे एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु घासीदास ने सत्य का प्रतीक जैतखाम की रचना की, एक सफेद रंग का लकड़ी का लट्ठा, जिसके शीर्ष पर एक सफेद झंडा होता हैं, जो सत्य के मार्ग पर चलने वाले श्वेत व्यक्ति का प्रतीक हैं। 'सतनाम' सदैव स्थिर रहता हैं और सत्य का स्तंभ (सत्य स्तंभ) माना जाता हैं तथा मनखे मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के बताऐ रास्ते आज सम्पूर्ण मानव समाज के लिए पथप्रदर्शक हैं, बाबा की जयंती पर उन्हें कोटि कोटी प्रणाम। इस अवसर पर रोशन वर्मा, गुलजार वर्मा, शुभम वर्मा, मनीष टंडन सरपंच, नवाज खान, शत्रुघ्न दास भारती, लालाराम डहरिया, अनिल सेन, बलदाऊ डहरिया, टिकेंद्र साहू, संतन दास पात्रे, कृष्ण दास भारती, शिवकुमार भारती, जगदीश भारती, गंगाधर पात्रे, अजीत कुमार, रामलाल डेहरे, हेमदास दिवाकर, राजेश दिवाकर, मनहरण टंडन, संतोष टंडन, रवि पात्रे, शेरसिंह डहरिया सहित ग्रामवासी एवं पंथी पार्टी के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

नगरी में मेगा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप प्रस्तावित

नगरी/नवप्रदेश। नगरी के सिविल अस्पताल में दिन सोमवार को नगरी में प्रातः 10:30 बजे से मेगा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप प्रस्तावितहै। जिसमे MMI अस्पताल रायपुर से ऑन्कोसर्जन परामर्श के लिए उपलब्ध हैं, मैमोग्राफी और पैपस्मियर जैसी जांच की सेवाएं उपलब्ध हैं द्य जिस हेतु बीएमओ सिविल अस्पताल नगरी ने आम जनता से अपील किया है की वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क केंसर कैम्प का लाभ उठाएं।

सीएचसी ने किया स्कूलों में बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला अंधत्व नियंत्रण समिति बेमेतरा के तत्वाधान में कलेक्टर रणवीर शर्मा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ यशवंत कुमार धुव, डीएचओ डॉ. अशोक कुमार बांसोड़, सुश्री लता बंजारे जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बेमेतरा के मार्गदर्शन में तथा बीएमओ साजा डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा के निर्देशानुसार व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वदेश जायसवाल के मार्गदर्शन में विनोद कुमार साहू नेत्र चिकित्सा एवं सहायक अधिकारी द्वारा 16 से 21 दिसंबर को राष्ट्रीय दृष्टि हीनता नियंत्रण के अंतर्गत बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हाड़ाहुली, भरमपुरी, साजन, हाटरांका, खपरी स्कूलों में बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें 8 बच्चों के आंखों में दृष्टि दोष पाया गया एवं उनके उपचार के लिए निःशुल्क चश्मा वितरण जिला अंधत्व नियंत्रण समिति बेमेतरा के द्वारा किया जाएगा। अभी वर्तमान में शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा हैं।

जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा के निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय तथा जिला मिशन समन्वयक एम. एल. ब्रम्हाणी के मार्गदर्शन, एपीसी जहीर अब्बास एवं एपीसी रामखिलावन वर्मा के समन्वय से जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण 19 एवं 20 दिसंबर को बीआरसीसी कार्यालय बलौदाबाजार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के पांचो विकासखंड के चयनित शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर भास्कर साहू, व्याख्याता, शासकीय हाई स्कूल औरेठी, सिमगा एवं डॉ.अरुण कुमार वर्मा, शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्य. शाला रीवाड़ीह, पलारी द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का प्रारंभ सरस्वती पूजा व शिक्षकों के परिचय से हुआ। मास्टर ट्रेनर डॉ.अरुण कुमार वर्मा द्वारा यूथ एवं इको क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि बच्चों में जीवन-कौशल, नेतृत्व-क्षमता व सकारात्मक गुणों के विकास हेतु ÷यूथ क्लब÷ का तथा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य व पोषण आदि के प्रति जागरूकता व सक्रियता बढ़ाने "इको क्लब" का गठन किया गया है । प्रशिक्षण में प्रथम दिवस मुख्यतः प्लास्टिक का इतिहास, प्लास्टिक के सात प्रकार, प्लास्टिक कचरे से प्रदूषण एवं दुष्परिणाम, प्लास्टिक के मुख्य 3आ, पेपर का थैला बनाना, जमीन मेला आयोजित करने आदि पर तथा द्वितीय दिवस स्कूल पोषण वाटिका के लिए जमीन तैयार करने, फसल चयन, बीज संकलन व प्रदर्शनी, फसल-जमीन नक्शा, फसल सुरक्षा,कटाई तथा जीवामृत, बीजामृत व निमास्त्रा बनाने की विधि का चर्चा-व्याख्यान,समूह-कार्य, प्रयोग-प्रदर्शन एवं फिल्म-प्रदर्शन के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया ।मास्टर ट्रेनर भास्कर साहू ने प्रथम क्रियेटिव क्लब तथा 12 सप्ताह के गतिविधि के बारे में बता कर खेती के लिए जमीन का नक्शा बनाने के तरीके को समझाया।

जिंदगी बचाने की पहल... युवाओं को दिया संदेश, जब समाज एक साथ आता है तो होता है बड़ा बदलाव

गुरु घासीदास जयंती पर स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर, 50 की उम्र वालों ने दिखाया उत्साह

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़) / नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर एक अद्वितीय आयोजन ने लोगों का ध्यान खींचा। इस पवित्र दिन पर स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खास बात यह रही कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, और कई लोगों ने पहली बार रक्तदान का अनुभव किया। डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में उपस्थित लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया।

वरिष्ठ नागरिकों का जोश काबिले तारीफ

50 वर्ष से अधिक उम्र के कई लोगों ने रक्तदान करके यह साबित किया कि उम्र केवल एक संख्या है। उनका उत्साह न केवल युवाओं को प्रेरित कर रहा था, बल्कि समाज के प्रति जागरूकता का संदेश भी फैला रहा था।

आयोजकों का संदेश-

इस आयोजन के प्रमुख बृजकिशोर अजगल्ले (सरपंच), लक्ष्मी नारायण और गोपी अजय (संवाददाता नवप्रदेश) है। आयोजको ने कहा की ÷गुरु घासीदास जी के विचार हमें सत्य, अहिंसा और समानता की सीख देते हैं। इस अवसर पर रक्तदान करके हम उनके आदर्शों का पालन कर रहे हैं। रक्तदान एक ऐसा उपहार है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है।÷ और यह पहल हमेसा रहेगा आने वाले हर सालो मे इस प्रकार के शिविर का आयोजन करेंगे क्योंकि हमारे इस पहल से लोगो को एक नया जीवन मिलेगा।

समाज में जागरूकता का संचार

शिविर में उपस्थित सभी लोगों ने आयोजन की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रमों को और भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की मांग की। इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि जब समाज एक साथ आता है, तो बड़े बदलाव संभव होते हैं। हमारा समाज हमेसा सामाजिक उत्थान के लिए विशेष पहल करता है और सबको सामान मानता है गुरु घासीदास जी ने मानव मानव एक सामान का सन्देश देते हुए छुवा छुत का विरोध किये।

रक्त दान शिविर मे सम्मिलित ग्रामवाशी

लाकेश्वर अजय, जवाहिर लहरे, फिरतुराम जांगड़े, आत्माराम अजगल्ले, लक्ष्मी नारायण, गोपी अजय, बृजकिशोर अजगल्ले, नवीन लहरे, किसान (कोदवा) सम्मिलित रहे।

स्वास्थय जाँच

सेवक बंजारे, रामु अजय, महादेव रत्नाकर, साहस मण्डल, राजेश बंजारे, जानीराम, श्याम बाई सोनी, पद्मिनी, कर्मा भाई सोनवानी, केदार कुर्रे राधेश्याम अजगल्ले, तुलसी बाई अजय, कुमारीन सोनी और अन्य सैकड़ो लोगो ने स्वस्थ जाँच कराया।

डॉक्टर टीम

सारंगढ़ से आये डॉक्टर मे सर आर के आदित्य, खगेश्वर आदित्य, चन्द्रिका साहू, राजेश चंद्र, राम नरेश साहू और दुलेश्वर निषाद रहे जिन्होने लोगो की स्वस्थ जाँच कर उनको उनके स्वास्थय के अनुसार परामर्श दिया। यह आयोजन गुरु घासीदास जयंती की महत्ता को और भी विशेष बना गया। इस प्रकार का आयोजन आदुतीय एवं प्रसंसाक है। इस प्रकार के आयोजन कर सयोजक समिति ने एक अनोखा पहल किया और हर साल इस प्रकार की विशेष शिविर लगाने की बात कही गयी।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स 600 अंक उछलकर 78600 के पार, निफ्टी भी चढ़ा

मुंबई/नवप्रदेश। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। इससे पहले पिछले पांच दिनों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक या 4.98 फीसदी टूटा और निफ्टी 1,180.8 अंक या 4.76 फीसदी गिर गया। बीते हफ्ते की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बड़ी बढ़त के साथ खुला। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 628.34 अंक उछलकर 78,669.93 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 219 अंक बढ़कर 23,806.50 पर पहुंचा। इस दौरान अदाणी समूह के शेयरों में भी उछाल देखा गया। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। इससे पहले पिछले पांच दिनों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक या 4.98 फीसदी टूटा और निफ्टी 1,180.8 अंक या 4.76 फीसदी गिर गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,597.82 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

फ्रंट रनिंग मामले में नौ लोगों-संस्थानों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, कुछ इकाइयों की ओर से बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की गई थी। इन लोगों-संस्थाओं ने पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी व अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम का उल्लंघन किया था। कार्रवाई के तहत अर्जित अवैध लाभ को जब्त किया गया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य लोगों-संस्थानों से जुड़े एक 'फ्रंट रनिंग' मामले का भंडाफोड़ किया है। साथ ही, इन पर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगाने के साथ लोगों से अवैध तरीके से कमाए गए 21.16 करोड़ रुपये लौटाने का निर्देश दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, कुछ इकाइयों की ओर से बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की गई थी। इन लोगों-संस्थाओं ने पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी व अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम का उल्लंघन किया था। कार्रवाई के तहत अर्जित अवैध लाभ को जब्त किया गया है। फ्रंट रनिंग का मतलब अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन कर लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों के पास नहीं होती।

2025 में बनी रहेगी तेजी, होगी कमाई; लार्जकैप में फायदे की उम्मीद

दिल्ली। साल 2024 दुनिया के शेयर बाजारों के लिए भले ही उतार-चढ़ाव वाला रहा हो, इसके बावजूद भारतीय बाजार ने जाते-जाते 8 फीसदी का रिटर्न दिया है। यह रिटर्न बहुत अच्छा नहीं है, लेकिन विपरीत वैश्विक स्थितियों में यह बेहतर है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि नया साल 2025 इससे भी बेहतर होगा। दुनियाभर में 2024 में जिस तरह की परिस्थितियां रही हैं, उस माहौल में किसी भी साधन से बेहतर रिटर्न की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। 2024 के शुरू में दुनिया में माहौल अलग था। देशों के बीच तनाव के साथ महंगाई और ब्याज दरों को शीर्ष पर रखने की होड़ थी। लेकिन, स्थितियां तब और बुरी हो गईं, जब दूसरी और तीसरी तिमाही की शुरुआत में हालात काफी खराब हो गए। कई देश युद्ध और महंगाई की चपेट में आ गए। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने निवेश के लिए बाजार बदल दिए। केंद्रीय बैंकों के गाइडेंस बदल गए।

डेटा स्थानीयकरण योजनाओं से डेटा केंद्रों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है

वित्त वर्ष 2027 तक भारत की डेटा सेंटर क्षमता दोगुनी से ज्यादा होगी, क्रिसिल की रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। डेटा सेंटर आम तौर पर नेटवर्क सर्वरों का एक बड़ा समूह होता है जिसका उपयोग संगठन बड़ी मात्रा में डेटा के दूरस्थ भंडारण या वितरण के लिए करते हैं। डेटा स्थानीयकरण योजनाओं से डेटा केंद्रों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2027 तक डेटा सेंटर की क्षमता दोगुनी से ज्यादा हो सकती है। भारतीय डेटा सेंटर उद्योग की क्षमता वित्त वर्ष 2027 तक दोगुनी से अधिक होकर 2 से 2.3 गीगावॉट तक जाएगी, जिसका श्रेय अर्थव्यवस्था में बढ़ते डिजिटलीकरण को जाता है। उद्यम क्लाउड स्टोरेज में तेजी से निवेश कर रहे हैं, जिससे क्षमता वृद्धि में मदद मिलेगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने सोमवार को यह दावा किया। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GenAI) की बढ़ती पैठ से मध्यम अवधि में मांग बढ़ने की उम्मीद है। जेन एआई की तीव्र प्रगति, जिसके लिए पारंपरिक क्लाउड कंप्यूटिंग कार्यों की तुलना में अधिक कम्प्यूटेशनल शक्ति और कम देरी की आवश्यकता होती है, भारत में डेटा सेंटर की मांग को भी बढ़ावा देगी। डेटा सेंटर आम तौर पर नेटवर्क सर्वरों का एक बड़ा समूह होता है जिसका उपयोग संगठन बड़ी मात्रा में डेटा के दूरस्थ भंडारण या वितरण के लिए करते हैं।

डेटा स्थानीयकरण योजनाओं से डेटा केंद्रों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है, इसके अलावा विभिन्न राज्यों की ओर से ऐसे निवेशों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन भी दिए जाते हैं। डेटा सेंटर कंप्यूटिंग और स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग को पूरा करते हैं, जो दो कारकों से संचालित होती है। पहला, उद्यम तेजी से अपने कारोबार को क्लाउड सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर रहे हैं, यह एक ऐसा चलन है जो कोविड-19 महामारी के बाद और तेज हो गया है। दूसरा, हाई-स्पीड डेटा की बढ़ती पहुंच ने सोशल मीडिया, ओवर-द-टॉप (ह्ज्ञ्ज्ञ) प्लेटफॉर्म और डिजिटल भुगतान सहित इंटरनेट के उपयोग में उछाल ला दिया है। क्रिसिल के अनुसार, पिछले पांच वित्त वर्षों में मोबाइल डेटा ट्रैफ़िक ने 25 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2024 के अंत में 24 जीबी प्रति माह था और वित्त वर्ष 2026 तक इसके 33-35 जीबी तक बढ़ने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक और उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा, ÷बढ़ती डेटा सेंटर की मांग को पूरा करने के लिए, अगले तीन वित्त वर्षों में 55,000-65,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है, जो मुख्य रूप से भूमि और भवन, बिजली उपकरण और कूलिंग से जुड़े समाधानों पर खर्च होगा। डेटा सेंटर ऑपरेटर आमतौर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हैं-जैसे भूमि और भवन, जो कुल पूंजीगत व्यय का 25-30 प्रतिशत है।

चुनाव के बाद डॉलर हुआ मजबूत

रिकॉर्ड निचला स्तर, फिर भी अन्य मुद्राओं के मुकाबले कम टूटा रुपया

दिल्ली। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद से सभी देशों की मुद्राएं डॉलर की तुलना में कमजोर हुई हैं। आंकड़े बताते हैं कि डॉलर की तुलना में रुपया 5 नवंबर से लेकर 19 दिसंबर के बीच 1.20 फीसदी कमजोर हुआ है। अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया टूटकर भले ही रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया हो, इसके बावजूद इसमें प्रमुख देशों की मुद्राओं के मुकाबले सबसे कम गिरावट आई है। रुपया बृहस्पतिवार को पहली बार 85 के स्तर से नीचे पहुंच गया था। हालांकि, शुक्रवार को इसमें 10 पैसे का सुधार देखने को मिला था। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद से सभी देशों की मुद्राएं डॉलर की तुलना में कमजोर हुई हैं।

आंकड़े बताते हैं कि डॉलर की तुलना में रुपया 5 नवंबर से लेकर 19 दिसंबर के बीच 1.20 फीसदी कमजोर हुआ है। इस अवधि के दौरान फिलीपीन की मुद्रा में 1.55 फीसदी, तुर्किये में 2.21 फीसदी, ताईवान में 2.29 फीसदी और थाईलैंड की मुद्रा में 3.08 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, 5 नवंबर से लेकर 19 दिसंबर की अवधि के बीच डॉलर की तुलना में इंडोनेशिया की मुद्रा 3.72 फीसदी कमजोर हुई है। मलयेशिया की मुद्रा में 3.95 फीसदी और दक्षिण कोरिया की मुद्रा में 4.77 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। यूरो जोन की मुद्रा भी 5.17 फीसदी टूटी है। दो सप्ताह की खरीदारी के बाद विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह 976 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। हालांकि, पिछले सप्ताह के शुरुआती दो दिन में 3,126 करोड़ की खरीदारी की थी।

आयात के लिए चुकानी होगी अधिक कीमत

डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट से देश को आयात के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे न सिर्फ महंगाईऔर बढ़ेगी, बल्कि देश के व्यापार घाटे पर भी असर पड़ेगा।खासकर ऐसे समय में जब महंगाई दर 5 फीसदी से ऊपर बनी हुई है। विश्लेषकों का मानना है कि जब तक अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अर्थव्यवस्था पर अपनी नीतियों का खुलासा नहीं करते, तब तक डॉलर अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत बना रहेगा। ट्रंप के अब तक के सभी संकेत इस ओर इशारा कर रहे हैं कि वह अमेरिकी डॉलर को मजबूत बनाए रखेंगे और इसलिए सभी देशों की मुद्राओं को इसके अनुरूप समायोजित होना होगा।

तीन लाख करोड़ रुपये हो जाएगा इंडस्ट्री का आकार

कचरा रिसाइकिल उद्योग 11 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

हैदराबाद। रीसस्टेनिबिलिटी लि. के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मसूद मलिक ने बताया, आज देश के शहरी इलाकों में प्रतिदिन करीब तीन लाख टन कचरा निकलता है। इसमें से सिर्फ 20 फीसदी का ही हर दिन रिसाइकिल हो पाता है। इससे पता चलता है कि इस उद्योग में आगे बढ़ने की अपार संभावना है। देश में स्वच्छता अभियान पर सरकार के जोर देने और साफ-सफाई के प्रति लोगों में जागरूकता ने कचरा रिसाइकिल उद्योग को नई रफ्तार दी है। उद्योग से जुड़ी कंपनियां कचरा रिसाइकिल क्षमता बढ़ाने के लिए नई तकनीकों पर भारी निवेश के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

रीसस्टेनिबिलिटी लि. के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मसूद मलिक ने बताया, आज देश के शहरी इलाकों में प्रतिदिन करीब तीन लाख टन कचरा निकलता है। इसमें से सिर्फ 20 फीसदी का ही हर दिन रिसाइकिल हो पाता है। इससे पता चलता है कि इस उद्योग में आगे बढ़ने की अपार संभावना है। उम्मीद है कि उद्योग का आकार 2030 तक बढ़कर तीन

लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा, जो अभी 60,000 करोड़ है। 1.25 लाख रोजगार देने वाले कचरा रिसाइकिल उद्योग में 2030 तक 11 लाख से अधिक लोगों को काम देने की क्षमता है। हैदराबाद समेत देश के कई शहरों में फैली कंपनी अब यूपी के लखनऊ में भी कचरा रिसाइकिल प्लांट लगाने की तैयारी कर रही है। करीब 5,000 करोड़ रुपये की कंपनी सिंगापुर समेत 11 देशों में फैली हुई है। कंपनी न सिर्फ कचरा रिसाइकिल करती है, बल्कि उससे टाइल्स, खाद, पॉलीबैग, बिजली समेत अन्य उत्पाद बनाती है। रीसस्टेनिबिलिटी लि. हैदराबाद के जवाहर नगर स्थित अपने प्लांट में हर दिन 2,500 से 3,000 टन कचरे से बिजली बनाती है। इसके अलावा, वह अमेरिकी कंपनी रेल्डन के साथ संयुक्त उद्यम वाले ई-वेस्ट रिफाइनरी में सालाना 20,000 टन ई-कचरा प्रॉसेस करती है।

नई व्यवस्था: केवाईसी डाटा का अब नहीं होगा दुरुपयोग, बढ़ेगी सुरक्षा

न्यूज डेस्क। अपने ग्राहक को जानें यानी केवाईसी। यह एक ऐसा कागजात होता है, जिसकी अमूमन दुरुपयोग की खबरें आती रहती हैं। लेकिन नए साल से अब इस तरह की जालसाजी से सुरक्षा मिलेगी। अपने ग्राहक को जानें यानी केवाईसी। यह एक ऐसा कागजात होता है, जिसकी अमूमन दुरुपयोग की खबरें आती रहती हैं। लेकिन नए साल से अब इस तरह की जालसाजी से सुरक्षा मिलेगी।

सरकार लगातार बढ़ रहे केवाईसी डाटा के दुरुपयोग को रोकना चाहती है। इसके लिए सेंट्रल नो योर कस्टमर (सीकेवाईसी) के साथ डाटा सुरक्षा के संबंध में कई उपाय प्रस्तावित किए हैं। इसमें दो प्रमुख उपाय हैं। इसमें पैन, आधार, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि आते हैं। दूसरा...यूनिक आईपी एड्रेस। इन दोनों के जरिये आपके सारे विवरण को छुपा कर रखा जाएगा। पहले आपके सारे विवरण कोई भी मध्यस्थ देख या खोज लेता था। अब ऐसा संभव नहीं होगा। बैंकों, वित्तीय संस्थानों, अनिवार्य रूप से विनियमित संस्थाओं (आरई) ने सरकार द्वारा इन उपायों को बहुत तेजी से लागू करने पर चिंता व्यक्त की है और समय सीमा बढ़ाने की अपील की है। इसलिए, सीकेवाईसी ने केवाईसी पहचानकर्ता दस्तावेजों को छिपाने की समय सीमा 16 दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर 20 जनवरी, 2025 कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत केवाईसी जैसे आधार, पैन, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के अंतिम चार अंक ही संबंधित संस्थान देख पाएगा। बाकी के सारे अंक छुपे रहेंगे।

प्राथमिकता क्षेत्र के कर्ज ढांचे में सुधार की जरूरत

भारत में एआई पर अधिक निवेश करेगी एनटीटी डाटा

दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लिए ऋण ढांचे में सुधार की जरूरत बताई है।

इसने उभरते क्षेत्रों और डिजिटल बुनियादी ढांचे, हरित पहल, स्वास्थ्य सेवा जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों को इसमें शामिल करने का सुझाव दिया है। सीआईआई का कहना है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक जैसे संस्थानों की भूमिकाएं निर्धारित हैं, क्योंकि उन्होंने वित्तपोषण के लिए क्षेत्रों को चिह्नित किया है। प्राथमिकता क्षेत्र के कर्ज के नियमों के संशोधन पर विचार करने और कुछ नए व उभरते क्षेत्रों को पूरा करने के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाने की जरूरत है। आज कृषि क्षेत्र जीडीपी में 14 फीसदी योगदान देता है, लेकिन इसका प्राथमिक क्षेत्र कर्ज आवंटन 18 फीसदी पर बना है। यह तब से अपरिवर्तित है, जब इसका योगदान 30% से अधिक था। जापान की प्रौद्योगिकी कंपनी एनटीटी डाटा भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की तैयारी में है। वह एआई व डिजिटल समाधान में और अधिक निवेश कर भारत में परिचालन बढ़ाएगी। भारत अपनी इथेनॉल आपूर्ति व लिपिड फीडस्टॉक्स जैसे गैर-खाद्य औद्योगिक तेलों की उपलब्धता के चलते टिकाऊ विमानन ईंधन का प्रमुख उत्पादक बन सकता है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) में शुद्ध शून्य रूपांतरण के निदेशक हेमंत मिस्त्री ने कहा, भारत के लिए इस समय कुछ बहुत अच्छे अवसर हैं। टिकाऊ विमानन ईंधन के लिए जरूरी तंत्र विकसित हो गया है, लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है।

खेल, मनोरंजन

चैंपियंस ट्रॉफी- भारत-पाकिस्तान की मैच 23 फरवरी को होगा

ICC ने न्यूट्रल वेन्यू दुबई चुना; भारत सेमीफाइनल-फाइनल में पहुंचा तो ये मुकाबले भी यहीं होंगे

स्पोर्ट्स डेस्क। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात को चुना गया है। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान का मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी और मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच हुई बैठक के बाद दुबई को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। जबकि फाइनल 9 मार्च को लाहौर में होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होगा। बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है। भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा। जबकि आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल (4 और 5 मार्च) व फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है।

15 में से 5 मैच UAE में होंगे 8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है। हालांकि अभी तक शेड्यूल का ऐलान नहीं किया है। भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच UAE में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं। PCB ने मीटिंग में 4-5 मांगें रखीं, लेकिन ICC ने ज्यादातर मांगों को ठुकरा दिया। वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडिया : टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

पाकिस्तान ने 36 रन से जीता तीसरा वनडे

***साउथ अफ्रीका में पहली बार क्लीन स्वीप किया**

जोहान्सबर्ग। पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 36 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही है।

जोहान्सबर्ग में रविवार को खेले गए इस बारिश से प्रभावित मुकाबले का फैसला DLS मैथड से हुआ। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रन पर ऑलआउट हो गई। सईम अयूब प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 101 रन की शतकीय पारी खेली। 2 कैच पकड़े और एक विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ उसी के घर में पहली पर क्लीन स्वीप किया है। टीम ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में लगातार तीसरी सीरीज जीती है। पाकिस्तानी ओपनर अब्दुल्लाह शफीक सीरीज में कोई रन नहीं बना सके। वे तीनों मैचों में शून्य पर आउट हुए। 3 मैचों की सीरीज में ऐसा पहली बार हुआ। सईम की सेंचुरी, बाबर-रिजवान ने फिफ्टी जमाई टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर सईम अयूब ने बाबर आजम के साथ मिलकर टीम को 100 रन का आंकड़ा पार कराया। फिर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, आग सलमान ने 48 और तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया। साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट मिले। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश के हिस्से एक-एक विकेट आए। क्लासेन की फिफ्टी, यानसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी 308 रन का संशोधित टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से टॉप-5 विकेट के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

खबरों के गलियारे से ... -कैलाश यादव

आखिर कब थमेगा भ्रष्टाचार का तूफान...

राजनांदगांव जिले से एक सनसनीखेज मामले को पुलिस आरक्षक ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में धांधली को उजागर करते हुए आत्महत्या कर ली। पुलिस आरक्षक की लाश रामपुर घोरदा इलाके में एक पेड़ पर लटकी मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब आरक्षक के शव को फंदे से उतारा तो उसकी हथेली पर पेन से लिखा सुसाइड नोट मिला, जिसने खैरागढ़ में पुलिस भर्ती प्रक्रिया घोटाला मामले का बड़ा खुलासा किया है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि एक पुलिस आरक्षक ने जो भ्रष्टाचार को आइना दिखाया, उसकी तह तक जांच होनी चाहिए ताकि किसी भी भर्ती में धांधली न हो न कोई आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाए। आखिर कब थमेगा भ्रष्टाचार का तूफान जो निर्देशों की जान ले रहा है।

क्या कांग्रेस के प्रदर्शन से अपराध घट जाएंगे ...

सभी जानते हैं छत्तीसगढ़ में अपराध और नशाखोरी संभाले नहीं संभल रही है। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो भाजपाई कोसते थे, अब भाजपा सत्ता में है तो कांग्रेस अपराध को लेकर कोस रहे हैं। कोसना बढ़ते अपराध का समाधान नहीं है, ये सभी जानते हुए भी राजनीति चमकाने के लिए अपराध का क्रीम चेहरा चमकाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि क्या कांग्रेस प्रदर्शन और घेराव करेगी तो अपराध कम हो जाएंगे? ये किसी नेता की गारंटी है और न ही वादा या दावा है जिसे लेकर युवा कांग्रेस के नेता बड़ा प्रदर्शन करने का दावा कर रहे है, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। 23 दिसंबर को सीएम हाउस घेराव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष, पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत सभी प्रमुख नेता और प्रदेशभर से हजारों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होंगे। 24 दिसंबर को बिलासपुर में नशे के खिलाफ हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

हमारे नेता, उनके नेता...

नगर निगम चुनाव की आहट सुनते ही टिकट के दावेदारों के कान खड़े हो गए है। टिकट पक्की करने के चक्कर में अपने से बड़े नेता के पजामे का नाड़ा ढीला करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। राजधानी में 70 वार्डों में भाजपा के और कांग्रेस के 140 का भाग्य यहां टकराने वाला है। चुनाव से पहले ही नेताओं में हमारे नेता उनके नेता की होड़ लगी हुई है। न जाने इनको योगी का डायलॉग क्यों पसंद नहीं आता है एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। बल्कि वो तो अंग्रेजों की नीति की तरह फूट डालो और राज करो की नीति से टिकट पाने के लिए अपने ही नेता को हमारे नेता उनके नेता कहकर बांटने में लगे हुए हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि जब तक स्वार्थ की राजनीति से उपर नहीं उठोगे बड़े नेता नहीं बन पाओगे। बड़े नेता बनने के लिए शालीनता और उसकी स्वीकार्यता को पहचानना होगा, तभी बड़े नेता आपको आगे बढ़ाने में आपका सपोर्ट करेंगे। किसी के घर में सब्जी, भाजी, राशन पहुंचने से कोई नेता नहीं बनता। एक बानगी देखिए भारतीय राजनीति की आंबेडकर को हराने वाले नेहरू जी के दूधवाले थे। जो लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच कर बाबा आंबेडकर को अमर कर दिए उनकी स्वीकार्यता आज भी प्रासंगिक है।

लड्डू किसी और का, खा गया कोई और...

भाजपा द्वारा गरियाबंद जिले में हाल ही में किए गए मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। उमाशंकर को फूल मालाओं से लादकर मुंह मीठा कराने के साथ सोशल मीडिया में बधाई तक दे दी गई। लेकिन अगले दिन प्रभारी ने बंद लिफाफा से भगवानो बेहेरा का नाम खोल दिया। विशेष रूप से झाखरपारा और फिंगेश्वर मंडल में कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष है। झाखरपारा में उमाशंकर को मंडल अध्यक्ष बनाने का ऐलान पहले ही किया गया था, लेकिन अंतिम समय में भगवानो बेहेरा का नाम घोषित कर दिया गया, जिससे माली समाज के नेताओं में नाराजगी है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि हमने ही बनाया है हम ही सवारेंगे के नारे को शायद मंडल वाले भूल गए है, ये मान कर चले कि अब आपके नाम कटते ही आपके संवरने के दिन आ गए है। पार्टी कुछ बड़ा सोच रही है क्योंकि अधिक सदस्यता वाली पार्टी में ऐसे छोटी मोटी बात होते रहती है।

बधाई हो बधाई...आज मेरे यार की शादी वालों का क्या होगा...

अब तक आपने अग्नि के फेरे लेकर, काजी से कबूलनामा कराकर, पादरी के सामने या कोर्ट में शादी होते देखा होगा, लेकिन रायगढ़ जिले में प्रेमी जोड़े ने संविधान की शपथ लेकर शादी की है। यह मामला कापू गांव का है, जहां यमन लहरे और प्रतिमा महेश्वरी ने संविधान की शपथ लेकर गुरु घासीदास जयंती पर शादी की है। इस शादी की चर्चा छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में हो रही है। इस अनोखी शादी में न सात फेरे हुए और न ही बैंड बाजा बजा और न ही कोई मंत्रोच्चार, क्योंकि यह शादी सामान्य तरीके से वरमाला पहनाकर और संविधान के निर्माता बाबा साहब आंबेडकर के चित्र के सामने संविधान की शपथ दिलाकर संपन्न हुई है। खबरों के गलियरे में चर्चा है कि इनका दाम्पत्य जीवन संविधान की तरह पवित्र होगा, जो करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा दायक होकर फिजूलखर्ची और डीजे की लड़ाई झगड़े की झंझट से मुक्ति मिलेगी। यह पीढ़ी वाकई समाज में आदर्श बने यही हमारे समाजसेवियों की इच्छा है। संविधान मन की वस्तु नहीं बल्कि दिल की गहराइयों तक स्वीकारने की गीता है। जो जीवन को सदमार्ग पर चलाकर भावी भारत के विकास का मार्ग को प्रशस्त करेगा।

घर वापसी का नया फंडा...

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से इस्तीफा देकर निकले नेताओं की फिर से कांग्रेस में वापसी होने जा रही है। वहीं कांग्रेस में प्रवेश लेने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। इसे लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवेश के लिए समिति बनाने का निर्णय अच्छा है। इससे किसी एक नेता की नहीं चलेगी, समिति फैसला लेगी। किसी ने भूल मान लिया तो उसे माफ कर देना चाहिए। वहीं बृहस्पत सिंह के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से माफी मांगने को लेकर अमरजीत भगत ने कहा कि दोनों के बीच अंतरंग संबंध है, हमने करीब से देखा है। उन्होंने इसे लेकर कहा- क्षमा बडऩ को चाहिए, छोटन को उपकार। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि क्या अमरजीत भगत मानते है कि पहले किसी एक का चलता था, पहले भी समिति फैसला लेती थी, और अब भी समिति फैसला लेगी तो क्या आप मानते है घर वापसी के फैसला का स्वागत तो जनता भी करेगी क्योंकि कांग्रेस में बंटते नहीं बांटते है, वही भाजपा में एक है तो सेफ है, न खाएंगे न खाने देंगे के चक्कर में तीसरे को फायदा पहुंचा देते है।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

घटिया डामरीकरण की खुली पोल, उड़ रहा धूल का गुब्बार

- मानकों को दरकिनार कर लाखों कर लिए हजम
- केरेगांव-गटासिल्ली मार्ग पर आवाजाही में परेशानी

नगरी/नवप्रदेश। नगरी अंचल में कई दिनों से मालवाहक दौड़ रहे हैं। सभी रोड अधिक व्यस्त हो चुकी हैं। वहीं केशकाल घाटी में रिपेयरिंग कार्य के चलते रूट चेंज होने के कारण रायपुर से होते हुए उड़ीसा विशाखापट्टनम एवं आंध्र प्रदेश जाने वाली माल गाडि़यां धमतरी से होकर नगरी सिहावा बोराई मार्ग पर चल रही हैं। नगरी ब्लॉक की रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर जगह-जगह एक से डेढ़ फीट गड्ढे हो गए हैं। मालवाहक नगरी बोराई होते धमतरी मार्ग में लोग सफर कर रहे हैं। जहां भारी तादाद मे मालवाहक अधिक चलने से बोराई रोड पर कभी-कभी सड़कों पर जाम की स्थिती बन गई है। इसके चलते सड़क में दो पहिया व छोटी गाडि़यों को चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब हो गई सड़कों पर ओवरलोड मालवाहक गाडि़यों का नगरी क्षेत्र की सड़कों में दबाव बढ़ा है। घटिया डामरीकरण होने से अब वह उखड़ चुकी है, इससे धूल का गुब्बार भी उड़ रहा। लोगों का कहना है कि लाखों रुपए डामीरकरण में खर्च हुए हैं। साथ ही केरेगांव गटासिल्ली घोटगांव बिरगुड़ी सिहावा का रोड का रिपेरिंग ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। मगर वहीं गड़े का डमरीकरण करने के दूसरे डामर उखाडऩा चालू हो गया है।

अब सड़क पर लग रही झाड़ू ग्रामीणों ने सुनाई पीड़ा

महिलाएं द्वारा झाड़ू से साफ -सफाई करते दिखाई दी। देखने से ऐसा लग रहा है कि डामर के कुछ मात्रा ही डाले हैं, जो उखाड़ रहे हैं। साथ वहीं बाईपास हरदीभाठा के ग्रमीण ने बताया कि धूल से रोड किनारे बसे गांव के धूल से भर जाता है। गांव के पेड पौधों साथ ही गांव घर के छानी छज, जो पूरी तरह धूल धूल दिखाई दे रहा है। नगरी सिहावा रोड पर धूल उड़ रहे सड़कों की स्थिती दयनीय हो चुकी है। जगह-जगह बड़के-बड़े गढ्ढे व सड़कों में धूल के गुब्बार से आम ग्रामीणों का सडकों पर चलना मुश्किल हो गया। साथ जिसमें साइकिल और बाइक से चलने वाले लोग आंखों धूल जाने से परेशान हैं। धूल के आंख में खुजली होने लगी है। विभागीय इंजीनियर से जानकारी लेने पर बताया कि अधिक गाड़ी चलने के कारण उखाड़ गया है।

दुकानों की आड़ में खुलेआम शराब की बिक्री

- पुलिसिया संरक्षण में शराब व सटटे का अवैध कारोबार, तस्कर बेखौफ.
- मांई दंतेश्वरी की धर्म नगरी में फल-फूल रहा अवैध कारोबार

रमेश कागदेलवार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर के फरसपाल चौक स्थित कुछ दुकानों में अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा जोरों से चल रहा है। नगर में अवैध शराब की बिक्री व सट्टे का कारोबार किसके संरक्षण में चलता है, यह सब जानते हैं। बीच चौक दुकानों की आड़ में खुलेआम मदिरा प्रेमियों को शराब की बोतल मिल जाती है। जिसे आसपास के बच्चे भी देखते हैं। जिससे बच्चों पर बुरा असर हो रहा है। इसे रोकने की जहमत पुलिस उठाती है न ही आबकारी विभाग का कोई कर्मचारी ही कभी छापा मारने इनके दुकानों में आता है। बालूद, मोटापाल, कटेकल्याण, भांसी, बारसूर आदि गांव में भी खुलेआम बिकती है।

धाम की छवि हो रही धूमिल और पुलिस मौन

गौरतलब है कि मांई दंतेश्वरी की पावन नगरी में शराब व सट्टा फरसपाल चौक के आंगनबाड़ी के पास अवैध कारोबार सालों से फल-फूल रहा है। कुछ लोग शक्तिपीठ दंतेवाड़ा (धर्म नगरी) की छवि को धूमिल करने में लगे हुए हैं। पुलिस की जिम्मेदारी अवैध शराब बिक्री व सट्टा को रोकने की होती है। मगर दुखद पहलू यह है कि यहां पुलिसिया संरक्षण में ही ये सब कुछ चल रहा है। किस तरह का संरक्षण इन्हें मिलता है यह बताने की यहां आवश्यकता नहीं। इसे रोकने समाज भी कभी सामने नहीं आता। एक सभ्य समाज में शराब, जुआ व सट्टा की कोई जगह नहीं होती।

नाम न छापने की शर्त पर विभागीय कर्मचारी ने यह बताया

नाम ना छापने की शर्त में विभाग के कर्मचारी ने बताया की नए जिला आबकारी अधिकारी जिला मुख्यालय में नहीं रहते जगदलपुर से आना जाना करते हैं। हम तो कार्रवाई करना चाहते हैं। पर हम भी मजबूर है। आबकारी विभाग से कोई कारवाई की उम्मीद भी नही है। हाल ही में दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली के नगर निरीक्षक विजय पटेल का स्थानांतरण दंतेवाड़ा थाने से गीदम कर दिया गया है। उनके स्थान पर गीदम टीआई धनन्जय सिन्हा को दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली में पदस्थापना की गई है। देखना होगा कि नये कोतवाल साहब इस सामाजिक बुराई के मुद्दे पर कुछ कर पाते हैं या फिर वैसा ही चलता रहेगा, जैसा दशकों से चला आ रहा है। जिला प्रशासन को कड़ी कारवाही की जानी चाहिए।

गली-मोहल्ले की दुकानों पर बिक रही अवैध शराब

इसके बावजूद कुछ लोग अन्य इलाकों से आकर फरसपाल चौक स्थित दुकानों को किराए पर लेते हैं। दुकानदारी के नाम पर अवैध कारोबार करते हैं। फरसाल चौक स्थित तीन से चार दुकानों में शराब बेचने का धंधा लंबे समय से चल रहा है। इसकी पूरी जानकारी पुलिस महकमे को भी है। शिकायत पर पुलिस यदा कदा खानापूर्ति कर अ ना फर्ज निभा चली जाती है। कुछ दिनों बाद पुनः शराब बेचने का काम शुरू हो जाता है। ये लोग लाईसेंसी दुकानों से ज्यादा मात्रा में शराब की बोतलें लेकर आते हैं और अपनी दुकानों में रखकर सुबह से देर रात तक उंचे दाम पर बेचते हैं और मुनाफा कमाते हैं।

वार्डवासी बोले, शराबी करते हैं लड़ाई-झगड़ा

वार्डवासियों का कहना है कि मना करने पर लड़ाई झगड पर उतारू हो जाते हैं। शिकायत पर पुलिस भी कोई सख्त कारवाई नहीं करती है। नगर का हरेक व्यक्ति को मालूम है कि चौक में किन किन स्थान पर शराब की बोतल मिलती है तो क्या पुलिस या आबकारी विभाग को जानकारी नहीं होगी।

नेता और अधिकारियों का संरक्षण

आवश्यकता है एक ईमानदार और सख्त कारवाई की ताकि सभ्य समाज में इस तरह के अनैतिक व अवैध कारोबार पर रोक लग सके। अवैध शराब की बिक्री पर कारवाई की जिम्मेदारी अकेले पुलिस की नहीं होती। बल्कि सबसे ज्यादा जिम्मेदारी तो आबकारी विभाग की होती है। मगर जिले में आबकारी विभाग तो कहीं दिखाई ही नहीं पड़ता। ये हमेशा कुंभकर्णी नींद में सोए रहते हैं नेता, अधिकारी का भी संरक्षण मिला है, इसलिए भी हाथ डालने से डरते है।

गांव में बाघ के बाद अब मगरमच्छ

- वन विभाग की टीम ने तालाब में छोड़ा
- हाल ही में मरवाही वन क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से मचा था हड़कंप
- गांव में भटक कर पहुंचे मगरमच्छ का रेस्क्यू

कोरबा/रायपुर/नवप्रदेश। जिले के पसान और मरवाही वन परिक्षेत्र में एक बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं एक गांव में भटकते पहुंचे मगरमच्छ को सुरक्षित खूंटाघाट बांध में लाकर छोड़ा गया। वनमंडल अधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने बताया कि बाघ फिलहाल इन क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और जंगल में न जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

मालूम हो कि मध्यप्रदेश के मंडला जिले के कान्हा नेशनल पार्क से 6 टाइगर निकले हैं, जो पिछले महीने से छत्तीसगढ़ के अभयारण्यों में विचरण कर रहे हैं। इनमें से चार भोरमदेव अभयारण्य और दो के अचानकमार टाइगर रिजर्व इलाके में होने की जानकारी वन विभाग ने दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पसान में नजर आया बाघ उनमें से ही एक है। कुछ दिन पहले यह मरवाही डिवीजन में देखा गया था, जहां उसने एक मवेशी का शिकार भी किया था। शनिवार रात बाघ ने फिर एक मवेशी का शिकार किया, जिसकी तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं।

बाघ का मूवमेंट पसान, मरवाही, पाली और चैतमा के बीच देखा गया है। इधर, पसान वन परिक्षेत्राधिकारी समेत सभी क्षेत्रीय वनकर्मी गांव-गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क कर रहे हैं। बाघ की गतिविधियों को लेकर वन विभाग सतर्क है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल में न जाएं और सावधानी बरतें, क्योंकि बाघ की मौजूदगी से जोखिम बढ़ सकता है। दूसरी ओर, शनिवार रात ग्राम शिवपुर में एक तालाब से निकलकर सड़क के किनारे आए मगरमच्छ को ग्रामीणों ने पकड़ा। इसे बांधकर सुबह वन विभाग को सौंप दिया गया। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर खारंग जलाशय, खूंटाघाट रतनपुर में छोड़ा।

गांजा तस्करी में कांग्रेस के पूर्व विधायक का नाम

रायपुर/नवप्रदेश। गांजा तस्करी में कांग्रेस के पूर्व विधायक के बेटे का नाम सामने आने पर मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नेचर रहा है आपराधिक गतिविधियों, शराब माफिया, गांजा तस्करों को संरक्षण देना. कई क्षेत्रों में जब उनकी सरकार थी तो खुलेआम सट्टाबाजी कराया। अब कांग्रेस के पूर्व विधायक के बेटे का गांजा तस्करी में नाम आया है। ये शुरुआत है। आगे और ऐसे मामले बाहर निकलेंगे. आरक्षक भर्ती मामले में पीसीसी चीफ दीपक बैज के जांच की मांग पर मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार किया है। मंत्री कश्यप ने कहा, आरक्षक की मौत के मामले में 4 लोगों पर कार्रवाई हुई है। दीपक बैज को पिछले 4 साल में हुए घोटालों पर जांच की बात करनी चाहिए. उनके लोगों को जेल में भरने की बात करनी चाहिए। जब उनकी सरकार थी तब ऐसे लोगों को संरक्षण देने का काम किया. कानून सबके लिए बराबर है. गृह मंत्री मुस्तैदी से काम कर रहे है।

होम्योपैथी का सेमीनार का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। शंकर नगर के सिंधु पैलेस में 2 दिवसीय होम्योपैथी का सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे होम्योपैथी से जुड़ी भ्रांतियों की जैसे कि होम्योपैथी धीरे काम करती है इसमें परहेज बहुत है जैसे चीज़ों के बारे में सकारात्मक जानकारी दी गई ये कार्यक्रम होम्योपैथी रिसर्च एंड डेवेलपमेंट असोसिएशन एवम होम्योपैथी की विश्व प्रसिद्ध कंपनी स्क्चरु और Wheezel कंपनी के तत्वाधान में किया गया ये अब तक का सबसे बड़ा होम्योपैथी सेमिनार साबित हुआ इस कार्यक्रम में मुंबई से होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ मयूर महाजन,डॉ सुनील घोड़के एवम डॉ अमोल राणे एवं रायपुर से डॉ विजय शंकर मिश्रा ,वरिष्ट होम्योपैथी डॉ

मधु सूडान पुरोहित डॉ आशिष बिसेन ,डॉ नर्सिंग साहू SBL Pvt Ltd कंपनी से , मुकेश कोठारी ,कुमार गौरव,विंध्याचल शाह,अनूप मिश्रा,रोहित तिवारी,प्रिंस दुबे ,व्हीजेल कंपनी से एस एस सोनी ,अमित दुबे ब्रजेश यादव उपस्थित थे । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जैसवाल, बी जे पी से संगठन महामंत्री पवन साय ,आयुष विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ पी पात्रा आदि उपस्थित थे।

मंदिर से लाखों रुपए का कलश पार

रायपुर/नवप्रदेश। लाभांडी दिगम्बर जैन मंदिर में सोने-चांदी का कलश पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रासु जैन 42 वर्ष रोमांस क्यु वीला लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने दिगम्बर जैन मंदिर का ताला तोड़कर सोने-चांदी का कलश पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मरीन ड्राइव के पास कैफे में लगी आग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव, तेलीबांधा के सामने स्थित एक कैफे में सोमवार की सुबह आग लग गई। सिप एंड बाइट कैफे में आग लगने से धुंआ बाहर आने लगा, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, तेलीबांधा तालाब के सामने सिप एंड कैफे में सोमवार सुबह आग लग गई। कैफे से बाहर आ रहे धुंए को देखने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस और दमकल की एक वाहन भी पहुंच गई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है. दमकल की वाहन आग बुझाने में जुटी हुई है। दुकान के ऊपर अस्पताल है, आग लगने से हड़कंप मच गया है।

सीआरपीएफ के जवान ने लगाई फांसी

बिलासपुर-रायपुर। न्यायधानी बिलासपुर में एक सीआरपीएफ कांस्टेबल ने खुदखुशी कर ली है। बैरक में जवान का लटका हुआ शव मिला है। घटना से विभाग में हड़कंप मच गया है। मामला भरनी सीआरपीएफ कैंप का है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक,भरनी सीआरपीएफ कैंप में सोमवार को एक सीआरपीएफ कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बैरक में जवान का लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक कांस्टेबल असम का रहने का वाला था। खुदखुशी का कारण फिलहाल सामने नहीं आ पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

न्यायिक सेवा भर्ती : दिव्यांगों को अब मिलेगा एक प्रतिशत आरक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। न्यायिक सेवा में सीधी भर्ती में दिव्यांगों को दिए जाने वाले आरक्षण में राज्य सरकार ने बदलाव किया है। सरकार ने दिव्यांगों को 1 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इसको लेकर बाकायदा राज्य सरकार की तरफ से नोटिफि केशन भी जारी कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने दिव्यांगों को सरकारी नौकरी में दिए जाने वाले आरक्षण में बदलाव किया है। इसके लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 संशोधन किया है। राज्य सरकार की तरफ से जारी आदेश के अनुसार यह बदलाव राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किया गया है। इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों के लिए चार प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित होंगी।

राज्य सरकार ने किया बदलाव

आरक्षण पाने की ये है पात्रता

(क) अल्प दृष्टि और दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत, (ख) बधिर को छोड़कर श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत, (ग) चलन, निःशक्तता, कुष्ठ रोग से मुक्त, बौनापन, तेजाब आक्रमण से पीड़ित, प्रमस्तिष्क घात और पेशीय दुष्पोषण वाले व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत, (घ) प्रत्येक दिव्यांगता के लिए पहचान किये गये पदों में खण्ड (क) से खण्ड (ग) के अधीन व्यक्तियों में से स्वपरायणता और बहु दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत।, (ङ) सेवा में भर्ती में संदर्भित दिव्यांगजनों के लिए, दिव्यांगता का प्रतिशत इस संबंध में समय-समय पर जारी राज्य सरकार के कार्यकारी निर्देशों, नियमों, परिपत्रों के अनुसार होगा।

इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि जहां किसी भर्ती वर्ष में संदर्भित दिव्यांगता वाले उपयुक्त व्यक्ति की अनुपलब्धता के कारण या किसी अन्य पर्याप्त कारण से, यदि कोई रिक्ति भरी नहीं जा सकेगी, तो ऐसी रिक्ति, पश्चात्वर्ती भर्ती वर्ष में अग्रनीत होगी। यदि पश्चात्वर्ती भर्ती वर्ष में भी उपयुक्त संदर्भित दिव्यांगजन उपलब्ध नहीं होते है, तो पहले यह चार प्रवर्गों में से अदला-बदली द्वारा हो सकेगी। केवल जब उक्त वर्ष में भी उस पद, के लिए दिव्यांगजन उपलब्ध नहीं होता है, तो नियोक्ता, दिव्यांगजन से भिन्न किसी व्यक्ति की नियुक्ति द्वारा रिक्ति को भर सकेगा। यह और कि यदि किसी स्थापना में रिक्तियों की प्रकृति ऐसी है, कि दिये गये प्रवर्ग के व्यक्ति को नियोजित नहीं किया जा सकता, तो ऐसी रिक्तियों को समुचित सरकार के पूर्व अनुमोदन से उक्त चार प्रवर्गों में अदला बदली की जा सकेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654